नई दिल्ली
रविवार, 3 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 110
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 32
न्यून. 28



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com





### विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि वह इस तरह के किसी भी घटनाक्रम से परिचित नहीं हैं

# भारतीय कंपनियों की रूस से तेल खरीद रोकने का ट्रंप का दावा हुआ खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे हुए रूस से सस्ते दामों पर की जा रही भारत की तेल की खरीद पर जुर्माना लगाने को आतुर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को उस वक्त काफी खुश नजर आए, जब उन्हें यह पता चला कि अब भारतीय कंपनियां ऐसा नहीं कर रही हैं यानी उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर रोक लगा दी है। लेकिन ट्रंप की ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं चली। क्योंकि भारत ने ऐसे किसी घटनाक्रम से परिचित होने से साफ तौर पर इंकार कर दिया। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि उन्हें रूस से किए जा रहे तेल के आयात पर किसी तरह की रोक लगने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मामले पर हालांकि अभी तक मंत्रालय ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने 14 जुलाई को रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शत-प्रतिशत (100 फीसदी) टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जिसमें अगर के साथ रूस की यूक्रेन से एक बड़ा शांति समझौता करने की शर्त भी शामिल थी।

**14 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी थी रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी**





### ट्रंप ने बताया 'अच्छा कदम'

अमेरिकी राष्ट्रपति ने वाशिंगटन डीसी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं समझता हूं कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। मैंने खबरों के माध्यम से यही सुना है। लेकिन मुझे नहीं पता कि वो सच हैं या झूठ। जो भी हो रूस से तेल खरीदने पर रोक लगाना एक अच्छा कदम (गुड स्टेप) है। हम देखेंगे की क्या होता है? ट्रंप का यह बयान अमेरिका द्वारा 7 अगस्त से भारतीय चीजों के निर्यात पर 25 फीसदी पारस्परिक टैरिफ लगाने और रूस से की जारी तेल खरीद पर अतिरिक्त ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय हितों की अहम भूमिका

इन सबके बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में इस विषय पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा था कि भारत के तेल खरीद से जुड़े हुए राष्ट्रीय दृष्टिकोण के बारे में सभी जानते हैं। लेकिन यहां मैं यह कहना चाहूंगा कि मामले को लेकर भारत बाजार में मौजूद संसाधनों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई स्थिति पर नजर रखते हुए उसके आधार पर ही फैसला करता है।

### मामले पर आई खबरों का सार

भारत की रूस से तेल खरीद पर रोक लगाई जाने वाली कई खबरें मीडिया की सुर्खियों में रही हैं। जिनमें यह दावा किया गया है कि बीते सप्ताह से भारत की कई तेल कंपनियों ने मॉस्को द्वारा इस संबंध में दी जाने वाली छूट को घटाकर कम करने की वजह से अपनी तेल खरीद को बंद कर दिया है। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति भी नई दिल्ली द्वारा रूस से जारी तेल खरीद से खुश नहीं हैं। जिसके चलते कंपनियों ने रूस से तेल खरीदने पर फिलहाल विराम लगा दिया है। रॉयटर्स अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में ये दावा किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 16 अगस्त से खुलेगा प्रसिद्ध अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन स्थित प्रसिद्ध अमृत उद्यान 16 अगस्त से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। इस अवधि के दौरान, उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। अंतिम प्रवेश शाम सवा पांच बजे होगा। रखरखाव के कारण यह सभी सोमवार को बंद रहेगा।



### पुरी में आग के हवाले की गई लड़की की मौत

**नई दिल्ली।** ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने बताया कि पुरी जिले में एक पखवाड़े पहले तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा कथित तौर पर आग के हवाले कर दी गई 15 वर्षीय लड़की की एम्स, दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरी जिले में भार्गवी नदी के तट पर 19 जुलाई की सुबह तीन अज्ञात लोगों ने लड़की का अपहरण कर उसे आग लगा दी थी।



### नीट पीजी आज, एडमिट कार्ड के बिना नो एंट्री

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज 3 अगस्त को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर यानी नीट पीजी 2025 का आयोजन करेगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। छात्रों को समय से एक घंटा पहले एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा।



### ट्रंप के 'टैरिफ वार' के बीच पीएम मोदी ने 54 मिनट के भाषण में भारत को दिया अहम संदेश, अमेरिका को दिया करारा जवाब

# हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे, हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा वह स्वदेशी ही होगा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले भारत पर 25 फ़ीसदी का टैरिफ लगा दिया था, उस घोषणा के साथ ही उन्होंने दावा किया था कि रूस की तरह भारत की इकोनॉमी भी डेड हो चुकी है। लेकिन अब वाराणसी की धरती से पीएम मोदी ने बिना नाम लिए डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को काशी दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने 2200 करोड़ की 52 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

साथ ही जनसभा को संबोधित करते हुए स्वदेशी का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। देश के लोग स्वदेशी का संकल्प लें। हम उन चीजों को खरीदेंगे जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी देश के लोगों को लेनी होगी। ये बातें शनिवार को सेवापुरी सेवापुरी के गांव बनौली में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कही। पीएम ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पीएम की अपील

- दुकानदार संकल्प लें कि हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे
- दिवाली आएगी, त्योहारों में हर पल स्वदेशी ही खरीदेंगे
- भारत में ही शादी करें स्वदेशी का भाव भविष्य तय करेगा और यह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि होगी
- जल्द ही 'मेड इन इंडिया' हथियार भारतीय सेना की रीढ़ बनेंगे

*पीएम ने कहा कि दुनिया के सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अब भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना होगा। किसान, हमारे लघुउद्योग और रोजगार हमारे लिए सर्वोपरि है*

**हम उन चीजों को खरीदेंगे जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है**



### ऑपरेशन सिंदूर बाबा और मां की कृपा से पूरा हुआ

अपने भाषण की शुरुआत ओम नमः पार्वती पतये, हर हर महादेव के जयघोष से करते हुए प्रधानमंत्री ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की याद दिलाई, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर महादेव और मां गंगा के आशीर्वाद से ही सफल हो पाया है। मैंने अपनी बहनों के सिंदूर का बदला ले लिया, जो कहा था वह किया।

### देश के 9.70 करोड़ किसानों को मिला लाभ

पीएम मोदी काशी से दूसरी बार देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी किया। इस बार 20,500 करोड़ रुपये की धनराशि किसानों के खाते में भेजी गई। इसका लाभ काशी के 2.21 लाख किसानों को भी मिला। इससे पहले उन्होंने 18 जून 2024 को 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी थी।

### यूपी में बनेंगे सेना के हथियार

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में मिसाइलें और सेना के हथियार बनाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है तब से यहां निवेशकों का आकर्षण बढ़ा रहा है। आने वाले दिनों में यूपी में ऐसी कई कल-कारखाने बनेंगे, जहां देशवासियों का हुनर दिखेगा। यहीं पर सेना के हथियार बनाए जाएंगे। इससे यूपी में और रोजगार बढ़ेंगे।

**विपक्ष को भी लिया आड़े हाथ**

### मोदी की कोई योजना बंद नहीं होगी

पीएम मोदी ने अपने भाषण में विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग अक्सर कहते थे कि मोदी की योजनाएं एक दिन बंद हो जाएंगी। मैं काशी के मालिकों से पूछना चाहता हूं कि क्या भाजपा की कोई भी सरकारी योजना बंद हुई क्या? मोदी सरकार को लेकर सपा-कांग्रेस लगातार अफवाहें ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत ने अस्वीकार किया 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' का यमन की यात्रा का अनुरोध

# निमिषा प्रिया को बचाने यमन नहीं जा सकेंगे एक्शन काउंसिल के 5 सदस्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में दी गई फांसी की सजा पर रोक लगाने की चर्चा इन दिनों देश-विदेश में जोरों पर है। पहले मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम मुसलियार ने मामले में दखल देकर कुछ सफलता हाथ लगने का दावा (गलत साबित हुआ) किया था। तो वहीं, अब 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' नामक एक परिषद ने इस संबंध में विदेश मंत्रालय से अपने पांच सदस्यीय दल को यमन की यात्रा करने का अनुरोध किया। जिसे मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। इसके अलावा भारत की तरफ से कभी भी निमिषा को दी गई फांसी की सजा के रद्द होने की बात नहीं कही गई है। सरकार ने केवल यही कहा है कि इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। मामले पर कड़ी निगरानी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अनुरोध खारिज करने की वजह

मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में यमन में बने हुए तनावपूर्ण सुरक्षा हालात के बीच भारत ने अपना दूतावास वहां से सऊदी अरब की राजधानी रियाद में स्थानांतरित किया हुआ है। ऐसे में मंत्रालय के समक्ष यमन में इन लोगों की सुरक्षा और कल्याण चिंता का एक बड़ा मुद्दा है। यमन की राजधानी में भारत की कूटनीतिक रूप से कोई मौजूदगी नहीं है। बीते कुछ महीनों से सना में सुरक्षा हालात काफी खराब हैं। क्षेत्रीय घटनाक्रम भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ऐसे में वहां की यात्रा में सुरक्षा, चिंता का एक बड़ा मुद्दा है। मंत्रालय ने कहा कि अभी मामले में मृतक तलाल अब्दो महदी और निमिषा प्रिया के परिजनों व उनके द्वारा अधिकृत लोगों के बीच ही संवाद की प्रक्रिया चल रही है।

### यमन में 2017 में दी गई थी फांसी

गौरतलब है कि निमिषा प्रिया को वर्ष 2017 में यमन के नागरिक तलाल अब्दो मेहदी की हत्या के आरोप में वहां की एक स्थानीय अदालत द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी। जिस पर बाद में यमन की शीर्ष न्यायिक परिषद ने 2023 में जस का तस बरकरार रखा। यमन के राष्ट्रपति ने भी निमिषा प्रिया की फांसी की सजा को लेकर अपनी मंजूरी दे दी है। जिसके बाद उन्हें पिछले महीने 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी। लेकिन भारत सरकार के ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अपने घर में दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया**

### एक दिन पहले ठहराए गए थे दोषी

# पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद की सजा हुई

एजेंसी ▶▶ बंगलुरू

एक दिन पहले दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा मिली है। उन पर कर्नाटक के मैसूर में मौजूद केआर नगर की एक घरेलू सहायिका ने केस दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के 14 महीने बाद यह फैसला सुनाया गया है। विशेष अदालत के जज संतोष गजानन भट्ट ने सजा का ऐलान किया। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म के चार मामले दर्ज हैं। मामला 48 वर्षीय महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले में रेवन्ना के परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पौत्र रेवन्ना 2021 में हासन के फार्महाउस और बंगलुरू में अपने घर में महिला के साथ दो बार दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। उसने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर लिया था। साथ ही ▶▶ शेष पेज 5 पर



**साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने किया बड़ा दावा**

### मालेगांव ब्लास्ट केस में नया खुलासा

# पीएम मोदी और सीएम योगी को भी फंसाने की थी साजिश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने जांच कर रहे अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य का नाम लेने के लिए उन पर दबाव डालने की कोशिश की थी। प्रज्ञा ठाकुर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने मुझसे कई लोगों के नाम लेने को कहा, जिनमें राम माधव भी शामिल हैं। यह सब करने के लिए उन्होंने मुझे प्रताड़ित किया। मेरे फेफड़े जवाब दे गए, मुझे अस्पताल में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। मैं गुजरात में रहती थी इसलिए उन्होंने मुझसे पीएम मोदी का नाम लेने को भी कहा। मैंने किसी का नाम नहीं लिया क्योंकि वे मुझे झूठ बोलने पर मजबूर कर रहे थे। प्रज्ञा ठाकुर का दावा उस मामले में आए फैसले के तुरंत बाद आया है जिसमें बयान से पलटने वाले ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 105 लोगों को सुरक्षित बचाया, जबकि 300 से ज्यादा को दी गई चिकित्सा सहायता

# मप्र, राजस्थान और पंजाब में जारी सेना का बाढ़ राहत अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मानसून के दौरान बाढ़ से जूझ रहे मध्यप्रदेश, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों को भारतीय सेना अपने चौबीसों घंटे जारी राहत और बचाव अभियान के जरिए लगातार सहायता प्रदान करने में लगी हुई है। जिसमें अब तक तीनों राज्यों में कुल 105 लोगों को बल ने सुरक्षित बचाया है। जबकि 300 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। सेना ने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उसका यह राहत-बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। मध्यप्रदेश में सेना ने गुना और शिवपुरी जिलों में अपने कॉलम तैनात किए हैं। जिनकी मदद से शनिवार को ▶▶ शेष पेज 5 पर



**भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में दावा**

### क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए

# रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी 5 से 7 अगस्त को होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में दरों में एकमुश्त कटौती से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे जल्दी दिवाली जैसी फीलिंग आ सकती है, क्योंकि वित्त वर्ष 2026 का त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले आंकड़े एक स्पष्ट रुझान दिखाते हैं कि दिवाली से पहले रेपो दर में किसी भी कटौती से त्योहारी अवधि के दौरान ऋण वृद्धि में इजाफा हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2017 में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती से दिवाली के अंत तक 1,956 ▶▶ शेष पेज 5 पर




## राहुल ने अरूण जेटली पर धमकाने की बात कही, भाजपा ने किया पलटवार

### पूर्व वित्तमंत्री दिवंगत जेटली के बेटे रोहन ने राहुल पर कसा तंज

# जेटली का निधन 2019 में हुआ और कृषि कानून 2020 में संसद में पारित हुए, राहुल ने झूठ बोला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी टिप्पणी को लेकर एकबार फिर घिरते नजर आये हैं। दिल्ली में वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव- 2025 को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि 'मुझे याद है जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरुण जेटली जी को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था।' उन्होंने मुझसे कहा था, 'अगर आप सरकार का विरोध करते रहे और कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ते रहे, तो हमें आपके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।' मैंने उनकी तरफ देखा और कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको पता है कि आप किससे बात कर रहे हो। राहुल की इस टिप्पणी पर भाजपा ने निशाना साधा साथ ही जेटली के बेटे रोहन जेटली भी ▶▶ शेष पेज 5 पर



**कांग्रेस नेता ने कहा 'मैं जब कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरुण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था'**

### मेरे पिता कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति, उनका आम सहमति बनाने में विश्वास

वहीं, राहुल गांधी की कृषि कानूनों को लेकर धमकी वाले दावे की अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली ने पोल खेली है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी अब दावा कर रहे हैं कि मेरे दिवंगत पिता अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था। मैं उन्हें याद दिला दूँ कि मेरे पिता का देहांत 2019 में हुआ था। कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरे पिता का स्वभाव किसी को भी विरोधी विचार के लिए धमकाना नहीं था। उन्होंने कहा कि वह एक कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति थे और हमेशा आम सहमति बनाने में विश्वास रखते थे। अगर कभी ऐसी स्थिति आती भी, जैसा कि राजनीति में अक्सर होता है, तो वह सभी के लिए एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुँचने के लिए स्वतंत्र और खुली चर्चा का आह्वान करते थे। वह बस ऐसे ही थे और आज भी उनकी यही विरासत है। मैं राहुल गांधी की सराहना करता हूँ कि वे उन लोगों के बारे में बोलते समय सचेत रहें जो हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने मनोहर पर्रिकर जी के साथ भी कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की, उनके अंतिम दिनों का राजनीतिकरण किया, जो उतना ही घटिया था। दिवंगत आत्मा को शांति मिले।



### 18 कट्टे बरामद, राजस्थान के भरतपुर में चल रही थी फैक्ट्री

# अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ सरगना समेत छह लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने राजस्थान के भरतपुर में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में सरगना समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में हथियारों के रिसीवर भी शामिल है। सरगना बिलाल उर्फ बिल्ला कई मामलों में वांछित रहा है। इस फैक्ट्री से पिछले दो वर्षों में बड़ी मात्रा में सिंगल-शॉट पिस्तौल का निर्माण और आपूर्ति किया जा चुका था।

पुलिस के अनुसार बड़े पैमाने पर अवैध हथियार निर्माण और आपूर्ति करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी अत्याधुनिक देशी हथियारों के निर्माण और वितरण में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से देशी पिस्तौल (कट्टा), राइफल और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न औजारों सहित बढ़री संख्या में हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि द्वारका के बामनोली इलाके में बिलाल द्वारा हथियारों की योजनाबद्ध डिलीवरी के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली थी। संभावित जगह पर जाल बिछाया गया और आरोपी बिलाल को आठ कट्टों और एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। स्कूटी भी पालम गांव थाना एरिया से चोरी की पाई गई। नेटवर्क की आगे की जांच के लिए आरोपी की चार दिन की पुलिस हिरासत प्राप्त की गई। पूछताछ के दौरान बिलाल टीम को भीमा पहाड़ी, डीग, भरतपुर ले गई। 30 जुलाई को उसके बताए गए स्थान पर छापा मारा गया। बिलाल ने अपने एक आपूर्तिकर्ता साहिल (25) निवासी गांव मल्हाका, थाना पहाड़ी, जिला डीग, राजस्थान का नाम भी बताया। इसके बाद साहिल को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से दो कट्टे बरामद हुये। इससे पहले चार व्यक्तियों रविंदर, मुस्ताक, पवन और रहीश को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से प्रत्येक के पास से एक-एक कट्टा बरामद हुआ था। जांच से पुष्टि हुई कि ये हथियार बिलाल द्वारा बनाए गए थे और आरोपी रहीश को दिए गए थे, जिसने फिर इन्हें अपने गिरोह के अन्य सदस्यों में बांट दिया था।

## 10 लाख की ड्रग्स के साथ दो विदेशी पकड़े

नई दिल्ली। गोविंदपुरी में नारकोटिक्स स्क्वाड ने विदेशी ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़ कर दो विदेशी ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 लाख कीमत की एमडीएमए और कोकीन जब्त हुई। इसके अलावा आठ मोबाइल फोन और 10,600 रुपये नकदी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार जिन दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है उनके नाम बर्नाडिन और एजेकील पता चले हैं। इनकी गिरफ्तारी से 36.64 ग्राम कोकीन और 61.16 ग्राम एमडीएमए, एक वजन मशीन, पाउच और ड्रग्स की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद हुई। दरअसल हवलदार धर्मेन्दर को सूचना मिली थी कि गोविंदपुरी की गली नंबर 13 में एक ड्रग्स सिंडिकेट चल रहा है। छापा मारकर दोनों विदेशी ड्रग तस्करों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। मामले की आगे की जांच इस ड्रग सिंडिकेट के पूरे नेटवर्क का पता लगाने पर केंद्रित है। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि ये दोनों भारत में अवैध रूप से रह रहे थे और बेरोजगार थे। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने ड्रग्स की तस्करी शुरू की थी। आरोपी बर्नाडिन आइवरी कोस्ट का रहने वाला है। वह 2019 से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। एजेकिल नाइजीरिया का रहने वाला है। दोनों की पिछली संलिप्तता शून्य पाई गई है।

# पुल प्रहलादपुर का ब्लाइंड मर्डर केस सुलझा, दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पुल प्रहलादपुर पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस सुलझाते हुये दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर शव को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया गया ऑटो-रिक्शा भी बरामद हो गया है। पीटने के लिए इस्तेमाल की गई बेल्ट और प्लास्टिक की रॉड भी जब्त की गई है। पकड़े गये दोनों आरोपियों के नाम गौरव और वेंकटेश उर्फ राजा है।

पुलिस के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति का शव 11 जुलाई को सुबह करीब साढ़े 11 बजे करनी सिंह शूटिंग रेंज रोड, पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र में मिला था। एक केला बेचने वाले ने अपने काम पर जाते समय शव देखा था। मृतक की पहचान करने और मामले को सुलझाने के लिए इंस्पेक्टरों और सब-इंस्पेक्टरों के नेतृत्व में 12 टीमें गठित की थी। एमबी रोड, सूरजकुंड रोड और संगम विहार रोड के लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। राहगीरों, स्थानीय निवासियों और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वरिष्ठ अधिकारियों से फिंगरप्रिंट के मिलान के संबंध में एक विचार प्राप्त हुआ। रामपुरा स्थित फिंगरप्रिंट ब्यूरो द्वारा विश्लेषण के बाद मृतक की पहचान राकेश (35) पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल, निवासी ए-28, अंबेडकर कैंप, मदनगीर के रूप में हुई। मदनगीर क्षेत्र में स्थानीय पूछताछ में पता चला कि मृतक एक पेंटर के रूप में काम करके अपना जीवन यापन करता था। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए हफ्तों तक मदनगीर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एक सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति को वही शर्ट पहने हुए देखा गया जो मृतक ने पहनी हुई थी। पुलिस टीम ने जमीनी स्तर पर पूछताछ की और गौरव उर्फ मुल्ली निवासी डी-1/19 मदनगीर को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि मृतक को वेंकटेश उर्फ राजा ने अपने घर की पहली मंजिल पर पीटा था। वेंकटेश के घर पर छापा मारा गया। एक चश्मदीद ऋतिक दिवाकर से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसके ससुर वेंकटेश और गौरव ने मदनगीर स्थित वेंकटेश के घर पर मृतक राकेश को बेल्ट, प्लास्टिक की रॉड से पीटा और बाद में उसे मुक्कों व लातों से मारा तथा उसका सिर जबरन दीवार पर दे मारा। बाद में वेंकटेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वेंकटेश को संदेह था कि मृतक राकेश के उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। इसके अतिरिक्त आरोपी राजा ने कई बार राकेश को पैसे दिए थे, लेकिन वह उन्हें वापस लौटाने में विफल रहा था। इन दोनों कारणों ने मिलकर राकेश की हत्या की नींव रखी। दोनों आरोपी अंबेडकर नगर थाने के एक एक मामले में पहले भी शामिल रहे हैं।

# महिला को गोली मारने के केस में दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वसंत विहार इलाके में एक महिला को गोली मारने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
आरोपियों के नाम अबुजैर साफी और अमन शुक्ला बताये गये हैं।
पुलिस के अनुसार आरोपियों में से एक के खिलाफ महिला ने गत वर्ष मामला दर्ज करवाया था। उसी का बदला लेने के लिये यह वारदात अंजाम दी गई।
डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि यह घटना 30 जुलाई को तब हुई जब महिला ऑटो में यात्रा करते समय फोन पर बात कर रही थी। तभी काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पीछे से आए और अबुजैर ने कथित रूप से गोली चलाई। गोली महिला के सीने में लगी थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ऑटो चालक रंजीत यादव ने बताया कि एक महिला यात्री को गोली लगी है। महिला को पीसीआर वैन से एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। पीड़िता बसंत लोक में एक सैलून में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत है और उसका इलाज किया जा रहा है।
महिला के बयान के आधार पर वसंत विहार थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) (हत्या की कोशिश) और 3(5) (साझा मंशा) तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि साफी 2024 में मालवीय नगर थाने में दर्ज एक मामले में संलिप्त है, जिसकी शिकायत पीड़िता ने ही की थी। पुलिस ने बताया कि तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज की जांच और सोशल मीडिया के जरिए पुलिस ने पहले 31 जुलाई को अमन शुक्ला को गिरफ्तार किया और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। इसके बाद एक अगस्त को मुख्य आरोपी अबुजैर साफी को गिरफ्तार किया गया। अपराध में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

## जंतर-मंतर पर कल-परसों प्रदर्शन करेंगे पेंशनर

नई दिल्ली। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति देश के 78 लाख पेंशनरों की मांगों को लेकर 4 और 5 अगस्त को जंतर-मंतर पर दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगी। सरकार द्वारा बार-बार न्यूनतम पेंशन बढ़ाने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कदम न उठाए जाने से पेंशनरों में भारी रोष है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से बुजुर्ग पेंशनर सड़कों पर हैं, लेकिन सरकार आज भी हमारी जरूरतों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि हम भीख नहीं मांग रहे, हम अपना हक़ मांग रहे हैं। 7,500 रुपए की न्यूनतम पेंशन, महंगाई भत्ता और मुफ्त चिकित्सा सुविधा। अब हमारी सहनशक्ति की सीमा समाप्त हो गई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उच्च पेंशन से जुड़े निर्णय की ईपीएफओ द्वारा की जा रही मनमानी व्याख्या पर भी सवाल उठाया और कहा कि न्यायालय ने तो हमें न्याय दिया, लेकिन ईपीएफओ की गलत व्याख्या के चलते लाखों पेंशनरों को उनका कानूनी हक नहीं मिल रहा।

# निजामुद्दीन में दुकान मालिक पर चलाई गोली, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के निजामुद्दीन इलाके में शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक दुकान के मालिक पर गोली चलाने का मामला सामने आया है। घायल दुकानदार को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है।
पुलिस केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुटी है। घटनास्थल के आसपास के एरिया में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।
पुलिस के अनुसार सूचना के बाद थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पाया कि किबला परफ्यूम्स नाम की एक दुकान तीन भाइयों फुरकान (32), वसीम (33) और अब्दुल खालिद (30) द्वारा चलाई जा रही थी। सभी निजामुद्दीन निवासी लेफ्टिनेंट दिलशाद के पुत्र है। रात लगभग 10 बजे उनका पूर्व किरायेदार एहसान कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और वसीम से झगड़ा करने लगा। उनमें से एक के पास बंदूक थी और उसने तीन गोलियां चलाई। एक गोली फुरकान के पैर में लगी है। फुरकान को बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।
घटनास्थल का निरीक्षण किया गया जहां से तीन खाली और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जांच में स्पेशल स्टाफ की टीम को भी लगाया गया था। टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों में से एक ने पीड़ित पर गोली चलाई थी। इसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से भी हुई है। दोनों आरोपियों की पहले किसी केस में संलिप्तता नहीं मिली है। कुछ अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## दिल्ली में जनता को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि अब दिल्ली में जन स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है और आने वाले दिनों में दिल्ली की जनता को वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेंगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रति आभार भी जताया है।
बिधूड़ी ने विधायक गजेंद्र यादव के साथ शनिवार को साकेत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर क्षेत्र के डीएम लक्ष सिंघल, निगम पार्षद ममता यादव और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली में दस साल तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखा।

# हिस्ट्रीशीटर की पत्नी ने ही सुपारी देकर करवाई थी हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- आरोपी महिला प्रेमी के साथ हुई गिरफ्तार
- अलीपुर थाने में दर्ज थी हिस्ट्रीशीटर की गुमशुदगी रिपोर्ट
- एक साल पहले हत्या कर शव को सोनीपत में लगाया था ठिकाने

क्राइम ब्रांच ने अलीपुर के अनुपस्थित हिस्ट्रीशीटर की हत्या का मामला सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि हत्या के बाद शव को सोनीपत के गन्नौर में फेंका गया था। पत्नी ने ही सुपारी देकर पति की हत्या करवाई थी। आरोपी महिला ने अलीपुर थाने में झूठी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी।
पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम सोनिया (34), निवासी गांव अलीपुर दिल्ली और रोहित निवासी गांव जाजी, सोनीपत पता हैं। मृतक प्रीतम प्रकाश थाना अलीपुर का हिस्ट्रीशीटर था और उसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका है। महिला आरोपी यानी मृतक की पत्नी ने अपने पति की हत्या के लिए अपने एक रिश्तेदार को सुपारी दी थी। साजिश के तहत प्रकाश की हत्या कर जुलाई 2024 में गन्नौर थाना एरिया में फेंक दिया गया था। हत्या के बाद महिला आरोपी ने अलीपुर थाने में पति की गुमशुदगी की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्या के कुछ दिनों बाद मृतक का शव अगवानपुर गांव गन्नौर के पास एक नाले में मिला। मृतक की कभी पहचान नहीं हो पाई थी। महिला ने पति का मोबाइल फोन अपने प्रेमी रोहित को ठिकाने लगाने के लिए दे दिया था, लेकिन रोहित ने उसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। आरोपी रोहित पहले भी हरियाणा में हत्या और आर्म्स एक्ट सहित चार जघन्य मामलों में शामिल रहा है। हाल ही में हेड कांस्टेबल प्रदीप तोमर को अपने गुप्त स्त्रोतों के माध्यम से आरोपियों के बारे में जानकारी मिली थी।

## पीएम-किसान योजना की ग्रामीण सशक्तिकरण में है महत्वपूर्ण भूमिका :मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



'पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना' किसान समुदाय के लिए एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में विकसित हुई है, जिसकी वित्तीय समावेशन और ग्रामीण सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका हैं। दिल्ली के उजवा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में उक्त योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, हमारी भूमि के रखवाले और खाद्य सुरक्षा के संरक्षक हैं। योजना देश भर के किसानों को सहायता प्रदान करेगी और ग्रामीण विकास तथा कृषि समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाएगी। केवीके में वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इसी क्रम में मंत्री मल्होत्रा ने केंद्र की विभिन्न गतिविधियों का भ्रमण किया एवं केन्द्र के किसान कल्याण कार्यों की प्रशंसा की साथ में केंद्र में वृक्षारोपण भी किया।

## नकली ऑटो पार्ट्स रैकेट का किया भंडाफोड़ , पांच दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली ऑटो पार्ट्स के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुये पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 लाख रुपये के नकली ऑटो पार्ट्स बरामद हुये। होंडा, टीवीएस और एएसके ब्रांड के नकली स्पेयर पार्ट्स और इंजन ऑयल जब्त किया गया है। यह बरामदगी करोल बाग और मदनपुर डबास से हुई। पकड़े गये लोगों के नाम शुभम पंजियार, हिमांशु कवात्रा, नवीन उर्फ दीपक तनेजा, रमाकांत चौरसिया और श्याम नारायण बताये गये हैं।

### केंद्र के सुझावों को लागू करने पर हुई चर्चा, अधिकांश विभागों का डाटा एक साथ जोड़ने पर जोर

# एलजी ने सीएम संग की इजी ऑफ लिविंग और इजी ऑफ डूइंग बिजनेस प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को संग इजी ऑफ लिविंग, इजी ऑफ डूइंग बिजनेस की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में इजी ऑफ लिविंग, इजी ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए अभी तक उठाए गए कदमों से क्या फायदा हुआ और आगे क्या कदम उठाने है को लेकर चर्चा हुई। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह कदम केंद्र सरकार के प्रयासों के मद्देनजर उठाया गया है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में लाइसेंसिंग और शासन में सुधार होगा। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली को व्यापार और निवेश के अनुकूल माहौल बनाना है। सचिवालय के अनुसार इस उच्चस्तरीय बैठक में एलजी व सीएम के अलावा दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा और श्रम मंत्री कपिल मिश्रा तथा दिल्ली के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। जानकारी अनुसार बैठक में मुख्य रूप से लाइसेंसिंग व्यवस्था को तर्कसंगत और आसान बनाने के अलावा, प्रक्रिया के दोहराव को खत्म करना, सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का एकीकृत डाटाबेस बनाना, लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को अधिक आसान बनाने के लिए एजेंसियों को एक साथ लाने पर गंभीर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बैठक में अभी तक प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में यह बात सामने आई कि अनेक भागों में बंटा डेटाबेस, कई लाइसेंसिंग प्राधिकरण, लाइसेंसों के लिए एकीकृत पोर्टल का न होना और वर्तमान में मौजूद जटिल लाइसेंस शुल्क संरचना की वजह से राजस्व की हानि के साथ-साथ, आवेदकों का उत्पीड़न होना और भ्रष्टाचार का बढ़ना शामिल है। बैठक में बताया गया कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा इजी ऑफ लिविंग, इजी ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़ी प्रगति की समीक्षा की गई थी। इसके बाद कैबिनेट सचिवालय ने कई अल्पकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपराज्यपाल से आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था, जिससे दिल्ली के कारोबारी माहौल में सुधार के साथ शासन में भी सुधार होगा। सचिवालय के अनुसार बैठक में केंद्र द्वारा दिए गए कई सुझावों के आधार पर बैठक चर्चा हुई। जिनमें अग्निशमन संबंधी मंजूरी के लिए थर्ड पार्टी ऑडिटर का पैनल तैयार करना, अग्निशमन संबंधी मंजूरी के लिए नियामक आवश्यकताओं की दोबारा समीक्षा करना, भवन योजना की मंजूरी के लिए सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (जैसे अग्निशमन, डीपीसीसी) प्राप्त करने के लिए एक ही आवेदन पत्र, भवन योजना मंजूरी के लिए थर्ड पार्टी सर्टिफिकेशन का विस्तार करना, एमसीडी, एनडीएमसी, उद्योग, जीएसटी, श्रम, एफएसएसएआई , इपीएफ, डीपीसीसी जैसी एजेंसियों के सभी डेटाबेस को आपस में जोड़ना, सभी तरह के लाइसेंस के लिए जो एकीकृत पोर्टल बनाया जाएगा, उसके लिए दुकान एवं स्थापना अधिनियम के डाटा को आधार डाटा के रूप में इस्तेमाल करना, 2 करोड़ रुपये तक के निवेश वाले उद्योगों के लिए स्व-प्रमाणन के त्रिपुरा मॉडल को अपनाना व अधिक निवेश वाले उद्योगों के लिए थर्ड पार्टी पैनल तैयार करना, शासन में आसानी के लिए एमसीडी क्षेत्रों की सीमाओं को राजस्व जिलों के साथ समायोजित करना, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, औद्योगिक एवं वित्तीय निगम, परिवहन आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट करना और स्कूलों, अस्पतालों, नालियों, सड़कों आदि के लिए जिलाधिकारियों का एक मानकीकृत निरीक्षण प्रारूप बनाना शामिल है, जिसे प्रशासनिक सुधार विभाग तैयार करेगा। सचिवालय के अनुसार बैठक में एलजी ने इस दिशा में अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कई अप्रासंगिक प्रक्रियाओं को खत्म करने में दिल्ली सरकार द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि विभिन्न श्रेणियों में लाइसेंस देने में दिल्ली पुलिस की भूमिका कम करना, फैक्टरी लाइसेंस के लिए एमसीडी द्वारा अनुमति, सिनेमा हॉल लाइसेंस के लिए राजस्व विभाग को अधिकार देना, दुकानों और प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे खुला रखना और महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देना, राष्ट्रीय राजधानी में व्यापार के अनुकूल माहौल बनाने में काफी मददगार साबित होंगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कई लाइसेंसिंग प्राधिकरणों के कारण लोगों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू किए जा रहे सुधार जल्द ही असरदार साबित होंगे और दिल्ली को निवेश के लिए एक गंतव्य के रूप में स्थापित करेंगे। उन्होंने मुख्य सचिव को लोगों की सहूलियत के लिए, प्रत्येक जिले में सभी विभागों को मिलाकर एकीकृत कार्यालय परिसर बनाने की संभावना तलाशने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे लोगों और सरकार,दोनों के समय और संसाधनों की काफी बचत होगी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शौहरत अली, पुत्रः** नज़ीर, **पताः** मकान नंबर 84ए, गली नंबर 6, शिव मंदिर वाली गली, मौजपुर, ज़ाफराबाद, उत्तर–पूर्व दिल्ली; दूसरा पताः मकान नंबर ए–57/4, गली नंबर 3/1, ब्रह्मपुरी, न्यू सीलमपुरी, सीलमपुर, भजनपुरा, दिल्ली तथा **जुबैर, पुत्रः** इज़रैल, **पताः** के–49, हंसराज दूध डेयरी के पास, मेन गमरी रोड, घोंडा, न्यू उस्मानपुर उत्तर–पूर्व दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 682/2021, U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः ज़ाफराबाद दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्हांने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शौहरत अली** तथा **जुबैर** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शौहरत अली** तथा **जुबैर** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 682/2021, U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः जाफराबाद दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शौहरत अली** तथा **जुबैर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
आयुषी सक्सेना
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट नं. 7, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9758/WD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शैलेन्द्र पुत्र** राम निवास **निवासी** डी–183, गली नं0–11, भागीरथी विहार, गोकलपुरी, दिल्ली, **यहां भीः** ग्राम–मंगल पापड़ी, थाना पिलिस ईटा (उ.प्र.), ने **FIR No. 234/2012, U/S 279/304A IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली –83,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शैलेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शैलेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 234/2012, U/S 279/304A IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली–83,** के उक्त अभियुक्त **शैलेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0–105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10197/OD/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### सरकार की नाकामियों पर कांग्रेस सोमवार को घेरेगी विधानसभा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा की है कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार की नाकामियों व झुग्गी उजाड़ने सहित अन्य मुददों पर सोमवार को दिल्ली विधानसभा का घेराव करेंगे। यादव ने बताया कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार भी पूर्व की केजरीवाल व आप पार्टी की सरकार की तरह पूरी तरह विफल साबित हुई है। यादव ने कहा कि रेखा सरकार ने वादे के ठीक उलट झुग्गी झौपड़ी वालों को उजाड़ना शुरू कर दिया है, दिल्ली में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, अपराध लगातार अनियंत्रित हो रहे है, नशे का कारोबार बढ़ रहा है, महिलाओं को 2500 रुपये का वादा आज तक झूठा है, प्रतिदिन जल भराव से लोग परेशान है, आदि मुददों को लेकर कांग्रेस अब सड़क पर उतर रही है।

### जनसुनवाई में मंत्री ने किया स्वच्छता अभियान में सहयोग का आग्रह

नई दिल्ली। 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी अभियान', दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के साथ-साथ क्लीन-ग्रीन और विकसित दिल्ली बनाने के लक्ष्य की ओर बड़ा कदम है। अभियान में सफाई कर्मी स्वच्छता दूत हैं, उनका पूरा सहयोग करें। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी सेक्टर-24 में जनसुनवाई के दौरान आमजन और जन प्रतिनिधियों से यह आग्रह किया। रविन्द्र इंद्राज ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में स्वच्छ दिल्ली-कूड़ा मुक्त दिल्ली लक्ष्य को हासिल कर आजादी के पर्व पर देश के महानायकों को श्रद्धांजलि दें। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी सभी वार्डों की जे जे कॉलोनियों, झुग्गी बस्तियों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और दुकानों में स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को प्रेरित और जागरुक करने के साथ ही अभियान की लगातार मॉनिटरिंग भी करें।

### शिवाजी कॉलेज ने किया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के उपलक्ष्य में, कॉलेज के सभागार में प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत के लिए एक गर्मजोशी भरा और जीवंत ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर की मुख्य अतिथि डॉ. गरिमा तिवारी, सहायक पुलिस आयुक्त, तिलक नगर उपमंडल रहीं। अपने संबोधन में डॉ. तिवारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन का उदाहरण देते हुए जीवन मूल्यों की महत्ता और एक विशिष्ट पहचान के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने छात्रों को आत्मीय संबोधन के साथ स्वागत किया और आने वाले वर्षों के लिए एक सकारात्मक और समावेशी वातावरण की नींव रखी।

---

### झुग्गीवासियों को गरिमामय जीवन और मकान देने के लिए प्रतिबद्ध

# पीएम के 'हर गरीब को घर' के संकल्प पर दिल्ली सरकार कर रही काम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर गरीब को घर' के संकल्प पर काम कर रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार सुबह सुल्तानपुरी स्थित डीडीए (ड्यूसिब) द्वारा बनाए गए फ्लैट्स का दौरा कर उनके रखरखाव, मौजूदा स्थिति और पुनर्वास की संभावनाओं का निरीक्षण करने के बाद यह बयान जारी किया। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये फ्लैट्स बीते वर्षों में सरकार की उपेक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गए हैं। इस दौरे में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ सांसद योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित सभी सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर गरीब को घर' देने के संकल्प के अनुरूप है। दिल्ली सरकार का हर मंत्री, अधिकारी और विभाग इस संकल्प में जुटा है ताकि एक-एक झुग्गीवासी को पक्का मकान मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झुग्गीवासियों को गरिमामय जीवन और मकान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के तहत पहले चरण में 50 हजार फ्लैट्स के जरिए गरीबों के पुनर्वास की शुरुआत होगी। दिल्ली सरकार 10 लाख मकानों की जरूरत के हिसाब से बनाने की विस्तृत रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गरीब झुग्गीवालों के लिए वर्ष 2016 में इन फ्लैटों का निर्माण पूरा हो गया था। इन फ्लैटों पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता और नीयत की कमी के कारण ये मकान आज तक उनके असली हकदारों को नहीं मिल पाए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन दलों ने वर्षों तक झुग्गीवासियों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, वे अब केवल राजनीतिक लाभ के लिए हंगामा कर रहे हैं।



#### इन फ्लैट्स का पुनर्विकास किया जाएगा : सूद

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ इन फ्लैट्स का निरीक्षण कर स्पष्ट हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' विजन को दिल्ली में धरातल पर उतारने का काम अब तेज़ी से हो रहा है। हमारी सरकार ने तय किया है कि इन फ्लैट्स का पुनर्विकास किया जाएगा और यहां हर आवश्यक सुविधा जैसे पानी, बिजली, सीवर, स्नानघर, शौचालय, पार्क और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

#### बाहरी इलाकों में बने 50 हजार फ्लैट्स का भी हाल बुरा

रेखा गुप्ता ने कहा कि यही हाल दिल्ली के बाहरी इलाकों में बने 50 हजार फ्लैट्स का है। उनकी हालत अब इतनी खराब हो चुकी है कि उन्हें दोबारा उपयोग के लायक बनाने के लिए करोड़ों रुपये फिर से खर्च करने होंगे। दिल्ली सरकार इसे गरीबों के अधिकार का विषय मानते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है ताकि हर झुग्गीवासी को सम्मानजनक, सुरक्षित और सुविधायुक्त आवास मिल सके। इन हजारों मकानों को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार ने करीब 732 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करा दी है।

#### जिन फ्लैट्स की मरम्मत संभव है, उन्हें जल्द दुरुस्त किया जाए

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन फ्लैट्स की मरम्मत संभव है, उन्हें जल्द दुरुस्त किया जाए, और जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें फिर से बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सरकार पहले चरण में 50 हजार फ्लैट्स को चालू करके गरीबों को देने की योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार की ओर से भविष्य में 10 लाख मकानों की आवश्यकता के आकलन के साथ विस्तृत रणनीति तैयार कर रही है।

---

### कबूतरों को डाला गया दाना, तो होगा चालान : डॉ. अमित

**नई दिल्ली।** शहर में सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता को लेकर एक नई मिसाल कायम करते हुए दिल्ली नगर निगम के पीतमपुरा वार्ड 57 से पार्षद डॉ. अमित नागपाल ने अपने वार्ड में पक्षियों को दाना डालने के लिए एक विशेष स्थान तैयार कराया है। अब क्षेत्र में 'इधर-उधर दाना डालने वालों' को चेतावनी दी गई है कि ऐसा करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि पक्षियों के लिए दया और आस्था के भाव में लोग अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथों या सार्वजनिक स्थानों पर दाना डालते हैं, लेकिन इससे गंदगी, फिसलन, धूल और ट्रैफिक में रुकावट जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। इन्हीं समस्याओं का समाधान खोजते हुए पार्षद अमित नागपाल ने एक व्यवस्थित और स्वच्छ स्थल की व्यवस्था की है, जहां नागरिक कबूतरों और अन्य पक्षियों को दाना डाल सकते हैं, बिना सार्वजनिक स्थानों को नुकसान पहुंचाए। निगम पार्षद डॉ अमित नागपाल का कहना है कि पक्षियों को दाना देना पुण्य का काम है, लेकिन यह काम स्वच्छता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए, यही संदेश हम देना चाहते हैं। वहीं, वार्ड के कई निवासियों ने पार्षद की इस पहल की सराहना की है। लोगों का कहना है कि इससे न केवल सफाई व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि पक्षियों के लिए भी एक सुरक्षित और शांत जगह उपलब्ध होगी।

---

*खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण*

## द्वारका सेक्टर-23 में डीडीए बनाएगा वर्ल्ड-क्लास आइस स्केटिंग रिंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारका सेक्टर-23 में एक वर्ल्ड-क्लास आइस स्केटिंग रिंक बनाने जा रहा है। डीडीए का दावा है कि यह योजना दिल्ली में इस तरह का पहली एक्टिविटी होगी। इस बारे में डीडीए ने बताया कि एलजी विनय कुमार सक्सेना द्वारा दिल्ली के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों में द्वारका सेक्टर-23 में प्रस्तावित वर्ल्ड-क्लास आइस स्केटिंग रिंक एक अहम परियोजना है। डीडीए द्वारका सेक्टर-23 में 4,200 वर्ग मीटर में फैले 60 मीटर बाय 30 मीटर आकार के आइस स्केटिंग रिंक का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार करेगा। इसके लिए बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित एक एजेंसी को बकायदा अवार्ड लेटर जारी कर दिया है।

एलजी ने दिल्ली में इस तरह की पहली पहल के तहत द्वारका में आइस स्केटिंग सुविधा स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। डीडीए ने द्वारका के सेक्टर-23 स्थित डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक विश्व स्तरीय आइस स्केटिंग रिंक बनाने का कार्य सौंप दिया है। जिससे दिल्ली के स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और मनोरंजनात्मक सुविधाओं को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा। डीडीए ने कहा कि एलजी सक्सेना के मार्गदर्शन में परिकल्पित और क्रियान्वित इस पहल से, दिल्ली के निवासियों को मनोरंजनात्मक अवसर प्रदान करने के साथ-साथ खेल प्रेमियों के प्रशिक्षण हेतु अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। जबकि डीडीए द्वारा दिल्ली में पहली बार हॉट एयर बैलून की सवारी के संचालन हेतु एजेंसी का चयन किए जाने के कुछ ही दिनों बाद यह कार्य शुरू हो गया है, जिससे शहर में एक और मनोरंजनात्मक एक्टिविटी जुड़ गई है। ऐसा पहली बार होगा जब लोगों को हॉट एयर बैलून की सवारी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे वे दिल्ली को एक अलग नजरिए से देख पाएँगे।

हॉट एयर बैलून चार जगहों असिता, बांसेरा, यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से संचालित किया जाएगा। डीडीए ने बताया कि पूरे भारत में आइस हॉकी, आइस स्केटिंग, फिगर स्केटिंग और कर्लिंग जैसे विशिष्ट खेलों में बढ़ती रुचि को देखते हुए, एलजी सक्सेना ने डीडीए अधिकारियों को दिल्ली में ही ऐसी सुविधा विकसित करने की संभावनाओं का पता लगाने का निर्देश दिया था।

---


## दिल्ली देहात की बेटी यशिता राणा ने वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

### उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ गांव की बेटी ने एथेन्स (ग्रीस) में हुई वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में देश का मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यशिता राणा ने एथेन्स (ग्रीस) में हुई वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ गांव की बेटी यशिता की इस जीत पर दिल्ली देहात में खुशी की लहर दौड़ गई है। पहली बार देश से बाहर कुश्ती प्रतियोगिता के मैट पर दमखम दिखाने के लिए उतरी यशिता के लिए रजत पदक अपने नाम कर लेना एक बड़ी उपलब्धि है। देश की उभरती पहलवान यशिता राणा इससे पहले कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुकी है। एथेन्स में अंडर 17 आयु वर्ग में हासिल की इस शानदार उपलब्धि के साथ ही यशिता ने न केवल अपने परिवार और गांव, बल्कि पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है।

दिल्ली देहात की मिट्टी से कुश्ती के दांव पेंच सीखने वाली चैंपियन यशिता राणा, सर्वोदय कन्या विद्यालय, कुतुबगढ़ में 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। विद्यालय की प्रिंसीपल, टीचर्स और छात्राओं ने यशिता को बधाई दी है। वह बचपन से ही कुश्ती को लेकर बेहद जुनूनी रही हैं। अपने गांव के देसी अखाड़े से शुरुआत करने वाली यशिता ने कई राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिताओं में भी पदक जीतकर खुद को साबित किया है। वर्ल्ड चैंपियनशिप का रजत पदक उसकी मेहनत, संघर्ष और समर्पण का अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण है। ग्रीस की इस प्रतियोगिता में उन्होंने दुनिया भर की प्रतिभावान पहलवानों से मुकाबला किया और फाइनल तक पहुंचने का अद्भुत कमाल कर दिखाया। दिल्ली देहात के ग्रामीणों और कुश्ती के प्रशंसकों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अपील करते हुए कहा है कि यशिता को उनकी इस जीत पर सरकार सम्मानित करे। गांव वालों का कहना है कि एक सीमित आय वाले परिवार ने अपनी बेटी को तमाम आर्थिक कठिनाईयां झेलते हुए कुश्ती में आगे बढ़ाया है। यशिता ने अपनी प्रतिभा साबित भी की है लिहाजा दिल्ली सरकार को यशिता के लिए इनामी राशि की घोषणा भी करनी चाहिए। यशिता के पिता कृष्ण राणा दिल्ली परिवहन निगम के रानी खेड़ा बस डिपो में कांट्रैक्ट कंडक्टर के तौर पर कार्यरत है। जाहिर है कि यशिता के लिए अपने सपनों को उड़ान देना और परिवार के लिए उसकी कुश्ती संबंधी जरूरतों और खुराक का बंदोबस्त करना बहुत ही संघर्ष भरा रहा है। यशिता आने वाले समय में कॉमनवेल्थ और ओलंपिक खेलों में भी देश के लिए पदक जीतेगी ऐसी उम्मीद की जा रही है।



- दिल्ली देहात के ग्रामीणों और कुश्ती के प्रशंसकों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से यशिता को सम्मानित करने की अपील की
- डीटीसी में कांट्रैक्ट कंडक्टर की बेटी ने तमाम आर्थिक संघर्षों से जूझते हुए अपनी प्रतिभा साबित की
- यशिता राणा, सर्वोदय कन्या विद्यालय, कुतुबगढ़ में 12वीं कक्षा की छात्रा है

---

## डीएमआरसी ने चलाया स्वच्छता अभियान अधिकारियों कर्मचारियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत शनिवार को कई जगह स्वच्छता अभियान में अधिकारियों कर्मचारियों ने श्रमदान किया। डीएमआरसी ने बताया कि इस अभियान के तहत मेट्रो की आवासीय कॉलोनी, मेट्रो एन्क्लेव में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छ एवं टिकाऊ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। डीएमआरसी का कहना है कि यह अभियान जारी है, जिसमें अलग अलग स्थानों पर साफ सफाई की जा रही है। कूड़े करकट को उठाकर उसके लिए निर्धारित स्थान पर डाला जा रहा है। इस अभियान के तहत डीएमआरसी के आला अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक में उत्साह बना हुआ है।

### ओबीसी मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर सीएम का सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव की अगुवाई में ओबीसी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर ओबीसी समाज के हक और अधिकारों को लेकर 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस मांगपत्र का उद्देश्य दिल्ली में ओबीसी समाज के सशक्तिकरण, न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व तथा समान अवसर सुनिश्चित करना है। ज्ञापन में दिल्ली सरकार से सम्बंधित विषयों को अंकित किया गया जिससे ओबीसी वर्ग को प्रशासनिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्तर पर मजबूती मिल सके। सुनील यादव ने सीएम रेखा गुप्ता को जो ज्ञापन सौंपी उसमें प्रमुख माँगें हैं कि 1993 की निवास शर्त का सरलीकरण किया जाए ताकि वर्षों से दिल्ली में रह रहे लोगों को ओबीसी प्रमाण पत्र में कठिनाई न हो। दिल्ली न्यायिक सेवा की सीधी भर्ती में ओबीसी को आरक्षण दिया जाए, जिससे न्यायपालिका में विविधता सुनिश्चित हो।

---

### आईजीआई स्टेडियम के पास फ्लाईओवर के नीचे कार्यालय पर लगाई झाड़ू

# स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की नहीं बल्कि यह सभी की है साझा जिम्मेदारी : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, यह हम सभी नागरिकों की साझा ज़िम्मेदारी है। जब नेतृत्व खुद आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करता है, तभी समाज में स्थायी और वास्तविक बदलाव की नींव रखी जा सकती है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के पास फ्लाईओवर के नीचे स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर इस अभियान में व्यक्तिगत रूप से भागीदारी निभाई।

बता दें कि दिल्ली सरकार के 1 से 31 अगस्त तक चलने वाले 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान में लोक निर्माण मंत्री मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता की मिसाल दी। उनका यह कदम नेतृत्व की वह मिसाल है, जो खुद ज़मीन पर उतरकर समाज को प्रेरित करता है। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और हमारी राजधानी को साफ़, हरा-भरा और गर्व से भरा शहर बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभाग के कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से एक स्थायी परिवर्तन की ओर बढ़ता हुआ आंदोलन है।

यह पूरी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की प्रेरणा से संचालित है, और दिल्ली इसे ज़मीन पर उतारते हुए एक जनांदोलन के रूप में विकसित कर रही है, जहाँ हर नागरिक सफाई का सहभागी और जिम्मेदार बन सके।



---

# शिक्षा मंत्री ने किया स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सज प्रिपेरेटरी स्कूल झड़ौदा कलां, नजफगढ़ दिल्ली में "दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत स्कूल में साफ सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक नीलम पहलवान के अतिरिक्त स्कूल के प्रिंसिपल, बच्चे तथा उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत दिल्ली की विभिन्न एजेंसियां और नागरिक स्वच्छता के एक समान उद्देश्य के तहत मिलकर काम करेंगे। सफाई अभियान सिर्फ एक दिन, एक हफ्ता, एक महीना का काम न होकर यह तो सतत प्रक्रिया है जो जीवन भर चलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता अभियान तब सफल होता है जब हम खुद पहल करें। आज दिल्ली को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।



# हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में आयोजित होगा : डीसी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय और महानिदेशक सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान गाइडलाइन जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी जाएंगी। सार्वजनिक स्थानों व बाजारों में तिरंगे रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागे युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**खास बातें**

- शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों में लगाई जाएंगी प्रदर्शनियां
- स्कूल-कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी
- सैनिकों और पुलिसकर्मियों को भेजेंगे राखी

### 9 से 12 अगस्त के बीच वृहद आयोजन होंगे



डीसी ने बताया कि दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त के बीच वृहद आयोजन होंगे। इस दौरान तिरंगा महोत्सव के रूप में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा। इसमें वृहद तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट का आयोजन होगा। प्रदेश स्तरीय तिरंगा महोत्सव का आयोजन किसी प्रमुख स्थल पर व्यापक जनभागीदारी के साथ होगा। तिरंगा महोत्सव आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर तिरंगा मेले का भी आयोजन होगा। इसमें ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों, स्थानीय उत्पादों, तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं की बिक्री की जाएगी।

तिरंगा मेला में तिरंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। गृह विभाग, पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिक बलों, एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड एवं खेल विभाग के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों, पीडीएस दुकानों, खादी भंडार और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण किया जाएगा।

### गुरुग्राम में 8 अगस्त तक चलेगा अभियान का पहला चरण



**गुरुग्राम।** अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। डीसी अजय कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय और महानिदेशक सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान गाइडलाइंस जारी की गई हैं। पहले चरण में 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी जाएंगी। सार्वजनिक स्थानों व बाजारों में तिरंगे रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागे युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।


## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सैंट्रल में सेक्टर-18 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी, आरोप लगाया कि 26 नवंबर 2024 को उसे व्हाट्सएप पर घर बैठे पैसे कमाने बारे मैसेज प्राप्त हुआ। फिर ठगों ने उसके पास एक लिंक भेज और उसे टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। टास्क पूरा करके मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया।

### ट्रैडिंग के नाम पर 25 लाख 67 हजार रुपए की ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस्माइलपुर फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि फेसबुक पर सर्फिंग करते समय उसने ट्रैडिंग का एक विज्ञापन देखा। जहां से एक लिंक के जरिए ठगों ने उससे नाम की एप इंस्टॉल करवाकर शिकायतकर्ता का अकाउंट खोला।

### चोरी करने के मामले में दो आरोपी धराएं



**फरीदाबाद।** दुकान से सामान चोरी करने के मामले अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना धौज में ओमदेव वासी पाखल फरीदाबाद ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 22 मई की रात को गांव सिरोही में स्थित दुकान को बंद करके घर आ गया था। अगले दिन जब वह दुकान पर गया तो उसने देखा की कोई नामपता नामालुम व्यक्ति दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर सामान चोरी करके ले गया था।

### किसानों के हित में मोदी सरकार की नीतियां ला रही हैं ऐतिहासिक परिवर्तन: कृष्ण पाल

# पीएम मोदी का विजन और योजनाएं बना रहीं भारत को आत्मनिर्भर और विकसित: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को वाराणसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त के अंतर्गत 20,500 करोड़ की राशि देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को वितरित की गई। इस अवसर पर फरीदाबाद सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हाल में प्रधानमंत्री किसान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण के साथ किया गया।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसानों को प्रत्येक वर्ष 6,000 रुपए की नकद सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे कृषि संबंधित आवश्यकताओं को पूरा कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

**केंद्र सरकार द्वारा एआई चैटबॉट किसान -ईमित्र की शुरुआत की गई**

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त वितरित
- कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण के साथ किया गया
- राशि फरीदाबाद के लगभग 18 हजार किसानों को हस्तांतरित हुई



उन्होंने बताया कि यह दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी योजना है और अब तक 19 किस्तों के माध्यम से 3.69 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। हरियाणा राज्य के 16,09,822 किसानों को 349.76 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है, जिसमें जिला फरीदाबाद के लगभग 18000 किसानों को हस्तांतरित हुई है। उन्होंने बताया कि इस बार की किस्त में 2.26 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों की सहायता के लिए केंद्र सरकार द्वारा आवाज आधारित एआई चैटबॉट किसान .ईमित्र की शुरुआत की गई है, जिसने अब तक 53 लाख किसानों के 95 लाख से अधिक प्रश्नों का समाधान किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 में कृषि बजट 21,933.50 करोड़ थाए जो 2025-26 में बढ़कर 1,27,202.29 करोड़ हो गया है। उच्च उपज देने वाली किस्मों की संख्या 1,390 से बढ़कर 2,900 जलवायु-प्रतिरोधी बीजों की संख्या 811 से 2,661 और जैव-प्रबलित बीजों की संख्या 3 से 144 हो गई है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत अब तक 3, 698.45 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में 57.03 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने ने बताया कि धान की खरीद 1.5 गुना, गेहूं की 1.4 गुना, दालों की 27 गुना और तिलहन की खरीद में 136 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। किसानों को बेहतर बाजार सुविधा देने के लिए सरकार द्वारा ई.नाम प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई है, जिसके तहत अब तक 1,522 मंडियों को एकीकृत किया जा चुका है। इससे 4.29 लाख करोड़ का पारदर्शी लेन-देन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बिहार के जीआई-टैग प्राप्त मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन व मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की गई है। किसानों की सुविधा हेतु एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल के तहत पोर्टल पर अपनी स्थिति जानें सुविधा शुरू की गई है, जिससे किसान भुगतान, पात्रता, आधार लिंकिंग, भूमि सीडिंग और ई-केवाईसी की स्थिति एक क्लिक में देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए जनकल्याण सर्वोपरि है।

### मंत्री गोयल ने किसानों को शुभकामनाएं दी

भारत आज दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच चुका है और बहुत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी का विजन और योजनाएं बना रही हैं भारत को आत्मनिर्भर और विकसित हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किश्त डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम जारी की गई है। उन्होंने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल को भी धन्यवाद देता चाहता हूं आज इतनी बड़ी सौगात 20 वीं किश्त के रूप में किसानों को दी है। उन्होंने कहा कि जिस वर्ष किसान सम्मान निधि शुरू किया तो विपक्षी थे कि चुनाव के बाद बंद कर दिया जाएगा। लेकिन आज 20वीं किश्त निर्विवाद और निर्भय रूप से किसानों के खाते में पहुंचाने का काम किया है और आगे भी यह सौगात किसानों को मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल के लिए जो बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही है वो हम सबके छोटे से प्रयास से देश की दिशा और दशा बदल सकते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में एक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया इस संकल्प को हम अपने जीवन में अपनाकर इस संकल्प की पूर्ति के साथ साथ विकसित भारत के संकल्प को 2047 से पहले पूरा कर सकते है। कार्यक्रम में एडीसी सतबीर मान, सीईओ जिला परिषद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, कृषि विज्ञान केंद्र अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ अनिल सहरावत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण और लाभार्थी किसान उपस्थित रहे।

# अवैध डंपिंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा: निगमायुक्त दहिया

- चलाए गए विशेष अभियान में 81 वाहनों पर 12 लाख 30 हजार का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए सार्वजनिक स्थानों, ग्रीन बेल्ट, सड़कों के किनारों और खाली जमीनों पर कचरा व मलबा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक तेज कर दिया गया है। निगम द्वारा जुलाई माह में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 81 वाहनों को अवैध डंपिंग करते पकड़ा गया, जिन पर 12,30,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। निगम का संदेश स्पष्ट है कि अवैध डंपिंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। निगमायुक्त प्रदीप दहिया के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर कचरा या मलबा फेंकना कानूनन अपराध है।

ऐसे लोगों के विरुद्ध लगातार निगरानी व कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम ने सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स नामक विशेष टीमें गठित की हैं, जो खासतौर पर रात के समय शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं।

इन टीमों के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहता है, ताकि किसी भी तरह की बाधा से बचा जा सके और कानून-व्यवस्था बनी रहे। जुलाई माह में इन टीमों द्वारा सेक्टर-48, सेक्टर-29, सेक्टर-65, घाटा, सेक्टर-18, खांडसा, सेक्टर-9 और अन्य संभावित डंपिंग स्पॉट पर गहन निरीक्षण किया गया।

### शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाएं

इस दौरान अवैध रूप से कचरा या मलबा गिराने वाले 81 वाहनों को पकड़ा गया और उनके चालकों व मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया गया। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन कुछ लोग निजी स्वार्थ या लापरवाही के चलते गंदगी फैलाते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे स्वयं डंपिंग करें या किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से ऐसा करवाएं। शहरवासियों से अपील है कि वे कचरे को निर्धारित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट या गार्बेज ट्रॉली में ही डालें। निर्माण एवं तोड़फोड़ से उत्पन्न मलबा (सीएंडडी वेस्ट) को बसई स्थित प्रबंधन प्लांट तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी के भाव के साथ नागरिक इस अभियान में भागीदार बनें और स्वच्छ गुरुग्राम की दिशा में सहयोग करें।

### हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की बैठक

# वसुधैव कुटुंबकम सोच भारत को विश्वगुरु बनाती है: पवन जिंदल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित एवं हिंदू जीवन मूल्यों को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से गठित हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान एचएसएसएफ की प्रांतीय कार्यकर्ता वार्षिक योजना बैठक शुक्रवार को गुरुग्राम के सोहना चौक स्थित सिद्धेश्वर पब्लिक स्कूल के सभागार में हुई। आरएसएस के क्षेत्रीय संघचालक पवन जिंदल, प्रांत संघचालक प्रताप सिंह की उपस्थिति और संस्थान के प्रांत अध्यक्ष विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी साल भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रचारक गुणवंत सिंह भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे। एचएसएसएफ के प्रांत अध्यक्ष विनोद शर्मा, संरक्षण राकेश अग्रवाल, सचिव राजीव गुप्ता ने नव नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। बैठक में जहां हरियाणा प्रदेश में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। पवन जिंदल ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम सोच भारत को विश्वगुरु बनाती है। विश्व में हिन्दू सेवा और संस्कृति के फैलाव को विश्व शांति के लिए अति महत्वपूर्ण बताया।

### अरावली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने की मातृ वन की शुरुआत

# गुरुग्राम क्षेत्र की अरावली में 750 एकड़ क्षेत्र में मातृ वन विकसित होगा: मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश की राजधानी तक का पर्यावरण सुधारने के लिए शनिवार को गुरुग्राम की धरती से मातृ वन विकसित करने की शुरुआत हुई। गुरुग्राम क्षेत्र की अरावली में 750 एकड़ क्षेत्र में मातृ वन विकसित करने के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसका परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने यहां पौधे भी लगाए। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुनिया भर में गुरुग्राम का नाम प्रगति के लिए लिया जाता है, लेकिन अब प्रगति के साथ प्रकृति से भी जुड़ाव होना चाहिए।

**धरती को हरा-भरा बनाने की पहल को संस्कारों में लाना चाहिए**




मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज इस दृढ़ संकल्प की भी आवश्यकता है कि हम न केवल पेड़ लगाएंगे, बल्कि उनकी पांच-छह वर्षों तक देखभाल भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वन में छोटी काबुली कीकर को हटाकर बरगद, पीपल, गुल्लर, बेस पत्र, ईमली, पिलखन, नीम, बांस, फूल व औषधीय पौधे आदि लगाए जाएंगे। साथ ही मातृ वन में नक्षत्र वाटिका, राशि वाटिका, कैक्टस गार्डन व बटरफ्लाई पार्क भी विकसित होंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने की बात कही है। धरती को हरा-भरा बनाने की इस पहल को हमें अपने संस्कारों में लाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए ऊर्जा क्षेत्र में भी नवाचारों का बढ़ावा दिया जा रहा है। कोयले के स्थान पर हाइड्रो, सोलर, न्यूक्लियर एनर्जी आदि विकल्पों को बढ़ावा दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष 2047 तक अपने ऊर्जा उत्पादन में न्यूक्लियर एनर्जी में 100 गीगा बाइट के उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेगा। तीन महीने पहले की एक रिपोर्ट में भारत में कोयले से तैयार होनी वाली बिजली 50 फीसदी से कम हो गई है, जबकि नॉन फॉसिल एनर्जी की सीमा 50 फीसद से अधिक हो गई है। उन्होंने हरियाली को प्रोत्साहन देने के लिए प्राणवायु देवता के साथ-साथ वन मित्र योजना को भी प्रभावी ढंग से आरंभ करने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम की पहचान से जुड़े औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने को भी समय की आवश्यकता बताया। इसके लिए गुरुग्राम में जंगल सफारी, एचएसआईआईडीसी द्वारा 125 एकड़ में न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क की तर्ज पर आनंद वन विकसित करने, 500 से 600 एकड़ में डिज्नीलैंड बनाने, सिंगापुर की तर्ज पर डिज्नीलैंड या सेक्टर 29 में बड़ा एक्वेरियम बनाने, एक बड़ा कंवेंशन सेंटर बनाने, डेस्टिनेशन वेंडिंग्स के लिए एक वैंडिंग जोन विकसित करने व बायोडायवर्सिटी पार्क को ओर अधिक विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से व्यापक चर्चा कर इन परियोजनाओं को धरातल पर साकार किया जाएगा।

पहला चरण होगा 2500 एकड़ में

### गुरुग्राम में पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगी जंगल सफारी: मनोहर लाल

**गुरुग्राम।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को गुरुग्राम के सकतपुर गांव के समीप जंगल सफारी के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर भी इस दौरान साथ रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में गुरुग्राम और नूंह जिला के 10 हजार एकड़ में प्रस्तावित जंगल सफारी आने वाले दिनों में पर्यटन के क्षेत्र में आकर्षण का बड़ा केंद्र होगी। पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। हरियाणा से होकर गुजरने वाली अरावली पर्वत श्रृंखला की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता व ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान करने में जंगल सफारी एक महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी। उन्होंने कहा कि जंगल सफारी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि यह पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का एक बड़ा केंद्र साबित हो। इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। चार चरणों में प्रस्तावित इस परियोजना का पहला चरण 2500 एकड़ में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अरावली में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीवों के प्रति जागरुकता तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

#### केंद्र की ओर से मिलेगा पूरा सहयोग: भूपेंद्र यादव

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र की ओर से पूरा सहयोग देने की बात कही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के समीप यह एक बड़ा पर्यटन केंद्र विकसित होगा। गांव सकतपुर के समीप जंगल सफारी के प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया और पहले चरण के लिए प्रस्तावित योजना पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री व हरियाणा के वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक विचार विमर्श किया। इस क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों की स्थानीय प्रजातियों व वन्यजीवों के लिए हितैषी पारिस्थितिक तंत्र विकसित होगा।

### 2036 के ओलंपिक खेलों में देश के लिए हरियाणा का 36 गोल्ड मैडल जीतने का लक्ष्य: कैबिनेट मंत्री

# हरियाणा की खेल नीति देशभर में सबसे श्रेष्ठ, खिलाड़ियों का भविष्य संवारने के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध: विपुल गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय खेल महाकुंभ 2025 का आरंभ हुआ, जो 2 अगस्त से 4 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इस भव्य शुभारंभ समारोह का उद्घाटन हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर एसडीएम फरीदाबाद एवं जिला फरीदाबाद में खेल महाकुंभ आयोजन के नोडल अधिकारी अमित कुमार विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री विपुल गोयल ने खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों व उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश की सर्वश्रेष्ठ नीतियों में से एक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद देश सहित राज्य में खेल अवसंरचना इन्फ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो केंद्र और प्रदेश सरकार की दूरदर्शी व प्रभावशाली नीतियों का प्रतिफल है।

**मंत्री गोयल ने युवाओं से खेलों का सम्मान और नशे से दूर रहने की अपील की**



गोयल ने युवाओं से खेलों का सम्मान करने और नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी अन्य लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों के समग्र विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है तथा निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि यदि वे मन लगाकर मेहनत करें, तो सरकार उनकी हरसंभव सहायता करेगी और उन्हें हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने इस खेल महाकुम्भ समारोह में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि यह खेल महाकुंभ प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में गुरुग्राम मंडल के खेल विभाग के उपनिदेशक गिरिराज सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव (वोट ऑफ थैंक्स) प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि विपुल गोयल सहित सभी विशिष्ट अतिथियों, प्रतिभागी खिलाड़ियों कोचों, आयोजकों, प्रशासनिक अधिकारियों और दर्शकों का कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

#### मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया

इस खेल महाकुंभ के दौरान ताइक्वांडो खेल प्रतिस्पर्धा सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर के इनडोर स्टेडियम में आयोजित होगी वहीं शूटिंग प्रतिस्पर्धा ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित 10 एक्स शूटिंग रेंज में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में खेल विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों और विशिष्ठ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे अर्जुन अवार्डी एवं पैरा ओलिंपिक खेल मैडल विजेता प्रणव सूरमा तथा ओलिंपियन खिलाड़ी रिदम सांगवान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनीता उर्फ अंजलि पत्नी** अमन **निवासी** एल–1, जे.जे. कॉलोनी, कैंप नं.–3, नांगलोई, दिल्ली **वर्त. पताः** गांव–नांगल मंडल, पोस्ट–नांगल लैट., जिला–करौली टोडाभीम, राजस्थान, ने **FIR No. 751/2022 Dt. 11.09.2022, U/S 33/38 Excise Act, पुलिस स्टेशन नांगलोई, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनीता उर्फ अंजलि** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनीता उर्फ अंजलि** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 751/2022 Dt. 11.09.2022, U/S 33/38 Excise Act, पुलिस स्टेशन नांगलोई, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनीता उर्फ अंजलि** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
पश्चिम जिला, कमरा नं0–336–ए, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10181/OD/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### बिहार में 12 आईएएस को मिली नई जिम्मेदारी




**पटना।** बिहार के 12 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने चार अधिकारियों का तबादला किया है, तो 4 अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जबकि पदस्थापना की प्रतीक्षा में रहे 4 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी है। अधिसूचना के अनुसार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा को राजस्व पर्षद के अध्यक्ष सह सदस्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### हत्याकांड का आरोपी कोर्ट परिसर से फरार



**मुजफ्फरपुर।** यहां इंजीनियर हत्याकांड का आरोपी संतोष कुमार कोर्ट परिसर से फरार हो गया। वो जेल में बंद था, शनिवार को कोर्ट में पेशी के लिए उसे जेल से लाया गया था। इस दौरान वह हथकड़ी सरका कर भाग निकला। इसकी सूचना अहियापुर थानाध्यक्ष को भी दी गई और पुलिस उसके भागने की दिशा में पीछा कर रही है। कुछ दिन पहले ही पुलिस ने मर्डर के केस में आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### यूपी के बलिया जिले में बनेगा नया एयरपोर्ट



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बलिया में एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर स्थानीय प्रशासन से प्री फ़िज़िबिलिटी रिपोर्ट मांगी है। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से बीएसपी के विधायक उमाशंकर सिंह के प्रस्ताव पर सरकार ने यह निर्देश जारी किया है। बसपा विधायक ने बलिया की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार से एयरपोर्ट बनाने का आग्रह किया है।

# दारोगा के घर में घुसा गंगा का पानी, भगवान का आशीर्वाद समझकर की पूजा, डुबकी लगाई

प्रयागराज में एक दारोगा के घर में गंगा का पानी घुस गया। उसने आस्था दिखाते हुए फूल और दूध चढ़ाकर गंगा की पूजा की। साथ ही धन्यवाद दिया। दारोगा नेइससे जुड़ा दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट दिया। जिसे अब तक 11 मिलियन लोग देख चुके हैं।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यूपी में लगातार हो रही बारिश के कारण कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। प्रयागराज में भी कुछ गंगा और यमुना का पानी लाल निशान को पार करते हुए करीब कई लोगों के घरों में घुस गया है। इस बीच एक यूपी पुलिस में तैनात दारोगा के घर में पानी घुसने का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि दारोगा ने बाढ़ के पानी को भगवती का आशीर्वाद समझा और फूल-दूध चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

प्रयागराज के दारागंज के रहने वाले दारोगा चंद्रदीप निषाद ने घर की दहलीज पर गंगा का पानी आने पर आस्था दिखाई। उसने बकायदे फूल और दूध चढ़ाकर गंगा का स्वागत किया। उसने इससे जुड़ा दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट दिया। गंगा की पूजा करने वाले वीडियो को 11 मिलियन से अधिक लोगों ने देखा है। जबकि दूसरे वीडियो में दारोगा हाथ जोड़कर गंगा नदी को धन्यवाद दे रहा है और डुबकी लगा रहा है। इस वीडियो को 3 लाख 12 हजार लोगों ने अब तक देखा है। हालांकि दारोगा के इस कार्य को लेकर कुछ लोग सराहना कर रहे हैं तो वहीं कुछ इस पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### यमुना खतरे के निशान पर पहुंची



जिले में गंगा और यमुना के उफान पर आने के बाद अब यमुना खतरे के निशान पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार सुबह आठ बजे के मुकाबले शनिवार सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर 116 सेंटीमीटर बढ़ा। यहां जलस्तर 84.70 मीटर दर्ज किया गया। जबकि खतरे का निशान 84.73 मीटर पर है। ऐसे में यमुना खतरे के निशान पर पहुंच चुकी हैं। वहीं फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में बीते 24 घंटे में 146 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है, 84.68 मीटर पर रिकार्ड किया गया। वहीं छतनाग गंगा का जलस्तर 84.05 मीटर पहुंच गया, यहां बीते 24 घंटे में 113 सेमी की बढ़ोतरी रिकार्ड की गई है।

### पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**लखनऊ।** दो दिन रिमझिम बारिश के बाद शुक्रवार को लखनऊ में तेज धूप से उमसभरी गर्मी बढ़ गई। दिन का तापमान 32.3 और रात का 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने रविवार को भी मध्य यूपी के कुछ जिलों समेत पूर्वी इलाकों में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 50 से अधिक जिलों में तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, राजधानी में अगले तीन दिन छिटपुट बरसात होगी। बीच-बीच में धूप होने से उमस बरकरार रहेगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिकसोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, बलरामपुर, बाराबंकी, श्रावस्ती, समेत आसपास के जिलों में बादल जमकर बरसेंगे।

### सम्राट चौधरी का तेजस्वी यादव पर तंज

# 'अपना नाम भी नहीं पढ़ पा रहे', आरोप झूठे

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मतदाता सूची के प्रारूप को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि वह झूठ बोल कर जनता को गुमराह करने पर उतर आए हैं। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मतदाता सूची में वे अपना नाम पढ़ कर भी नहीं खोज सकते।

सम्राट चौधरी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत एक अगस्त को जारी मतदाता सूची के ड्राफ्ट में तेजस्वी प्रसाद यादव की फोटो के साथ क्रमांक संख्या- 416 पर उनका नाम दर्ज है, जबकि वे दावा कर रहे हैं कि उनका नाम काट दिया गया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का नाम काटने संबंधी दावा पूर्णतः भ्रामक, तथ्यहीन और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को बदनाम करने वाला अनर्गल बयान है।

### लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करें राजनीतिक दल

राज्य सरकार निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर पूर्ण विश्वास रखती है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे जनता के बीच तथ्यों के आधार पर बात करें, झूठ बोलकर नहीं । लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करें। इससे पहले तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया था कि 'मतदाता सूची में उनका नाम नहीं' है।

### मधेपुरा में सेप्टी टैंक में 2 मजदूरों की मौत

बिहार में मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र में पुलिस केंद्र के पास एक निर्माणाधीन गोदाम में दर्दनाक हादसा हो गया। सेप्टी टैंक में सेटरिंग खोलने उतरे चार मजदूरों में से दो की मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गई, जबकि दो की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### पीएम मोदी ने कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया

# मुख्यमंत्री योगी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को 'शिवलिंग' का स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के अलावा कई कैबिनेट मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी को लगभग 2200 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास और सांस्कृतिक विरासत समेत कई क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के लिए भी शनिवार को 'किसान सम्मान निधि' योजना के तहत 20वीं किस्त जारी की।

वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को 'शिवलिंग' का स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के अलावा कई कैबिनेट मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीएम ने पीएम मोदी को 'शिवलिंग' का स्मृति चिन्ह भेंट किया



प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, "आपने देखा होगा कि पिछले 11 सालों में चार दर्जन से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। पूरा विश्व जन कल्याण और विश्वहित के प्रति उनकी दूरदर्शिता का लोहा मानता है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत को आगे बढ़ाने का विजन दिया है। यह सौभाग्य है कि देश की संसद में वह काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं। शनिवार को 2200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उपहार काशी को देने के लिए प्रधानमंत्री का यहां आगमन हुआ है।

### वाराणसी को 11 सालों में 51 हजार करोड़ की परियोजनाएं

सीएम योगी ने कहा, "यह पहली बार है, जब कोई प्रधानमंत्री अपने क्षेत्र में 51वीं बार उपस्थित हुआ है। वाराणसी में 11 सालों में 51 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृति हुईं, जिनमें से 34 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण हो चुका है। वह काशी को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं और पहचान दिला रहे हैं। 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं प्रगति के चरण में हैं।

### पीएम मोदी ने वाराणसी में बढ़ते बाढ़ के खतरे की समीक्षा की, राहत के निर्देश दिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बाढ़ की गंभीर होती स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान पीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर बाढ़ प्रभावित व्यक्ति को समय पर सहायता मिले। इस समय गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और यह शहर के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा कर रहा है। शुक्रवार को गंगा का जलस्तर 70.28 मीटर तक पहुंच गया और यह हर घंटे करीब 4 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने डिविजनल कमिश्नर और जिलाधिकारी से फोन पर बातचीत कर बाढ़ की ताजा स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों और प्रभावित लोगों को दी जा रही मदद की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से यह पूछा कि राहत शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए भोजन, पानी और चिकित्सा जैसी जरूरी सुविधाएं किस तरह उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रशासन सुनिश्चित करे कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को मदद से वंचित न रहना पड़े।

### महिला उत्पीड़न की शिकायत पर गिरी गाज

# समाज कल्याण मंत्री का निजी सचिव निलंबित

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ के सचिवालय प्रशासन ने समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण के निजी सचिव जयकिशन सिंह को निलंबित कर दिया है। उनको सचिवालय प्रशासन के केंद्रीय अनुभाग से संबद्ध किया गया है। भागीदारी भवन में तैनात आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी की ओर से लगाए गए उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बाद यह कार्रवाई की गई। सचिवालय प्रशासन के संयुक्त सचिव अशोक कुमार मिश्र की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि महिला उत्पीड़न और सरकारी सेवक नियमावली के तहत जयकिशन सिंह को निलंबित किया गया है। बता दें, मंत्री असीम अरुण से बृहस्पतिवार को आउटसोर्स महिला कर्मचारी ने उनके निजी सचिव जयकिशन सिंह पर छेड़छाड़ व अभद्रता की शिकायत की थी।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप ने बताया...

जुर्माना लगाने के बयान के तुरंत बाद सामने आया है। अमेरिका के राष्ट्रपति के अलावा विदेश मंत्री मार्को रुबियो यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस पर लगाई गईं पाबंदियों के बावजूद भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल खरीद की कड़ी आलोचना कर चुके हैं। इसके पूर्व में अमेरिका के राष्ट्रपति भारत-रूस संबंधों से उनकी सेहत पर कोई असर न पड़ने और दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को मरी हुई बताते हुए एक साथ डूब जाने का बयान भी दे चुके हैं। जिसका संसद में कड़ा पलटवार करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। भारत राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ की घोषणा के प्रभावों का आकलन कर रहा है।

### मामले पर आई ....

है कि भारत की ऊर्जा क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल कारपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड ने बीते सप्ताह से रूस से तेल की खरीद नहीं की है।

### हम मेक इन...

मोदी ने कहा कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है। अस्थिरता का माहौल है। दुनिया के सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रीत कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अब भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना होगा। किसान, हमारे लघुउद्योग और रोजगार हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। देश के नागरिक के रूप में हमारे कई दायित्व हैं। इनमें से एक ये है कि हम स्वदेशी का संकल्प लें। अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हमें एक ही तराजू का होना होगा। हम भारतवासियों से ही पूरे सामान खरीदेंगे। भारत के कौशल और भारतवासियों के पसीने से बनी हुई चीजें ही स्वदेशी हैं। दुकानदार संकल्प लें कि हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। दिवाली आएगी त्योहारों में हर पल स्वदेशी ही खरीदेंगे। पीएम ने कहा कि भारत में ही शादी करें, स्वदेशी का भाव भविष्य तय करेगा और यह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि होगी।

### मोदी की कोई ....

फैलाती रही। आज भी विपक्ष के लोग यही काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि आज बिना रुकावट के लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में पैसे भेजे जा रहे हैं।

### निमिषा प्रिया को...

के साथ ही विदेश मंत्रालय ने निमिषा प्रिया के परिवार को हर संभव मदद देने की बात भी कही है।

### यमन में 2017 ....

प्रयासों की वजह से इसे फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने मामले को जटिल के साथ बेहद संवेदनशील बताते हुए हर तरह से निमिषा प्रिया के परिजनों को सहायता प्रदान करने पर जोर दिया है।

### पूर्व सांसद प्रज्वल....

धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो लीक कर देगा।

### पीएम मोदी और...

एक गवाह ने भी दावा किया था कि उसे योगी आदित्यनाथ और आरएसएस से जुड़े चार अन्य लोगों को फंसाने के लिए मजबूर किया गया था। इसमें आरएसएस के वरिष्ठ सदस्य इंद्रेश कुमार भी नाम शामिल था।

### मप्र, राजस्थान और....

हालात स्थिर बनाने की कवायद की गई। जबकि सेना के एक अन्य कॉलम ने प्रदेश के अशोकनगर-ग्वालियर में ईसागढ़ और सिहोरा के इलाकों में राहत व जरूरी सहायता भेजने के लिए जांच-पड़ताल की है।

**राजस्थान, पंजाब में राहत कार्य की स्थितिः** राजस्थान के बाढ़ प्रभावित धौलपुर में तेजी के साथ मदद पहुंचाने के लिए सेना का एक कॉलम स्टैंडबाय पर तैनात किया गया है। इसके अलावा सूबे के ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से मिले एक अनुरोध पर बल ने अपनी एक टीम को रवाना किया। बाढ़ जैसे हालातों के बीच इस टीम को पानी के जमाव को कम करने में तकनीकी सहयोग प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन ने सेना से कुल पांच पानी निकासी वाले पंपिंग सेट और दो किलोमीटर लंबे रबर के पाइप को साथ लाने की मांग की है।

**बाढ़ के हालात पर कड़ी निगरानीः** भारतीय सेना देशभर में बाढ़ के हालात पर लगातार कड़ी निगरानी बनाए हुए है। साथ ही वह किसी भी तरह की आपात परिस्थिति में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूर्ण पेशेवर अंदाज, तीव्रता और संवेदनशीलता के साथ प्रतिबद्ध है।

### रेपो रेट में ...

अरब रुपये की वृद्धिशील ऋण वृद्धि हुई। इसमें लगभग 30 प्रतिशत योगदान व्यक्तिगत ऋणों का था।

### जेटली का निधन...

ने कांग्रेस नेता पर तंज कसा।

**जेटली के परिवार, भाजपा और पूरे देश से माफी मांगे राहुलः** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी हर दिन एक नया झूठ और एक नया प्रोपेगेंडा लेकर आते हैं। मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि अरुण जेटली का निधन 24 अगस्त 2019 को हुआ था और कृषि कानून क्रमशः 17 सितंबर 2020 और 20 सितंबर 2020 को लोकसभा और राज्यसभा में पारित किए गए थे। जब बिल आया, तब तक अरुण जेटली का निधन हो चुका था। राहुल गांधी को अरुण जेटली के परिवार, भाजपा और पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह बोले

# डिंपल पर मौलाना रशीदी की टिप्पणी अशोभनीय

एजेंसी ▶▶ बरेली



बरेली में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सर्किट हाउस में सपा सुप्रीमो का नाम लेकर कहा कि वह मुस्लिम वोट लेने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। वह अपनी धर्मपत्नी के लिए मुंह नहीं खोल पा रहे हैं। नारी मां, बहन, पत्नी के रूप में होती है। नारी के सम्मान की अनदेखी कोई नहीं कर सकता। जिस तरह से मौलाना साजिद रशीदी ने सांसद डिंपल यादव पर टिप्पणी की है, वह बेहद अशोभनीय और निंदनीय है। इस मामले में सपा सुप्रीमो की चुप्पी चिंतनीय है। उन्होंने दौरान संसद सत्र में विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाया।

### सपा को बताया छलनी

मंत्री ने कानून-व्यवस्था के मामले में सपा को छलनी बताया। कहा- सूप बोले तो बोले, पर छलनी को क्या हक? सपा सरकार में कानून था ही नहीं। आज सीएम योगी को दूसरे देशों में कानून का राज कायम करने वाले नेता के रूप में देखा जाता है। यूपी में सर्वाधिक पूंजी निवेश हुआ है।

### झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन की हालत नाजुक

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी परेशानियों के कारण दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि पूर्व सीएम शिबू सोरेन फिलहाल वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी समस्या के चलते एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 81 साल के शिबू सोरेन का लंबे समय से अस्पताल में नियमित इलाज चल रहा है।

### 32 लोगों को लेकर जा रही नाव गंगा नदी में पलटी

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में शनिवार को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां गंगा नदी में 32 लोगों को ले जा रही एक नौका के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हैं। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि घटना गंगा नदी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाराजपुर गदाई दियारा इलाके में घटी।

उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि नौका पर 32 लोग सवार थे। 28 लोगों को बचा लिया गया है। एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य लापता हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए 28 गोताखोरों को लगाया गया है। बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की तैनाती के लिए भी अनुरोध भेजा है।

### 5 आरोपी गिरफ्तार, अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा

# डंकी रूट से भेजा जाता था अमेरिका, नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी



एजेंसी ▶▶ हजारीबाग

जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र से अमेरिका में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी और मानव तस्करी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मामला अंतरराष्ट्रीय गैंग से जुड़ा है, जो लोगों को फर्जी तरीके से विभिन्न देशों के माध्यम से अमेरिका भेजा करता है। जिसमें कई देश के लोग शामिल हो सकते हैं। भारत में भी इसका नेटवर्क काम कर रहा है। इस मामले में टाटीझरिया थाना कांड संख्या 32/25 के अंतर्गत अमेरिका निवासी उदय कुमार कुशवाहा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह डंकी रूट के माध्यम से युवाओं को अवैध रूप से अमेरिका भेजने में संलिप्त था।

मीडिया से चर्चा करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि टाटीझरिया के भराजो निवाशी सोनू कुमार, ने थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि उदय कुशवाहा ने अमेरिका में नौकरी दिलाने का झांसा देकर वर्ष 2024 में उसे तथा दो अन्य युवकों विकाश कुमार (दर्शन प्रसाद का बेटा) और पिंटू कुमार (निवासी जरगा) को मोटी रकम लेकर अपने गैंग के माध्यम से दिल्ली से ब्राजील के लिए फ्लाइट में बैठाया।

### अमेरिकी सीमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

वहां से उन्हें डंकी रूट से चोरी-छिपे कई देशों से होते हुए मैक्सिको तक पहुंचाया गया और अंततः अमेरिका के सैन डिएगो बॉर्डर पर अमेरिकी सीमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### बेटा को बचाने के लिए बाप ने बेची जमीन

जान बचाकर भारत पहुंचे सोनू ने बताया कि अमेरिका में प्रवेश दिलाने के नाम पर उदय कुशवाहा ने पिता से लगभग 45 लाख की रकम वसूली, जिसे उन्होंने अपनी पैतृक जमीन बेचकर चुकाया। पैसा उदय के सहयोगियों चोहान प्रसाद, शंकर प्रसाद, लालमोहन प्रसाद और दर्शन प्रसाद को दी गई थी। उन्हें बताया कि ब्राजील में गैंग के लोग उसे बंधक बनाकर रख लिया था।





मित्रता दिवस आज

बाकी सारे रिश्ते तो हमें जन्म से मिलते हैं, एक दोस्ती का रिश्ता हम खुद ही बनाते हैं। स्वार्थ से परे, सुख-दुख पर हमेशा साए की तरह मौजूद रहने वाला यह रिश्ता हमारे लिए सबसे अधिक मायने रखता है। भले ही समय के साथ इसका स्वरूप बदल गया हो लेकिन आज भी यह उतना ही मूल्यवान है।

# सबसे प्यारा-अनमोल दोस्ती का रिश्ता

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

इस दुनिया में तरह-तरह के लोग रहते हैं। कुछ हमारे परिवार के सदस्य होते हैं, कुछ रिश्तेदार। कुछ हमसे प्रेम करते हैं तो कुछ हमसे ईर्ष्या करते हैं। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो बिना किसी फायदे के जरूरत पड़ने पर हमारी हर संभव मदद करने को सदैव तत्पर रहते हैं। हमें जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। दुख और मुश्किल समय में साथ खड़े होते हैं। उन्हें ही हम दोस्त कहते हैं। यह दोस्ती हमारे आपसी विश्वास और आस्था पर टिकी होती है।


**स्वार्थ से परे आत्मीय रिश्ता:** किसी ने कहा है, 'मुझे अपने मित्रों के बारे में बताइए, मैं आपके व्यक्तिव के बारे में बता दूंगा।' वास्तव में आपके दोस्त किस तरह के हैं, वह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आपका जीवन में क्या लक्ष्य है? आपका चरित्र कैसा है, आपकी सोच कैसी है?

सच में, धन-दौलत तो बहुत से लोग कमा लेते हैं। लेकिन दोस्ती जैसा सच्चा धन हर कोई नहीं कमा पाता। इस दुनिया में हर इंसान को एक ऐसे शख्स की जरूरत होती है, जिसे वह अपनी दिल की बातें बेझिझक बता सके। इसलिए दोस्त वो होता है, जिस पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सके। दोस्तों के बीच स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। न ही दोस्ती किसी की जाति, पंथ या धर्म देखती है।

**पुराणों-इतिहास में मित्रता:** हिंदू पौराणिक कथाओं में मित्रता के कई आदर्श उदाहरण देखे जा सकते हैं। जैसे, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा, वानर राज सुग्रीव एवं भगवान श्रीराम, श्रीराम एवं विभीषण की मित्रता हमारे लिए आज भी आदर्श हैं। इतिहास पर नजर डालें तो 19वीं सदी के शुरुआती दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और मोहम्मद अली जिन्ना बहुत अच्छे दोस्त हुआ करते थे। वे अकसर घर-सार्वजनिक स्थलों पर मिलकर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने के तरीकों पर चर्चा करते थे। मुगल



काल में छत्रपति शिवाजी और तानाजी भी बचपन के दोस्त थे। बाल्यकाल से ही दोनों मुगलों के अधीन किलों पर विजय पाने की रणनीति बनाया करते थे। जैसे-जैसे दोनों बड़े हुए, शिवाजी ने तानाजी की मदद से कई लड़ाइयां जीतीं और तानाजी उनके योद्धा सेनापति बन गए। इस तरह उन्होंने आजीवन अपनी दोस्ती की मिसाल कायम की। उनकी दोस्ती इतिहास में अमर हो गई।



**होता है मार्गदर्शक :** दोस्ती का संबंध ही ऐसा होता है कि वे सदा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। अपने दोस्त का हित करने के लिए व्यक्ति उसकी नाराजगी भी झेलने को तैयार रहता है। एक सच्चा दोस्त हमेशा अपने दोस्त का सबसे बड़ा शुभचिंतक होता है, उसका मार्गदर्शक होता है। हो सकता है कि किसी समय कुछ देर के लिए अपने मित्र की बातें या कार्य आपको उचित न लगें। लेकिन कभी न भूलें कि सच्चा मित्र हर स्थिति में आपका हित ही चाहता है। अगर वह कोई कार्य करने से आपको रोकता है तो उसमें जरूर आपका हित ही होगा। हो सकता है उसका मनोभाव आपको कुछ समय बाद समझ में आए।

**मित्रता पर भी पड़ा तकनीकी प्रभाव:** पिछले दो-तीन दशकों में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारणों से मित्रता में काफी बदलाव आया है। 20 वीं सदी तक दोस्ती खतों और आमने-सामने की मुलाकातों के जरिए कायम रहती थी। फिर टेलीफोन और बाद में इंटरनेट ने संपर्क बनाए रखना आसान बना दिया। इक्कीसवीं सदी में टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के जरिए संवाद होने लगा। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म ने तो दोस्ती बनाने और निभाने के तरीके को पूरी तरह बदल कर रख दिया। इनसे लोग दुनिया भर में एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। हालांकि इसमें ज्यादातर रिश्तों में गहराई नहीं होती। कह सकते हैं कि दोस्ती की परिभाषा व्यापक हो गई है। आज दोस्ती पारंपरिक बाधाओं को पार करते हुए अधिक विविध और समावेशी तरीकों से विकसित हो सकती है। बहरहाल, समय और दौर कोई भी हो, दोस्ती आज भी दो इंसानों के बीच सबसे प्यारा और अनमोल रिश्ता होता है। *

## दोस्ती से बेहतर रहता है मानसिक स्वास्थ्य



पल्लवी प्रकाश
साइकोलॉजिस्ट-मोटिवेशनल कोच

**अच्छे मानसिक** स्वास्थ्य के लिए भी दोस्ती का बहुत अधिक महत्व होता है। दोस्त, भावनाओं को व्यक्त करने, समस्याओं को साझा करने और सलाह लेने के लिए एक आत्मीय साथ प्रदान करता है। इस भावनात्मक समर्थन से तनाव, चिंता और उदासी सभी को कम किया जा सकता है। फ्रेंडशिप नेटवर्क का हिस्सा होने से व्यक्ति जुड़ाव और खुद को मूल्यवान महसूस करता है। यह अपनेपन की भावना मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और उसे अकेलेपन, अलगाव की भावनाओं से बचा सकती है। दोस्त नियमित व्यायाम, संतुलित आहार जैसी स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करके और धूम्रपान या अत्यधिक शराब पीने जैसे हानिकारक आदतों से बचाकर व्यवहार को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

## बॉलीवुड में दोस्ती



**हिंदी फिल्म** इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ बदला है। एक ऐसी इंडस्ट्री जो अधिकतर बिजनेस बेनिफिट और स्वार्थ के लिए जानी जाती है। उस माहौल में भी कई स्टार्स की दोस्ती एक मिसाल की तरह है। जैसे, करीना-अमृता-मलाइका की एक दशक से भी ज्यादा पुरानी दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत और अटूट बनी हुई है। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, अनन्या पांडे और शनाया कपूर बचपन की दोस्त हैं। अनन्या, शनाया को सोल सिस्टर कहती हैं। अभिनेता रणबीर कपूर और निर्देशक अयान मुखर्जी का ब्रोमांस इंडस्ट्री में बेहद चर्चित है। सलमान खान और अजय देवगन भी वर्षों से पक्के दोस्त हैं। इस बारे में अजय कहते हैं, 'सलमान और मैं एक ही समय पर इंडस्ट्री में आए थे। पिछले 25 सालों से हमारी दोस्ती बरकरार है।'

सेल्फ मोटिवेशन

राजयोगी बीके निकुंज जी



# हमेशा साथ रहता है हमारा सच्चा मित्र

यह सही है कि आज के दौर में सच्चा मित्र मिलना बहुत कठिन है। बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहने वाला सच्चा मित्र। ऐसे ही सच्चे मित्र की तरह ईश्वर भी हमेशा हमारे साथ रहता है।

जरूरत के वक्त जो साथ दे, वही सच्चा मित्र होता है। यह पुरानी कहावत आज भी उतनी ही सच है, जितनी वर्षों पहले थी। जीवन के किसी न किसी मोड़ पर हम सभी ने इसे अनुभव किया है, कभी किसी अजनबी से, तो कभी उस शख्स से जिससे हमें कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन आज, जब हमारे जीवन में रिश्तों से ज्यादा 'कांटेक्ट्स' हैं, और मित्र बस केवल स्क्रीन पर दिखाई देने वाले नाम बनकर रह गए हैं, तब यह सवाल जरूरी हो गया है कि मित्रता वास्तव में हमारे लिए क्या मायने रखती है?

**हर रिश्ते से ऊपर:** जब आप आंखें बंद करके खुद से यह पूछते हैं कि मेरे जीवन में कौन वास्तव में मायने रखता है? तो आपका ध्यान शायद उस व्यक्ति की ओर नहीं जाता, जिसने आपको योग्य सलाह दी। बल्कि उस व्यक्ति को मन याद करता है, जो उस समय चुपचाप आपके कंधे पर हाथ रखकर पास बैठा रहा, जब आपकी दुनिया बिखर रही थी। जी हां! मित्रता वही रिश्ता है, जो न खून के रिश्ते से बंधा होता है, न शर्तों पर टिका होता है। एक सच्चा मित्र आपको वैसे ही स्वीकार करता है, जैसे आप हो न कि जैसे वह आपको देखना चाहता है। शायद इसलिए ही परिवार या रिश्तेदार से ऊपर हम हमेशा मित्रता को रखते हैं क्योंकि यही एक ऐसा रिश्ता है, जो हम अपनी पसंद से चुनते हैं।



**बनता है आत्मिक संबंध:** एक सच्चा मित्र शायद हमसे हमारी पसंद की बात हमेशा कह न पाए, लेकिन उसकी बात सीधे दिल तक पहुंचती है और इसीलिए उस व्यक्ति के साथ हमें एक आत्मीयता सी महसूस होती है, जो न किसी तर्क पर टिकी होती है, न किसी प्रयोजन पर। जब यह जुड़ाव दोनों ओर से होता है, जब आत्माएं एक-दूसरे को पहचानें और सम्मान दें, तब एक सुंदर संबंध का जन्म होता है। एक ऐसा संबंध, जो जीवन भर और शायद उसके बाद भी बना रहता है।

**सच्ची नहीं आभासी मित्रता:** आज बदलते युग में मित्रता का अर्थ बदलता जा रहा है। आज हम सहकर्मी, सहपाठी, जिम के साथी या सोशल मीडिया फॉलोअर्स को भी मित्र कह देते हैं। लेकिन साथ रहना और दिल से जुड़ना इन दोनों में बड़ा फर्क है। फेसबुक फ्रेंड होना, इंस्टाग्राम पर जन्मदिन की बधाई देना, ये सब असली मित्रता नहीं है। सच्ची मित्रता वहां होती है, जहां भावनात्मक समानता होती है, दिल से दिल का रिश्ता होता है, जहां न अहं होता है और न किसी भी प्रकार की अपेक्षा।

सवाल उठता है कि तो कौन होता है सच्चा मित्र? एक ऐसा व्यक्ति जिसके समक्ष आप बिना किसी मुखौटे के अपने मूल रूप में रह सकें, बिना कुछ छुपाए, बिना कुछ साबित किए। जो आपके दोषों को जानकर भी आपका साथ न छोड़े। जो शब्दों से नहीं, मौन से भी दिल तक पहुंच जाए और एक हल्के से स्पर्श या दृष्टि से आपको यह जता दे 'मैं यहीं हूं तुम्हारे साथ।' आज के इस तेज रफ्तार जीवन में, सबसे दुर्लभ बात है, उपलब्धता। वर्तमान काल में ऐसा कोई है, जो बिना विचलित हुए बस आपकी बात सुने? है कोई ऐसा? आजकल तो सभी से ज्यादातर, 'थोड़ी देर बाद बात करते हैं', फिर से कॉल करता हूं', 'थोड़ा बिजी हूं' यही सब सुनने को मिलता है, जो भावनात्मक दूरी की नई भाषा बन चुके हैं। इसीलिए इस बात से कोई इंकार नहीं करेगा कि आज हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां रिश्ते भी सुविधाओं के अनुसार चलते हैं। जब जरूरत हो, तब याद किया जाता है। जब हम किसी के काम के नहीं रहते, तो भुला दिए जाते हैं।

**ईश्वर होता है हमारा परममित्र:** आज के समय में ऐसा मित्र मिलना मुश्किल है, जो बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी शर्त के साथ दे। मैंने अपने अनुभव में पाया कि सबसे स्थायी, सबसे निःस्वार्थ मित्रता मुझे इंसानों में नहीं, बल्कि किसी और में मिली, सर्व शक्तिमान परमात्मा में। जी हां, उस दिव्य सत्ता में जिसे आप भगवान, ईश्वर, खुदा, सर्वोच्च आत्मा या सिर्फ मेरा सबसे प्यारा मित्र कह सकते हैं। हम प्रार्थना में अकसर उसे पिता, माता, गुरु या मार्गदर्शक कह कर पुकारते हैं। लेकिन क्या कभी आपने उससे एक मित्र की तरह बात की है? बिना किसी औपचारिकता, बिना किसी रीति-नीति के, बस सीधे दिल से? एक बार कोशिश कीजिए। जैसे अपने सबसे करीबी दोस्त से आप बात करते हैं, वैसे ही उनसे भी करिए, बिना कोई डर, बिना संकोच। फिर देखना आप अंदर ही अंदर महसूस करेंगे एक ऐसी शांति, ऐसा सुकून, जो किसी मानवीय रिश्ते में नहीं मिलता। उसका प्रेम प्रदर्शन पर नहीं अपितु उपस्थिति पर आधारित है। बस उसे दिल से याद कीजिए और वो आपकी हर धड़कन में मौजूद मिलेगा। *

लाइफस्टाइल

शिखर चंद जैन



अच्छे दोस्त मिलना सौभाग्य की बात है। इससे जिंदगी गुलजार हो जाती है। इसलिए किसी को अपना घनिष्ठ दोस्त बनाने से पहले उसमें मौजूद कुछ क्वालिटीज के बारे में जरूर जान लेना चाहिए।

# जिंदगी में बहुत जरूरी हैं ऐसे दोस्त

जिंदगी में अच्छे दोस्तों की अहमियत बहुत ज्यादा है, क्योंकि हम जो कुछ भी हैं अपने आस-पास के लोगों, अपनी संगत और माहौल की वजह से ही हैं। हमारे सपने, लक्ष्य, सोचने और काम करने का तरीका, रहन-सहन और जीने का अंदाज बहुत कुछ उन्हीं लोगों से प्रभावित होता है, जिनके साथ हम अपना ज्यादातर वक्त बिताते हैं। इसे मनोविज्ञानी लॉ ऑफ अट्रैक्शन कहते हैं। अमेरिकी व्यवसायी जिम रॉन ने कहा है कि आप उन 5 लोगों का एवरेज होते हैं, जिनके साथ आप हमेशा रहते हैं। इसलिए दोस्त बनाने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।

**जो देते हैं स्मार्ट सोशल सपोर्ट:** हम जो कुछ करते हैं, उसमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बहुत सारे लोगों का इंवॉल्वमेंट होता है। पर्सनल लाइफ हो या प्रोफेशनल लाइफ, अपने आर्थिक, मानसिक, सामाजिक और शारीरिक हितों के लिए हमें कुछ लोगों पर निर्भर होना पड़ता है, अच्छे दोस्त यह जरूरत पूरी करते हैं।

**जो ज्यादा समझदार हों:** महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने कहा था, 'अगर आप अपने इनर सर्किल में सबसे स्मार्ट या बुद्धिमान व्यक्ति हैं तो आप एक गलत सर्किल में रह रहे हैं।' कहने का तात्पर्य यह है कि आपको खुद से ज्यादा सफल, सक्षम, समझदार और प्रतिष्ठित दोस्तों के बीच रहना चाहिए। इसलिए आप ऐसे लोगों को दोस्ती के लिए चुनें, जो आपकी सफलता और मानसिक सुकून में आपके साथी बन सकें।

**जिनका साथ अच्छा लगे:** मानसिक बीमारियों के प्रबल वर्तमान दौर में मन का सुकून बड़ी दुर्लभ चीज हो गई है। अधिकांश इंसान दुश्चिंता और अवसाद से घिरे रहते हैं। ऐसे में जिन लोगों के बीच रहकर आपको मानसिक सुकून मिलता हो, जिनके साथ हंसी-मजाक का दौर चलता हो, उन्हें अपनी जिंदगी का हिस्सा जरूर बनाएं।

**जिनकी उपस्थिति में सहज महसूस करें:** ऐसे दोस्त जिनकी उपस्थिति में आप सहज महसूस करें और अपने मन की बातें बिना लाग लपेट के खुलकर कह सकें, उनको साथ रखना चाहिए। ये ऐसे लोग होते हैं, जिनके कुछ कहने पर आपका ईगो हर्ट नहीं होता और आप कुछ कह दें तो ये भी दिल पर नहीं लेते। ये शॉक एब्जॉर्बर करने वाले लोग, जिनकी आपको जरूरत होती है।

**जो बुरे वक्त में साथ खड़े रहते हों:** हर व्यक्ति की जिंदगी में दो चार दोस्त ऐसे जरूर होने चाहिए, जो बुरे वक्त में उसके साथ खड़े रह सकें। बीमारी की स्थिति में सही डॉक्टर या अस्पताल तक पहुंचाना और तीमारदारी, दुख की घड़ी में



संबल प्रदान करने वाला और आर्थिक मुसीबत के वक्त पैसों की मदद करने वाले लोग निहायत जरूरी हैं। आपको भी ऐसे लोगों से अपने रिश्ते प्रगाढ़ रखने चाहिए।

**जो आत्मविश्वास बढ़ाते हों:** आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करना चाहते हैं, कोई नया बिजनेस करना चाहते हैं या चैलेंजिंग जॉब ज्वाइन करना चाहते हैं तो शुरू-शुरू में हिचक रहती है। ऐसे में आप असफल लोगों से राय मांगेंगे तो वे आप को हतोत्साहित कर देंगे। वहीं सकारात्मक स्वभाव के दोस्त आपका आत्मविश्वास बढ़ाएंगे, पॉजिटिव सजेशन देंगे और आपको प्रेरणा देंगे। ऐसे लोगों से मेल मिलाप अवश्य रखें।

**जो आपसे ईर्ष्या ना करते हों:** कुछ लोग अपने इर्द-गिर्द वालों की तरक्की, खुशहाली और सुकून नहीं देख सकते। ये ईर्ष्यालु होते हैं और मौका मिलते ही टांग खींचते हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती करने से दूर रहें। जो लोग आपकी सफलता को सराहते हैं और आपसे प्रेरणा या सलाह लेना चाहते हैं, उन्हें अवश्य अपने सर्किल में रखें। इनसे आप जीवन में कभी खुद को अकेला महसूस नहीं करेंगे। *

दोहे / राजश्री राठी

## बरखा नर्तन करे



झंकृत वीणा ह्रदय की छेड़ रही अनुराग।
बरखा नर्तन यूं करे जैसे पद में राग।।
नैन बाट जोहत रहे भर-भर कर मनुहार।
बरखा का स्वागत करे ह्रदय कुसुम बन हार।।
बरखा छम-छम यूं करे ज्यूं पायल झनकार।
दुल्हन रूप धरा लिए सज सोलह सिंगार।।
गरजे घन-घन मेघ जब करते बंद किवाड़।
बैरन सी बरखा हुई मन को रही बिगाड़।।
बादरवा घनन गरजे मन मोरा घबराय।
पिया रहे परदेस में नैन नेह बरसाय।।
छम-छम बरखा जो हुई मन मे भरी उमंग।
आसमान में उड़ रही जैसे कोई पतंग।।

कहानी

विनय कुमार पाठक

## राखी का तोहफा

बेईमानों से भरी इस दुनिया में भी बहुत से ऐसे ईमानदार हैं, जिनका मन विपन्नता में भी किसी के पड़े बैग में ढेर सारे पैसे देखकर भी नहीं डगमगाता। ऐसे ही एक कबाड़ बटोरने वाले गरीब इंसान की दिल को छूती कहानी।



एआई इमेज

राजेंद्र एक कबाड़ बीनने वाला है, वह रोज की तरह रेलवे स्टेशन पर कचरे के ढेर में अपने काम की चीजें तलाश रहा था। उसकी नजरें बेहद सतर्क थीं-प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डिब्बे और अपने काम की अन्य चीजे, उसकी निगाहें तलाश रही थीं। इन्हें वह कबाड़ी को बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। उसने अपनी बोरी में ऐसी कई चीजें भर रखी थीं, लेकिन वह कुछ और सामान बटोरना चाह रहा था।

तभी राजेंद्र की नजर दूर पड़े एक भूरे रंग के हैंडबैग पर पड़ी। 'शायद किसी अमीर आदमी ने यूं ही फेंक दिया होगा।' राजेंद्र ने सोचा। उसे मालूम है, जो चीजें अमीरों के लिए बेकार होती हैं, वही किसी गरीब के लिए बहुत काम की होती हैं। उसे पहले भी कूड़े से एक जोड़ी अच्छे जूते मिले थे, जिसे वह खुद इस्तेमाल कर रहा था। यह बैग उसे कुछ ऐसा ही अवसर लग रहा था।

तेजी से चलकर राजेंद्र उस बैग तक पहुंचा। सौभाग्य से आस-पास कोई और रद्दी बीनने वाला नहीं था। बैग अच्छी हालत में था। बस उसका हैंडल टूटा हुआ था, जिसे कोई मोची आसानी से ठीक कर सकता था। राजेंद्र ने इधर-उधर देखा कि कोई देख तो नहीं रहा, फिर बैग के बीच वाला चेंबर खोला। अंदर देखा तो उसके होश उड़ गए-उसमें पांच सौ के नोटों की एक मोटी गड्डी थी। साथ ही एक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड भी रखा दिखा।

यह अप्रत्याशित दौलत देखकर राजेंद्र के मन में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन दूसरे ही पल उसे अहसास हुआ कि कार्ड उसके किसी काम के नहीं हैं। राजेंद्र ने सुना था कि किसी और के कार्ड इस्तेमाल करने पर जेल हो सकती है। हो सकता है, यहां कहीं लगा सीसीटीवी कैमरा यह सब कवर कर रहा हो। उसका बेवजह फंसने का कोई इरादा नहीं था। एकाएक राजेंद्र के दिमाग में आया, हो सकता है इस बैग के मालिक को पैसों की बहुत जरूरत हो, दवाई या किसी और जरूरी काम के लिए। अपने मन के बोझ को दूर करने के लिए वह सीधे रेलवे स्टेशन जा पहुंचा। स्टेशन मास्टर के केबिन में जाकर बोला, 'साहब, यह बैग मुझे रेलवे ट्रैक के पास मिला था, जब मैं कबाड़ बीन रहा था।'

'ठीक है, जाकर उधर एक किनारे बैठ जाओ।' स्टेशन मास्टर ने कहा। वहां रूम में एक व्यक्ति बैठा हुआ था। वह चिंतित दिख रहा था।

'मिस्टर अजय, शायद यही वह बैग है, जिसकी आप तलाश कर रहे थे।' स्टेशन मास्टर ने उस व्यक्ति से पूछा।

'संभव है, मेरी कुलीग मीनाक्षी ने बताया था कि उसका ब्राउन बैग खो गया है। इसका डिटेल इससे मेल खाता है। उसमें आईडेंटिटी कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और आज की सैलरी थी।' अजय ने जवाब दिया और राजेंद्र को थोड़ा संदेह की नजर से देखा।

'हां, इसमें पांच सौ के नोटों की मोटी गड्डी और दो कार्ड हैं।' राजेंद्र ने बताया।

'हमें इसकी पुष्टि करनी होगी।' स्टेशन मास्टर ने कहा और बैग खोलकर देखा। अंदर मीनाक्षी माथुर का ऑफिस पहचान पत्र और दोनों कार्ड मौजूद थे। नाम कार्ड पर स्पष्ट लिखा हुआ था।

'अजय जी, प्लीज मीनाक्षी जी को तुरंत फोन करें और बताएं कि उनका बैग मिल गया है, मेरे पास सुरक्षित है। आधार, वोटर कार्ड या पैन कार्ड लेकर आएं और सत्यापन करवा लें।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

अजय ने तुरंत मीनाक्षी को कॉल किया। वह पहले से ही बहुत परेशान थी। कॉल उठाते ही बोली, 'मैं अभी आ रही हूं। आधे घंटे में पहुंच जाऊंगी। प्लीज उस सज्जन को रोकिए, जिन्होंने बैग लौटाया है। मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। मेरे लिए यह पैसा बहुत जरूरी है।'

'सर, अब मैं जा सकता हूं?' राजेंद्र ने पूछा।

'हां, आप जा सकते हैं। आपकी ईमानदारी सराहनीय है। रेलवे प्रशासन को मैं आपके लिए पुरस्कार की सिफारिश करूंगा। आप अपना नाम और पता नोट करवा दीजिए।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

'भाई साहब, जरा रुक जाइए। बैग की मालकिन आने ही वाली हैं, वो आपको व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहती हैं।' अजय ने आग्रहपूर्वक कहा।

'ठीक है।' राजेंद्र ने कहा और अपना बोरा किनारे रखकर बैठ गया। करीब पैंतालीस-पचास मिनट बाद मीनाक्षी पहुंची, थोड़ी हांफती हुई।

'माफ कीजिए, ट्रैफिक बहुत था, इसलिए देर हो गई।' मीनाक्षी ने कहा। फिर अपना आधार कार्ड देकर प्रक्रिया पूरी की। स्टेशन मास्टर ने उसे बैग सौंप दिया।

'भाई साहब, मैं आपकी ईमानदारी के लिए आपको दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। आज मेरी सैलरी मिली थी, वह कुछ ही घंटों में गुम हो गई। भीड़ में ट्रेन से उतरते समय हैंडल टूट गया था। ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन नहीं मिला। मैं आपको कुछ देना चाहती हूं, इसलिए देर हो गई। क्या आपको पता है कि आज रक्षा बंधन है?' मीनाक्षी ने अपने पर्स से एक राखी निकाली और मुस्कुरा दी। राजेंद्र ने बिना झिझक अपना हाथ बढ़ा दिया। मीनाक्षी ने पूरे स्नेह से उसे राखी बांधी। राजेंद्र ने अपनी फटी हुई जेब से एक छोटा पर्स निकाला। उसमें केवल दस रुपए का एक नोट था। उसने उस नोट को निकाला और कहा, 'मेरे पास बस यही है।' 'भैया, आपको कुछ भी देने की जरूरत नहीं है। आपकी ईमानदारी ही मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा है।' मीनाक्षी ने कहा और अपने बैग की ओर इशारा किया, आगे बोली, 'मैं मिठाई नहीं ला पाई तो कृपया ये पैसे रख लीजिए। अपने लिए मिठाई खरीद लीजिएगा।' उसने बैग से पांच सौ के दो नोट निकाले और राजेंद्र को सौंप दिए।

राजेंद्र थोड़ा झिझका, लेकिन स्टेशन मास्टर और अजय ने उसे कहा, 'यह पैसा स्वेच्छा से दे रही हैं, इसे लेने में कोई बुराई नहीं है।' अंततः राजेंद्र ने पैसे ले लिए और कमरे से बाहर निकल गया।

'आज भी ऐसे नेक लोग हैं दुनिया में।' मीनाक्षी ने अजय से कहा। वह राजेंद्र को जाते हुए तब तक देखती रही, जब तक नजरों से ओझल नहीं हो गया। *

सीनियर अधिकारी नियुक्त कर किया जांच कराने आग्रह

# सिंह ने कहा, मालथौन में आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा, राजस्व मंत्री वर्मा ने दिया जांच कराने का आश्वासन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन में सरकारी जमीनों पर कब्जा किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने के मामले में एक सीनियर अधिकारी की नियुक्ति कर एक महीने में जांच कराने का आग्रह किया। साथ ही इस तरह की अनुमति पर रोक लगाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि 500 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है, जिसकी खरीद-फरोख्त हो चुकी है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने माना कि मालथौन में जमीनों पर कब्जा है। उन्होंने भूपेंद्र सिंह के प्रस्ताव पर सीनियर अफसर भेज कर जांच के लिए सदन में आश्वासन दिया।




आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन गलत तरीके से खरीदी गई: भूपेंद्र

विधानसभा में ध्यनाकर्षण के जरिए खुरई विधानसभा का मामला उठाया

## रद्द होना चाहिए सभी रजिस्ट्रियां



विधायक भूपेंद्र सिंह ने मालथौन के गोविंद सिंह राजपूत द्वारा आदिवासियों की जमीनों को दबाव और लालच देकर खरीदने, सरकारी जमीनों पर कब्जा करने का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन गलत तरीके से खरीदी गई है। ये सभी रजिस्ट्रियां रद्द होना चाहिए। बता दें, गोविंद को भूपेंद्र ही भाजपा में लेकर आए थे, लेकिन अब उनके साथ पटरी नहीं बैठ रही। यह लड़ाई अब विधानसभा तक पहुंच गई।

## जनजातियों की जमीन बचाने को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया: कैलाश

भूपेंद्र सिंह के ध्यानाकर्षण के दौरान विजय शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का हंगामा जारी था। इसे देखते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक ओर भाजपा के विधायक द्वारा जनजातियों की जमीन बचाने को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया है, दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के लोग जनजातियों की जमीन पर कब्जे पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों में खासी तकरार हुई।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल ने उठाया पीएचई में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा

### जब तक नियमित भर्ती नहीं होती तब तक अस्थाई तौर पर व्यवस्था की जाए



भोपाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में उप यंत्री और सहायक यांत्रियों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब तक नियमित भर्ती नहीं होती तब तक अस्थाई तौर पर व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को दिक्कत का सामना न पड़े। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल को सवाल उठाने की जरूरत नहीं पड़ना चाहिए थी। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, इसलिए मंत्री को उनसे बात कर समस्या दूर करना चाहिए थी। इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह हमारे अध्यक्ष की सादगी है। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मैं विधायक भी हूं, इसलिए मैं सवाल कर रहा हूं। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने बता दिया कि पद मिल जाता है तो पावर कम हो जाता है।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा, सवाल की मर्यादा का ध्यान रखा



विधानसभा के स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल सदन के सदस्य हैं और उन्होंने सवाल की मर्यादा का ध्यान रखा है। खंडेलवाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं यह एक अलग पक्ष है। विधानसभा के सदस्य हैं और सदस्य होने के नाते हुए अपने क्षेत्र की समस्या उठा रहे हैं। पीएचडी मंत्री संपत्तिया उइके ने सवाल के जवाब में कहा कि 14 सब इंजीनियर वहां रखे गए हैं और यहां 22 सब इंजीनियर होने चाहिए, जिसमें से 13 सब इंजीनियर एक सहायक यंत्री है। प्रदेश में उप यंत्री के 242 में से 113 पद भरे हुए हैं बाकी रिक्त है। पदोन्नति न होने के कारण बहुत से पद रिक्त हैं। जैसे ही पदोन्नति होगी रिक्त पदों को भरा जाएगा।

## पीएचई मंत्री उइके के खिलाफ कमीशनखोरी संबंधी शिकायत मिलने से सरकार का इंकार

### कहा, पीएमओ से नहीं आया कोई पत्र



भोपाल प्रदेश सरकार ने पीएचई में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार और मंत्री संपतिया उइके के विरुद्ध कमीशनखोरी की शिकायत मिलने से इंकार किया है। सरकार ने विधानसभा को दी जानकारी में बताया है कि पीएचई विभाग के इस मिशन को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को कोई शिकायत नहीं हुई है। न ही विभाग के प्रमुख अभियंता ने जिलों से सात दिन में इस मामले की जांच को लेकर कोई रिपोर्ट मांगी है।

### कांग्रेस के कटारे ने पूछा था सवाल



कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने विधानसभा में सरकार से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में की गई पूर्व विधायक किशोर समरीते की शिकायत की कॉपी मांगी थी। साथ ही प्रमुख अभियंता द्वारा तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट देने के लिए जारी किए गए निर्देश की जानकारी भी मांगी थी। उन्होंने पूछा कि क्या पिछले दिनों कैबिनेट बैठक के लिए विभाग द्वारा इस विषय पर चर्चा का बिंदु मुख्य सचिव को भेजा था?

### मंत्री ने कहा, जांच का सवाल ही नहीं

जवाब में पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने विधायक को लिखित जवाब में बताया है कि किशोर समरीते नाम के व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए किसी तरह की जांच और रिपोर्ट मांगने का सवाल नहीं होता।

*खाद की कमी और नैनो यूरिया को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा*

## कांग्रेस विधायकों ने सदन में प्रदर्शन कर कहा 'किसानों को खाद दो', 'नैनो यूरिया बंद करो'

मध्य प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के पांचवें दिन की शुरुआत भी हंगामेदार रही। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने खाद की खाली बोरियां और नैनो खाद की प्रतीकात्मक बोतलें लेकर सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि लाखों किसान खाद के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं। महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जमा हुए कांग्रेस विधायकों ने 'किसानों को खाद दो', 'नैनो यूरिया बंद करो' जैसे नारे लगाकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक खाद-बीज की बोरियों के साथ ही हाथों में सफेद तख्तियां लिए नजर आए। इन तख्तियों पर सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादे लिखे थे।



### मिट्टी की स्थिति के अनुरूप नहीं नैनो यूरिया: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किसान की आय दोगुनी करने के वादे पर सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि सरकार नैनो यूरिया को बढ़ावा दे रही है, जो किसानों की जरूरतों और मिट्टी की स्थिति के अनुरूप नहीं है। किसान नैनो यूरिया से परेशान हैं, उन्हें उनकी जरूरत और मिट्टी की स्थिति के आधार पर खाद चाहिए, लेकिन सरकार नैनो यूरिया थोप रही है।

### कब होगी किसानों की दोगुनी आय: नितेंद्र सिंह

*किसानों की आय दोगुनी करने के वादे पर कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने सरकार पर किसानों से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खाद की किल्लत ने किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ दिया है। इस बार रबी और खरीफ दोनों मौसमों में खाद की कमी रहने के साथ हर जिले में वितरण में भ्रष्टाचार देखा गया। नितेंद्र सिंह राठौर ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ही खाद संकट का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन करेगी।*

### एडवांस खाद स्टोरेज नवाचार हुआ सफल: सारंग



मप्र खाद की किल्लत पर विधानसभा में कांग्रेस के प्रदर्शन पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश में खाद की स्थिति नियंत्रण में है। प्रदेश में एडवांस खाद स्टोरेज नवाचार सफल हुआ है। किसानों को पर्याप्त खाद दी जाएगी। खाद की कहीं कोई कमी नहीं है। कुछ स्थानों पर दिक्कत आने वाली स्थिति बन तो उसे भी ठीक कर लिया जाएगा। कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी।

### कांग्रेस का खाद-बीज जनता ने बंद कर रखा: रामेश्वर



विधानसभा में खाद को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को न जनता खाद देना चाहती है, न बीज देना चाहती है। कांग्रेस का बीज तो पहले से ही खराब हो चुका है। इसलिए हम देख रहे हैं कि कांग्रेस पिछले 10-15 साल से खरपतवार की तरह उगती है और खत्म हो जाती है। इस तरह देखें तो गाजर घास और कांग्रेस घास में कोई फर्क नहीं है। किसानों के लिए खाद भी उपलब्ध है, बीज भी उपलब्ध है और वो भी गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है। खाद-बीज में अगर कोई कालाबाजारी कर रहा है, तो वह पकड़ा जा रहा है, डंडे खा रहा है और जेल भेजा जा रहा है। मोहन सरकार किसानों की भलाई और उनके हित के लिए काम कर रही है।

भोपाल मेट्रो का शुभारंभ और पीएम मित्र पार्क धार का करेंगे भूमिपूजन

विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का मिल रहा आशीर्वाद

# प्रधानमंत्री मोदी के मप्र आगमन की तिथि शीघ्र होगी निर्धारित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मिल रहा आशीर्वाद सभी प्रदेशवासियों के लिए उत्साहवर्धक है। प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ और धार में आरंभ होने वाले प्रधानमंत्री मित्र पार्क के भूमिपूजन में स्वयं उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान करने की मौखिक सहमति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी से प्रदेश के किसान सम्मान कार्यक्रम में भी सहभागिता के लिए अनुरोध किया है। इन तीनों कार्यक्रमों के लिए शीघ्र ही प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा तिथि निर्धारित की जाएगी। डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी से भेंट कर मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया।



**सीएम ने किया जन संवेदना समिति की स्मारिका का विमोचन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में जन संवेदना समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल एवं वरिष्ठ पत्रकार सतीश सक्सेना सहित अन्य लोग शामिल हुए।

एक वर्ष पहले ज्वॉइन की थी नौकरी, मामला संदिग्ध

# कन्या छात्रावास की अधीक्षिका ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज



नगर के वार्ड क्रमांक 3, रिंग रोड में स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा ने संदिग्ध परिस्थितियों में सुबह दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी विद्यालय के अन्य स्टाफ को लगी तो तत्काल दरवाजे को जोर से धक्का देकर उसे फांसी से उतारा गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा पिता संजय कुमार उम्र 25 वर्ष पटना बिहार की रहने वाली थी। वह पिछले वर्ष 27 जून 2024 को कन्या छात्रावास अधीक्षका के रूप में पदभार ग्रहण किया था। एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य राजू सिंह ने बताया कि नेहा व्यवहार कुशल एवं अपने कर्तव्य के प्रति कर्मठ कर्मचारी थी। रात तक उसने अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। सुबह 10:30 बजे के करीब विद्यालय के अन्य स्टाफ से मुझे आत्महत्या की जानकारी मिली, जिसके बाद इसकी सूचना थाने में दी गई।

### नाबालिग छात्रा ने लगाई फांसी

*कोरबा में बालको थाना अंतर्गत 16 साल की अदिति सोलंकी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह जैन पब्लिक स्कूल गोढ़ी में 11वीं की छात्रा थी और उसके पिता अजय पाल सिंह एक ठेकेदार हैं। अदिति के परिवार में उसके पिता, बड़े पिता जो बाल्को कर्मी हैं, और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। अदिति और उसके परिजनों के बीच रात में स्कूल जाने को लेकर कहासुनी हुई थी। सुबह अदिति को पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अदिति जिद्दी थी और अक्सर छोटी-छोटी बातों पर नाराज हो जाती थी। अदिति ने किसी दुकान से उधार में कोल्ड ड्रिंक और चिप्स लिए थे, जिसे लेकर परिजनों ने उसे समझाया भी था। मृतका 11 की छात्रा थी जो जैन पब्लिक स्कूल गोढ़ी में पढ़ाई करती थी। बालको थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।*

### आत्महत्या की पांचवीं घटना से लोग हैरान

*रामानुजगंज क्षेत्र में बीते 45 दिनों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की यह पांचवीं घटना है। फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले सभी लोगों की उम्र 18 से लेकर 30 वर्ष के बीच है एवं सभी अविवाहित थे। मात्र डेढ़ माह में होने वाली इन घटनाओं से लोग हैरान हैं।*

### घटना से पहले तक ठीक-ठाक थी नेहा

विद्यालय के अन्य सहयोगी कर्मचारी ने बताया कि सुबह तक वह लोगों से ठीक-ठाक बात विचार कर रही थी एकाएक घटना से सभी स्तब्ध हैं। घटना के बाद विद्यालय के कर्मचारियों के द्वारा यहां फांसी से शव को निकल गया। वही नेहा का लगातार मोबाइल बज रहा था। इंस्टाग्राम के माध्यम से नेहा के दूसरे सहयोगी ने विद्यालय स्टाफ को घटना की सूचना किसी युवक के द्वारा दी गई।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के परिचयात्मक कार्यक्रम को संबोधित किया

**मुख्यमंत्री बोले -विपक्ष के नेता लगाते थे नौकरियों की बोली, हमने युवाओं को मेरिट के आधार पर दी नौकरियां**

# कर्मचारी मिलकर सशक्त, समावेशी व आत्मनिर्भर हरियाणा का निर्माण करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कर्मचारी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं और प्रदेश के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों का कार्यक्षेत्र चाहे जो भी हो, भावना केवल एक होनी चाहिए जनहित सर्वोपरि। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि सभी एक टीम की तरह मिलकर एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर हरियाणा का निर्माण करें। मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में आयोजित नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के परिचयात्मक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकारी नौकरी मात्र नौकरी नहीं होती, बल्कि यह उस मातृभूमि की सेवा का अवसर होता है, जिसने हमें सब कुछ दिया। उस समाज की सेवा जिसने हमें पहचान दी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी जनता और शासन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा विकास और नवाचार की धरती है। हरियाणा आज देश में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस जैसे हर क्षेत्र में हम नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यह सफलता केवल नीति-निर्माताओं की नहीं, यह सफलता मेहनती और ईमानदार अधिकारियों व कर्मचारियों की भी है, जो दिन-रात अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं।

### जन सेवा ही परम धर्म के मंत्र के साथ काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार वर्ष 2014 से जन सेवा ही परम धर्म के मंत्र के साथ गति से काम कर रही है। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई है। आज यह नीति केवल कागजों पर नहीं है, बल्कि ज़मीन पर हकीकत में दिखती भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में हर क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। वर्ष 2014 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में 14वें स्थान पर था, लेकिन पिछले 11 वर्षों में आर्थिक उन्नति के बाद आज भारत की अर्थव्यस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन चुकी है।

### मेहनत के बल पर मिल रही नौकरियां



मुख्यमंत्री ने विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान विपक्ष के एक नेता चुनाव प्रचार के दौरान कह रहे थे कि मुझे 50 वोट दो और मैं एक नौकरी दूंगा। नौकरियों की बोलियां लग रही थी, लेकिन हमारी सरकार ने आज इस प्रकार के सिस्टम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और केवल मैरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। आज गरीब परिवारों के बच्चे भी सरकारी नौकरी में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 30 हजार सरकारी नौकरियां दी हैं। ग्रुप सी व डी के पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार खत्म कर लिखित परीक्षा का प्रावधान किया है। सरकारी नौकरियों के अलावा, 2083 रोजगार मेलों का आयोजन करके 1 लाख 6 हजार 283 युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा है।

## दो लाख के इनामी नक्सली सहित तीन गिरफ्तार

**सुकमा।** थाना केरलापाल क्षेत्रान्तर्गत प्रतिबंधित माओवादी संगठन में सक्रिय दो लाख रुपये के इनामी नक्सली सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से रखे गए टिफिन आईईडी बम एवं अन्य विस्फोटक सामग्री को भी बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना केरलापाल में वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। तीनों नक्सली थाना केरलापाल क्षेत्र के ग्राम गोगुंडा के निवासी हैं। उक्त कार्रवाई थाना केरलापाल पुलिस बल, डीआरजी एवं 159 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 1 अगस्त 2025 को ग्राम गोगुंडा, पोंगाभेजी, सिमेल, खुंडूशपारा और आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग हेतु संयुक्त बल रवाना हुआ था। इसी दौरान ग्राम पोंगाभेजी व रबड़ीपारा के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र से तीन नक्सलियों क्रमशः (1) पोड़ियाम नंदा पिता देवा, गोगुंडा पंचायत मिलिशिया कमांडर, इनामी 2 लाख, 40 वर्ष, निवासी गोगुंडा डुंगिनपारा, (2) हेमला जोगा पिता स्व. नंदा, गोगुंडा पंचायत मिलिशिया सदस्य, 28 वर्ष, निवासी गोगुंडा इंतापारा, (3) हेमला गंगा पिता स्व. गंगा, गोगुंडा पंचायत मिलिशिया सदस्य, 45 वर्ष, निवासी गोगुंडा इंतापारा को गिरफ्तार किया गया। ये सभी प्रतिबंधित माओवादी संगठन केरलापाल एरिया कमेटी अंतर्गत गोगुंडा पंचायत मिलिशिया संगठन में सक्रिय थे। आरोपियों के कब्जे से 2 नग टिफिन बम (वजन लगभग 3-3 किग्रा), 3 नग डेटोनेटर, 2 नग जिलेटिन रॉड, कोर्डेक्स वायर लगभग 2 मीटर, इलेक्ट्रिक वायर (लाल-काला रंग) लगभग 18 मीटर, तथा 2 नग बैटरी बरामद किए गए।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **बलदेव सिंह पुत्रः** बलबीर सिंह **पताः** मकान नंबर 11/119 बी ब्लॉक फेज–9 संत नगर बुराड़ी, दिल्ली, ने **FIR No. 21/2014, U/s 279/337 IPC थानाः बुराड़ी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलदेव सिंह** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलदेव सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 21/2014, U/s 279/337 IPC थानाः बुराड़ी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बलदेव सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
जेएमएफसी–09, कमरा नंबर 286, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट
तीस हजारी, दिल्ली

DP/10287/N/2025
(Court Matter)

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ थोपने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहना नई दिल्ली को नागवार गुजरा है। भारत ने वाशिंगटन को सीधा संदेश दिया है कि भारत की ट्रेडनीति अपनी जरूरतों के हिसाब से है। कोई दूसरा तय नहीं कर सकता कि भारत किससे क्या खरीदेगा। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही ट्रंप को चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है, खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा भी बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। आजकल में पेश है ट्रंप डेड बोल के असर का विश्लेषण...**

# ट्रंप के 'डेड' बोल भारत को नागवार



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है, यह असंभव है।**





राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर सत्तासीन होने के पश्चात अपनी राजनीतिक शक्ति के अहंकार में एकदम मदहोश हो गए हैं। सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। ट्रंप ने ये भी फरमाया कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं डूबती है तो डूब जाने दो, मुझे क्या? विश्व पटल पर क्या कोई भी कुशल, सुलझा हुआ और जानकार सर्वोच्च राजनेता किसी भी मुल्क के लिए इस तरह के तल्ख अल्फाज कदाचित अभिव्यक्त कर सकता है? समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। आने वाले वक्त में भारत यथाशीघ्र पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला मुल्क बन जाएगा। विश्व बैंक और आईएमएफ के इन आंकड़ों को नज़रअंदाज़ करके इस धरा पर कोई नासमझ व्यक्ति ही भारत की अर्थव्यवस्था को एक मृत अर्थव्यवस्था करार दे सकता है।

## ट्रंप का डेड इकॉनामी का जुमला बेतुका

विश्व पटल पर भारत के सबसे भरोसेमंद मित्र राष्ट्र रूस की अर्थव्यवस्था की तरफ एक दृष्टिपात करें तो रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भी फरवरी 2022 से रूस की अर्थव्यवस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निरंतर 4.3 प्रतिशत की विकास गति से आगे बढ़ रही है। जबकि इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष केवल 1.1 प्रतिशत है और अमेरिका की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष 2.8 प्रतिशत रही है। विश्व बैंक और आईएमएफ के प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आंकड़ों से बाकायदा सिद्ध हो जाता है कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ वस्तुतः अमेरिका की इकॉनामिक ग्रोथ से कहीं आगे छलांगें लगा रही हैं। ब्रिक्स देशों के संगठन की सैन्य और आर्थिक शक्ति से एकदम बौखलाए और दिग्भ्रमित हुए डोनाल्ड ट्रंप ही भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के डेड इकॉनामी वाले जुमले का वास्तविकता से कोई भी ताल्लुक नहीं है। विश्व पटल पर सबसे अधिक जीडीपी वाले देश हैं, क्रमशः अमेरिका, चीन, जर्मनी और भारत। जीडीपी के मामले में वस्तुतः दुनिया के पटल पर जापान को पीछे छोड़कर भारत चौथे नंबर पर आसीन हो चुका है। निकट भविष्य में प्रबल संभावना है कि जर्मनी को भी पीछे छोड़कर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते की खातिर बातचीत विगत छह महीनों से निरंतर जारी है। हालांकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता अपने अंतिम पड़ाव तक अभी पहुंच नहीं सका है किंतु दुर्भाग्यपूर्ण रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यकायक एकतरफा फैसला लेते हुए, भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क आयद करने का ऐलान कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी ऐलान किया कि भारत यदि रूस से तेल खरीदता है तो फिर पैनल्टी के तौर पर अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) भी आयद किया जाएगा।

## अमेरिका से व्यापार समझौते में अड़चन

परिणाम स्वरूप अमेरिका द्वारा भारतीय सामान पर आयात शुल्क की दरें 27 प्रतिशत से कहीं ऊपर उठकर तकरीबन 30 प्रतिशत हो जाएंगी। भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते में सबसे बड़ी अड़चन आई है कि डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि किसी भी तरह से भारत अमेरिका के साथ 500 अरब डॉलर की ट्रेड डील साइन कर ले और वह भी अमेरिका द्वारा थोपी गई मनमानी शर्तों पर। भारत के करोड़ों किसानों और छोटे उद्योगों के हितों की रक्षा करने के लिए भारत सरकार कुछ खास पहलुओं पर अमेरिका से व्यापार समझौता कदापि नहीं करना चाहती है। राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए भारत के बाजार को खोल देने की जिद पर अड़े हैं। भारत अपने डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए कदापि खोलना नहीं चाहता है। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अपनी सशस्त्र सेनाओं के लिए रूस का दामन छोड़कर अमेरिका से आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र खरीदे। सर्वविदित है कि रूस द्वारा भारत को अस्त्र-शस्त्रों के साथ ही उनको निर्मित करने की तकनीक भी उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अमेरिका कदाचित ऐसा नहीं करता है और अमेरिका वस्तुतः रूस के मुकाबले भारत के लिए कहीं अधिक ऊंचे दामों पर अपने अस्त्र-शस्त्रों की कीमत तय करता है। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा अमेरिका के एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमानों की खरीद के प्रस्ताव को संभवतया इसलिए ठुकरा दिया गया, हालांकि अभी तक भारत द्वारा इन विमानों के विषय में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## एफ-35 से बेहतर है रूस निर्मित विमान

भारत के जाने-माने सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमान के मुकाबले में रूस द्वारा निर्मित एसयू-57 स्टील्थ फाइटर विमान कहीं अधिक बेहतर और अपेक्षाकृत कम कीमत वाला है। यह भी एक कारण हो सकता है कि भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त पेनाल्टी आयद करने में डोनाल्ड ट्रंप ने जल्दबाजी प्रदर्शित की है। विश्व पटल पर भारत अकेला देश नहीं है जो कि अमेरिका के आयात शुल्क का दबाव झेल रहा है, वरन् दुनिया में ऐसे और भी 90 देश हैं, जोकि अमेरिका के मनमाने आयात शुल्क के दबाव का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सदैव भारत को अपना दोस्त देश कहकर पुकारा है। यक्ष प्रश्न है कि ट्रंप ने अपने दोस्त देश के साथ ऐसा दगा क्यों किया है?

उल्लेखनीय तथ्य है कि विगत अनेक वर्षों से अमेरिका वस्तुतः भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के मध्य कुल व्यापार 131.84 अरब डॉलर का रहा। भारत द्वारा अमेरिका को 87.4 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया गया और भारत द्वारा अमेरिका से 41.8 अरब डॉलर का सामान आयात किया गया। बाजार व्यवस्था के जानकारों के मुताबिक भारत पर अमेरिका द्वारा तकरीबन 30 प्रतिशत आयात शुल्क आयाद करने से भारत की जीडीपी में तकरीबन 0.20 प्रतिशत की कमी आ सकती है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कुछ शिथिल हो सकता है। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी ताकतवर है, क्योंकि भारत तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश है। भारत के पास अपने ही देश में मजबूत घरेलू मांग और बाजार भी मौजूद है। अमेरिकी बाजार का सशक्त विकल्प तलाश कर लेने की प्रबल संभावना भारत के पास विद्यमान है। अतः भारत को यूरोपीय संघ, जापान, आसियान देश, अफ्रीकी देश और लैटिन अमेरिका जैसे देशों के वैकल्पिक बाजारों पर अपना समुचित ध्यान केंद्रित करना होगा। ग्लोबल साउथ देशों का सारा बाजार भारतीय सामान का इंतजार कर रहा है। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जबरदस्त चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है। अमेरिका में खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर अत्यंत प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। हालांकि विस्तारवादी चीन के साथ भारत के बुनियादी मतभेद कायम हैं, लेकिन भारत-चीन के द्वारा परस्पर व्यापार में निरंतर वृद्धि की जा सकती है।

## विश्व व्यापार संगठन की हिदायत का उल्लंघन

तकरीबन तीस वर्ष पहले विश्व पटल पर विश्व व्यापार संगठन का उदय हुआ था। उस वक्त विश्व के देशों ने विचार किया था कि आर्थिक प्रगति के नियमों के आधार पर वैश्विक व्यापार को संचालित किया जाना चाहिए। विश्व व्यापार संगठन के स्थापित नियमों ने दुनिया की महाशक्तियों का विशेषकर नव साम्राज्यवादी शक्तियों का बहुत अधिक दबाव बर्दाश्त किया है, इसके बावजूद वैश्विक व्यापार में शानदार प्रगति का दीदार हुआ है। दुर्भाग्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अप्रैल 2025 में अंजाम दिए गए टैरिफ ऐलान ने विश्व व्यापार के संतुलन को एकदम बिगाड़ कर रख दिया। विश्व व्यापार संगठन का बुनियादी विचार रहा है कि विकसित देशों को विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को ताकत प्रदान करने की खातिर अपेक्षाकृत कम आयात शुल्क आयद करना चाहिए। दुर्भाग्य से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन की इस बुनियादी हिदायत का घनघोर उल्लंघन किया है। दुनिया के पटल पर अगर आर्थिक तौर पर ताकतवर देश अपेक्षाकृत कमजोर देशों के साथ इस तरह का व्यवहार करेंगे तो फिर दुनिया में चौतरफा आर्थिक प्रगति का संकल्प एक कटु कल्पना रह जाएगा। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार को लेकर यदि कूटनीतिक कटुता बढ़ जाती है तो फिर विगत वर्षों के दौरान दोनों देशों के मध्य आर्थिक और रणनीतिक संबंधों के जो नए दरवाजे खुल गए हैं, वो पुनः बंद हो जाएंगे।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में साथी खो देगा अमेरिका

भारत-अमेरिकी परस्पर संबंधों में शानदार उभार देखा गया है, वो भी खाक़ में मिल जाएगा। परस्पर व्यापार सम्बन्ध को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। इस क्षेत्र में यदि चीन के विस्तारवाद पर लगाम कसनी है और ताइवान को सुरक्षित रखना है तो फिर राष्ट्रपति ट्रंप को भारत के प्रति अपनी नीति में बुनियादी परिवर्तन करना होगा। क्या अमेरिका को भारत वस्तुतः ब्राजील और चीन की तल्ख भाषा में सख्त प्रतिउत्तर दे सकता है? नहीं, क्योंकि भारत अपनी संतुलित विदेश नीति के तहत अमेरिका से अपने आर्थिक और कूटनीतिक संबंध कदापि खराब करना नहीं चाहता। किंतु डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने गहन ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है। भारत के लिए यह सोचना-विचारना तक असंभव है।

# अमेरिकी दबाव के आगे झुके नहीं भारत



ट्रेडनीति
डा. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच कारोबार और गहरी मित्रता की जिन चमकीली ऊंचाइयों की उम्मीदें की जा रही थी, वे ट्रंप के द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के ऐलान के बाद चकनाचूर हो गई हैं। इतना ही नहीं ट्रंप ने दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्रायः बताते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था उसी तरह गर्त में चली जाएगी, जैसे भारत के पुराने दोस्त रूस की अर्थव्यवस्था गर्त में गई है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित 70 देशों पर व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए 10 से 41 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ सुनिश्चित किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि भारत हमारा मित्र है मगर हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि वहां काफी ऊंचा शुल्क है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों और कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, जबकि हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे।

उल्लेखनीय है कि इस समय जब अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर अंतिम दौर की चर्चा जारी है, जिसे फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच समझौते के तहत इसी वर्ष के अंत तक अंतिम रूप देने का निर्णय हुआ है। लेकिन अंतिम चर्चा के समय भारत देश के करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए कृषि और डेरी क्षेत्र में रियायत देने को तैयार नहीं है, ऐसे में अमेरिका ने भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए ऊंचे टैरिफ का ऐलान किया है। स्थिति यह है कि कुछ देशों ने ट्रंप की एकपक्षीय और भेदभाव भरी मांगों के सामने घुटने टेक दिए हैं और अमेरिका की मांगों को मानते हुए जहां ऊंचे टैरिफ को स्वीकृति दी है, वहीं अमेरिका में भारी निवेश का वादा किया है।

## भारत की आवश्यकताएं अलग

निश्चित रूप से ट्रंप ने जिस तरह दूसरे देशों को व्यापार समझौते के लिए मनाया, वैसा भारत के नजरिये से दिक्कतदेह हैं। भारत के लिए ऐसे किसी समझौते को मानना मुश्किल है। ऐसा इसलिए कि भारत की विकास और आजीविका संबंधी आवश्यकताएं अलग हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 11.6 फीसदी अधिक है जबकि इस दौरान आयात 45.7 अरब डॉलर रहा, जिससे अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा।

## टैरिफ से कई उद्योग प्रभावित होंगे

ट्रंप के द्वारा लगाए गए टैरिफ के मद्देनजर भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। वे सभी वस्तुएं और सेक्टर जिनका भारत निर्यात करता है उन कंपनियों पर बड़ा असर देखने को मिलेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत का वस्तु निर्यात वित्त वर्ष





2025-26 में 86.5 अरब डॉलर से 30 फीसदी घटकर वित्त वर्ष 2026 में 60.6 अरब डॉलर रह सकता है। इसी तरह वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारत पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और टैरिफ लगाए जाने से चालू वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में महद 0.30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। बार्कलेज ने कहा है कि घरेलू मांग पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था पर इस शुल्क वृद्धि का व्यापक असर पड़ने की आशंका नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था की अपेक्षाकृत बंद प्रकृति और घरेलू मांग पर निर्भरता इसे बड़े झटकों से बचाती है। इसी के साथ बार्कलेज ने उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं के चलते अंतिम शुल्क दर आगे चलकर कम होकर 25 प्रतिशत से नीचे आ सकती है। जहां ट्रंप के टैरिफ से भारत के उद्योग-कारोबार पर प्रतिकूल असर होगा, वहीं अमेरिका को भारत से अधिक नुकसान होने की आशंका है।

हाल ही में प्रकाशित भारतीय स्टेट बैंक की नई रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप टैरिफ का असर भारत की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक पड़ने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका में उच्च महंगाई, कमजोर डॉलर और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कमी का कारण बन सकता है। यह अमेरिका की खराब व्यापार नीति है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की छिपी हुई ताकतें खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी।

यद्यपि ट्रंप के नए टैरिफ से अमेरिका को भारत से निर्यात में कमी जरूर आएगी, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई असर इसलिए नहीं होगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की यह रणनीति सही है कि यदि झुक गए तो भविष्य में और भी दबाव पड़ सकता है तथा बार-बार घुटने टेकने पड़ सकते हैं। ऐसे में जनहित के मद्देनजर अब तक भारत ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता नहीं किया है। भारत ने ट्रंप की उस इच्छा को ठुकरा दिया है, जिसमें ट्रंप अन्य देशों के साथ भारत के रिश्तों पर वीटो चाहते हैं, यानी ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका तय करे कि भारत किसके साथ कैसे रिश्ते रखे। निश्चित रूप से अब भारत को अमेरिकी बाजारों को निर्यात करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में भारत को कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और भी बहिर्मुखी बनाना होगा। अच्छी बात यह है कि हाल ही में भारत ने महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार-समझौते (एफटीए) कर लिए हैं और उसे दोगुनी तेजी के साथ ऐसे अन्य समझौतों की दिशा में बढ़ना होगा। हमें पूर्व के अपने पड़ोसियों के साथ आर्थिक जुड़ाव का रास्ता दोबारा तैयार करना होगा।

## सीपीटीपी का हिस्सा बने भारत

भारत को व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी (सीपीटीपी) का हिस्सा बनने के लिए आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौती के बीच भारत अपने देश के करोड़ों लोगों के कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हितों के लिए दृढ़ता के साथ खड़ा रहेगा और ट्रंप की भेदभाव भरी मांगों के दबाव से दूर रहेगा। निश्चित रूप से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भारत के 140 करोड़ लोगों के विशाल बाजार और भारत के युवाओं की बढ़ती क्रयशक्ति के सामने कारोबारी ट्रंप भारत के साथ पारस्परिक व्यापार हितों के अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही अच्छे कारोबार समझौते से व्यापार का नया लाभप्रद दौर अवश्य आकार लेते हुए दिखाई देगा। बस भारत झुके नहीं।

# आर्थिक राष्ट्रवाद दिखाने का वक्त



आर्थिकी
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

गिद्ध के श्राप से गाय नहीं मरती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व रूस को मृत अर्थव्यवस्था कह भर देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। प्राचीन काल में भी जब अमेरिका का अस्तित्व भी नहीं था, तब भारत आर्थिक महाशक्ति था, वैश्विक निर्यात में 45 फीसदी योगदान करता था। मध्यकाल में भी भारत एक आर्थिक शक्ति था। दमनकारी व शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमत के दौर में जरूर भारत के आर्थिक हालात चरमराए, लेकिन आजादी के बाद से भारत उतरोत्तर प्रगति पथ पर है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है, जर्मनी को पछाड़ कर जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत की आर्थिक क्षमता व सामर्थ्य को लेकर ट्रंप या तो गफलत में हैं या शेखी बघार रहे हैं। अमेरिका में ट्रंप ने झूठ बोलने का रिकार्ड बनाया है और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

ट्रेड वार्ता जारी रहने के बीच एकतरफा मनमाना तरीके से 25 फीसदी टैरिफ भारत पर थोपने के बाद ट्रंप का भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनोमी कहना अमेरिकी पराभव को लेकर उनकी हताशा को दर्शाता है। ट्रंप अमेरिकी चुनाव के दौरान यूक्रेन व रूस जंग खत्म कराने की शेखी बघारते थे, युद्ध खत्म नहीं करा पाए। यूक्रेन को जलील किया तो यूरोप ने अलग राह पकड़ ली, ईरान को आंख दिखाई, कतर में जवाब मिला। ट्रेड को लेकर चीन को सबक सिखाने की बात कही थी, सबसे पहले ड्रैगन के सामने ही घुटने टेके। हकीकत तो यह है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था वर्ष 2008 की मंदी के बाद से कभी उबर ही नहीं पाई है। इन 17 वर्षों में अमेरिका की जीडीपी हमेशा ढलान पर हिचकोले खाती रही है, मौजूदा जीडीपी दर 2.8 फीसदी है।

## अमेरिका सबसे बड़ा कर्जदार

अमेरिका बेशक विश्व की नंबर एक इकॉनोमी है, लेकिन वह सबसे बड़ा कर्जदार भी है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप अमेरिकी अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने के वादे के साथ सत्ता में आए हैं, उन्हें टैरिफ बढ़ा कर आय बढ़ाना आसान रास्ता लग रहा है, लेकिन इस शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। यह न 60 के दशक का दौर है, न 80 के दशक का। 90 के दशक के बाद दुनिया बदल चुकी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था मुक्त व उदार हो गई है और अब वह बहुध्रुवीय है। इसलिए कोई भी देश न किसी एक देश पर निर्भर है और न ही कोई एक देश किसी दूसरे देश का कुछ बिगाड़ सकता है।

## भारत बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए ट्रंप का भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताना अनुचित है। ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत प्रमुख वैश्विक एजेंसियां भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रही हैं, ट्रंप का कथन एक और झूठ के सिवा कुछ नहीं है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ के 191 सदस्य देश हैं। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आईएमएफ ने डब्लूईओ रिपोर्ट में कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है व अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। आईएमएफ ने अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान 2023 में 2.9 फीसदी था, अमेरिकी जीडीपी दर उस वर्ष 2.54 फीसदी रही थी।। विश्व बैंक और पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का अनुमान 6.5 प्रतिशत है और 2026-27 के लिए 6.7 फीसदी है। पिछले महीने जारी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा था कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस साल छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में भारत की जीडीपी की विकास दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने जून में जारी एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के बाद भी गति मिल रही है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिका ने जिस व्यापार घाटा का हवाला देते हुए भारतीय आयातों पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की है, उसकी हकीकत भी आंकड़े में कुछ और है। भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा केवल 41 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो चीन के साथ 270 अरब डॉलर व वियतनाम जैसे छोटे देश के 113 अरब डॉलर से बहुत कम है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार 25 प्रतिशत शुल्क दवा, मुख्य रसायन, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा। ट्रंप शुल्क का भारत पर खास असर इसलिए भी नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा पहले ही अमेरिकी सरकार की तरफ से 'सेक्शन 232' के तहत दी जाने वाली छूट के दायरे में आता है। ऐसे में उन उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा।

## विविध बाजार विकल्प अपनाएं

भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन उत्पादों को भी आयात शुल्क से छूट प्राप्त है। इसलिए भारत को बिल्कुल नहीं झुकना चाहिए। भारत के सामने ब्रिटेन, यूरोप, मध्य-पूर्व एशिया, खाड़ी देश, रूस, अफ्रीकी देश, पूर्वी एशिया के बाजार के विकल्प खुले हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती घरेलू खपत से है, निर्यात से नहीं। अमेरिका के बुरे बर्ताव को भारत को अवसर के रूप में लेना चाहिए और विविध बाजार विकल्पों को अपना कर आर्थिक राष्ट्रवाद को मजबूत करना चाहिए। अमेरिकी दबाव में भारत को कृषि, खाद्यान्न व डेयरी क्षेत्र कतई नहीं खोलना चाहिए। अमेरिका की अनुचित मांगों को मानने की जरूरत नहीं है। ट्रेड डील के जरिये अमेरिका भारत को अपने कृषि व डेयरी उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बनाना चाहता है। जैसे उसने मैक्सिको व हैती को बनाया था। भारत को अपनी शर्तों पर अड़े रहना चाहिए।

# ‘महादेवी हथिनी’ की विदाई में उमड़े लोग, पूजा-पाठ के साथ दी गई ‘भावुक विदाई’

## कोर्ट के समक्ष पेश रिपोर्ट में बताया गया कि महादेवी गंभीर चोटों से पीड़ित, उसे एक बेहतर माहौल की जरूरत, जहां वह ठीक हो सके

एजेंसी ▶▶ कोल्हापुर

अलग खबर

कोल्हापुर की महादेवी हथिनी को गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा में स्थानांतरित कर दिया है। वह शिरोल तालुका के नंदनी स्थित जैन मठ की महादेवी हथिनी है। यह 1200 साल पुराना मठ है। इससे कोल्हापुर के नंदनी मठ के लोग भावुक हो गए और बड़ी संख्या में लोग विदाई देने के लिए इकट्ठा हुए। उनका कहना है कि वे केवल एक हथिनी नहीं थी, बल्कि 33 साल से उनकी धार्मिक संस्कृति का हिस्सा बनी, उसने कई जैन धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया, आस्था का एक प्रतीक बनीं। सुप्रीम कोर्ट ने महादेवी को कोल्हापुर के नंदनी गांव से अनंत अंबानी के वनतारा हाथी संरक्षण केंद्र में स्थानांतरित करने का फैसला सुनाया था। ग्रामीणों ने नंदनी मठ में हथिनी को पूजा-पाठ के साथ विदाई दी और कहा कि हम कानून का पालन करने वाले लोग हैं, इसलिए कोई विरोध नहीं है, लेकिन नागरिकों को तकलीफ हो रही है।

विरोध में कोल्हापुर के करीब 700 से भी ज्यादा गांवों में रिलायंस की मोबाइल सेवाओं का बहिष्कार किया गया



*सुप्रीम कोर्ट ने ‘महादेवी’ को कोल्हापुर के नंदनी गांव से अनंत अंबानी के वनतारा हाथी संरक्षण केंद्र में स्थानांतरित करने का फैसला सुनाया था, हालांकि लौटने की भी चर्चा है*

बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा हथिनी को गुजरात के वनतारा भेजने के निर्देश के बाद नंदनी के निवासियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद महादेवी हथिनी को वनतारा भेजा गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कोल्हापुर में रह रही बीमार हथिनी महादेवी को गुजरात के जामनगर में स्थित राधे कृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट में ट्रांसफर करने की अनुमति दी थी जो ट्रस्ट वनतारा पहल द्वारा समर्थित है और हाथियों की विशेष देखभाल के लिए जाना जाता है। कोर्ट के समक्ष पेश रिपोर्ट में बताया गया कि महादेवी गंभीर चोटों से पीड़ित है और उसे एक बेहतर माहौल की जरूरत है, जहां वह ठीक हो सके।

### वनतारा प्रबंधन ने भरोसा दिलाया

**महादेवी को वापस भेजने में सहयोग करेंगे**

महादेवी के महाराष्ट्र से गुजरात भेजे जाने के खिलाफ लोगों को आक्रोश सामने आया है। इस वजह से कोल्हापुर के करीब 700 से भी ज्यादा गांवों में रिलायंस की सेवाओं का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। महाराष्ट्र के मंत्री प्रकाश अबितकर ने कहा कि कोल्हापुर में एक बैठक में वनतारा के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे महादेवी को कोल्हापुर जिले के नंदनी में वापस लाने के प्रयासों में सहयोग करेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### पुलिस पर खूंखार डॉग छोड़ने वाला सट्टेबाज धराया

**जगदलपुर।** छग के जगदलपुर के जवाहर नगर वार्ड में सट्टा खिलाने वाले आरोपी को पकड़ना पुलिस के लिए लंबे समय से बड़ी चुनौती बन गया था। आरोपी ने घर में 4आक्रामक डॉग पाल रखे थे, जो पुलिस के पहुंचने पर हमला कर देते थे। डॉग वेलफेयर टीम की मदद से पुलिस ने घर में प्रवेश किया और आरोपी को दबोच लिया।



### जिम में वर्कआउट के दौरान अचानक मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पिंपरी चिंचवड कस्बे में एक 37 साल के शख्स की जिम में वर्कआउट के दौरान अचानक मौत हो गई। वह पानी पीने के लिए बैठ रहा था, तभी बेसुध होकर गिर गया। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गई। इसका सीसीटीवी फुटेज अब तेजी से वायरल हो रहा है।



### वाड्रा की बढ़ी मुश्किलें 28 अगस्त को पेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा समेत अन्य आरोपियों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की है।यह नोटिस प्री-कॉग्निजेंस (पूर्व संज्ञान) चरण में प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनना है।



### 51 साल के फेमस एक्टर कलाभवन की मौत

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इस समय मातम पसरा हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री के फेमस मिमिक्री आर्टिस्ट और एक्टर कलाभवन नवस की मौत हो गई है। इस खबर के सामने आने के बाद से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।बताया जा रहा है कि 51 साल के नवस को केरल के चोट्टानिकारा स्थित एक होटल में अचेत अवस्था में पाया गया था।



### दुर्ग में गिरफ्तार ननों को मिली कोर्ट से जमानत

**दुर्ग।** यहां से गिरफ्तार नन मामले में बड़ा अपडेट आया है। इस मामले में बेल एप्लिकेशन पर एनआईए कोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए उन्हें बेल ग्रांट कर दिया है। कल बिलासपुर एनआईए कोर्ट में इस मामले में सुनवाई पूरी हो गई थी और दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था।



---

## पटना में कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष को लिया आड़े हाथ

राजनाथ ने कांग्रेस नेता को दी चुनौती

# राहुल के पास अगर सबूतों का एटम बम है तो देर न करें, वे उसे तुरंत ही फोड़ दें


उन्होंने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में ‘वोट चोरी’ में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो ‘एटम बम’ की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। इसी पर राजनाथ ने ललकारा

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

इन दिनों विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में ‘वोट चोरी’ में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो ‘एटम बम’ की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उनके इसी बयान का जवाब शनिवार को पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल के पास सबूतों का एटम बम है तो उन्हें तुरंत इसे फोड़ देना चाहिए। पटना में एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। राजनाथ ने चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए राहुल की आलोचना की। राजनाथ ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा (‘इंडिया’ गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है।

### राजग और ‘इंडिया’ गठबंधन को बताया चौराहे के अलग-अलग रास्ते

सीएम नीतीश राज्य को पटरी पर लाए



#### संसद में भूकंप की बात बेकार साबित हो गई

राजनाथ ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खुद खतरे से दूर रहें। सिंह ने कहा कि देश को राहुल के पिछले बयानों की याद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने राहुल संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो वह एक बेकार बात साबित हुई।

#### चुनाव आयोग निर्विवाद ईमानदार कांग्रेस के हाथ खून से रंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए सम्मानित है। राजनाथ ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता। सिंह ने कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनकी अपनी पार्टी के हाथ खून से रंगे हैं, जिन्होंने 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी।

**नीतीश की तारीफ की**

राजनाथ ने बिहार में 20 साल के शासन के दौरान राज्य को पटरी पर लाने में मदद करने के लिए गठबंधन सहयोगी नीतीश कुमार की भी प्रशंसा की। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अब बदहाल नहीं रहा। ‘द इकोनॉमिस्ट’ जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पत्रिका, जिसने कभी इस राज्य को भारत का पिछलग्गू बताया था, अब इसके बदलाव का जिक्र कर रही है।

#### तेजस्वी के आरोप को चुनाव आयोग ने नकारा

## वे ड्राफ्ट मतदाता सूची में 416 पर देखें

राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि मेरा नाम मतदाता सूची में नहीं है। निर्वाचन आयोग ने तुरंत ही तेजस्वी के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि उनका नाम मतदाता सूची प्रारूप में है। आयोग ने एक मतदान केंद्र की सूची जारी की, जिसमें तेजस्वी का नाम 416वें नंबर पर उनकी तस्वीर के साथ मौजूद है। राजद नेता का दावा झूठा और तथ्यात्मक रूप से गलत है। आयोग ने यह भी बताया कि 1 अगस्त तक सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाने के लिए शून्य दावे और आपत्तियां दायर की हैं।




**बीएलओ का वेतन दोगुना बढ़ाया**

निर्वाचन आयोग ने कर्मचारियों के लिए बड़ी सौगात का ऐलान किया। आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया गया है। ईआरओ और एईआरओ को भी मानदेय देने का फैसला किया है। मतदाता सूची तंत्र में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी , सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी , बीएलओ पर्यवेक्षक और बूथ स्तरीय अधिकारी की भूमिका अहम होती है।

#### पटना डीएम ने तेजस्वी के दावों को किया खारिज एपिक नंबर में कोई बदलाव नहीं

पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने नेता प्रतिपक्ष के वोटर लिस्ट में नाम को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेजस्वी का नाम जिस बूथ पर पहले था, आज भी उसी बूथ पर कायम है। एपिक नंबर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

#### तेजस्वी बोले- मेरा नाम कटा

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू यादव के बेटे तेजस्वी ने पटना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 20 से 30 हजार नाम हटाए गए हैं। कुल मिलाकर लगभग 65 लाख यानी लगभग 8.5फीसदी मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग जब भी कोई विज्ञापन जारी करता था तो उसमें लिखा होता था कि इतने लोग स्थानांतरित हो गए हैं, इतने लोगों की मृत्यु हो गई है, इतने लोगों के नाम डुप्लीकेट हैं। अब चुनाव आयोग ने हमें जो सूची उपलब्ध कराई है, उसमें उन्होंने बड़ी चालाकी से किसी भी मतदाता का पता, बूथ संख्या और ईपीआईसी नंबर नहीं दिया है, ताकि हम यह पता न लगा सकें कि किन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।



#### आयोग का यह रवैया लोकतंत्र के लिए खतरनाक

तेजस्वी ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई और कहा कि वह चुनाव आयोग को आदेश दे कि किस बूथ पर किन किन लोगों का नाम काटा गया है? इसकी सूची जारी की जाए। साथ ही चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण भी मांगा जाए। उन्होंने संवैधानिक संस्था पर तानाशाही का आरोप लगाया और कहा कि इसने न तो विपक्ष की शिकायतों और सुझावों पर और न ही सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों पर कोई ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि आयोग का यह रवैया लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। इस व्यवस्था में निष्पक्ष चुनाव कैसे होगा? यह सोचने वाली बात है।

राहुल बोले

#### भारत में इलेक्शन सिस्टम खत्म हो चुका

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक बार फिर लोकसभा चुनाव 2024 में धांधली की बात दोहराई और दावा किया कि उनके पास इसके सबूत हैं। शनिवार को उन्होंने कहा कि भारत में इलेक्शन सिस्टम की पहले ही मौत हो चुकी है।

#### पार्टियां राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहीं: ललन



केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केंद्र सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि पूरी तरह से चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। कोलकाता में पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के मत्स्य अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर इस प्रक्रिया का राजनीतिक फायदा उठाने का आरोप लगाया।

---

### फडणवीस का राज ठाकरे के बयान पर पलटवार

## जो अर्बन नक्सल जैसा बर्ताव और कानून विरोधी ‘काम’ करेगा, वह तो जेल जाएगा

स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल को लेकर सियासी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में पेश किए गए स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने इस कानून पर सवाल उठाए, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ शब्दों में कहा कि यह कानून ‘राज ठाकरे जैसे लोगों के लिए नहीं’ है, बल्कि उनके लिए है जो ‘अर्बन नक्सल’ जैसे बर्ताव करते हैं। जो संविधानिक व्यवस्था को कमजोर करेगा, कार्रवाई तय है।

#### देश विरोधी सोच पर होगी कार्रवाई



फडणवीस ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलना नहीं है, बल्कि उन संगठनों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है जो ‘शहरी नक्सल’ की सोच से समाज को गुमराह करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी सरकार की आलोचना करने से नहीं रोका जाएगा, लेकिन यदि कोई सरकार गिराने या हिंसा फैलाने की कोशिश करेगा तो कानून अपना काम करेगा।

**विपक्ष और विशेषज्ञों ने अभिव्यक्ति पर खतरा बताया**

विपक्षी दल और मानवाधिकार कार्यकर्ता इस कानून को अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र पर हमला बता रहे हैं। कानून में कई धाराएं इतनी व्यापक हैं कि किसी भी बयान, लेख या विचार को ‘अवैध गतिविधि’ करार दिया जा सकता है।



### फर्जी एनकाउंटर केस में 5 पुलिसवाले दोषी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में विशेष अदालत ने 1993 में हुए एक फर्जी एनकाउंटर के मामले में 5 पूर्व पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया है। इस मामले में तरन तारन जिले के 7 लोगों की हत्या हुई थी। अदालत ने इन्हे आपराधिक साजिश, हत्या और सबूत मिटाने का दोषी पाया है। सजा का ऐलान 4 अगस्त को होगा। इसमें एसएसपी रिटायर्ड डीएसपी भी शामिल हैं।

### भाजपा विधायक हार्दिक के बागी सुर!

भूमिपूजन के बाद काम रुक गया

## गुजरात मुख्यमंत्री को लिखा पत्र- मेरी बात नहीं सुनी गई तो करूंगा आंदोलन

एजेंसी ▶▶ जयपुर

गुजरात की विरमगाम विधानसभा से भाजपा विधायक हार्दिक पटेल ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर कहा है कि सात महीने पहले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ था, लेकिन अब तक एक प्रतिशत काम भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लोग परेशान हैं और जनप्रतिनिधि के नाते उन्हें लोगों के साथ उपवास आंदोलन में शामिल होना पड़ेगा। हार्दिक पटेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विरमगाम शहर में ओवरफ्लो हो रही सीवर लाइन और लोगों के घरों में आ रहे गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की। उन्होंने भाजपा शासित विरमगाम नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अब उपवास आंदोलन में शामिल होना पड़ सकता है।



#### नगरपालिका विकास कार्य नहीं कर रही

पाटीदार अनामत आंदोलन के समय से सुर्खियों में आए हार्दिक पटेल अब विरमगाम विधानसभा से भाजपा विधायक हैं। हालांकि कई बार जनता के मुद्दों पर वह अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि नगरपालिका द्वारा जो कार्य होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। विकास कार्यों के टेंडर तो हो चुके हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है।

---

### सीएम सैनी ने गिल को शामिल कराया

## भाजपा ज्वॉइन करते ही नेता के घर पर एजेंसी का छापा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब में रणजीत सिंह गिल के भाजपा में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद विजिलेंस ब्यूरो ने शनिवार सुबह चंडीगढ़ में उनके घर और खरड़ से उनके कॉर्पोरेट दफ्तर पर छापा मार दिया। रणजीत सिंह गिल शिरोमणि अकाली दल में थे और उन्होंने शुक्रवार रात को ही पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। भाजपा गिल के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के द्वारा की गई इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और कहा है कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। पंजाब में भाजपा के अलावा कांग्रेस भी भगवंत मान सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाती है। गिल को शुक्रवार रात को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आधिकारिक आवास पर भाजपा में शामिल कराया था।



### पुणे में भड़की सांप्रदायिक हिंसा पर सख्त कार्रवाई

## 500 लोगों पर केस दर्ज, 17 गिरफ्तार और धारा 163 लागू

एजेंसी ▶▶ पुणे

जिले के दौंड तहसील स्थित यावत गांव में शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 500 से अधिक लोगों के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज की हैं। हिंसा और आगजनी की घटनाओं के सिलसिले में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार दोपहर एक युवक द्वारा सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के बाद गांव में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। इससे गुस्साए लोगों ने हिंसा करते हुए वाहनों और संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने और लाठीचार्ज करना पड़ा।

#### पुलिस ने शांति बनाने के लिए चौकसी और तैनाती बढ़ाई



**उपद्रवियों ने कई संपत्तियों में लगाई आग**

उपद्रवियों ने एक बाइक, 2 कारें, 1 धार्मिक ढांचा और 1 बेकरी को नुकसान पहुंचाया और उनमें आग लगा दी। पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए स्थिति पर नियंत्रण पाया और गांव में शांति बहाल की गई। पुलिस ने बताया कि जिस युवक ने धार्मिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट डाली थी, उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

**100 से अधिक की पहचान की**

मुताबिक यावत थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक हिंसा से जुड़े पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 4 केस 500 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज हैं जो हिंसा, आगजनी और संपत्ति नुकसान में शामिल थे। इनमें से 100 से अधिक की पहचान हो चुकी है और 17 को हिरासत में लिया गया है।

#### निषेधाज्ञा लगी और एसआरपीएफ तैनात

पुणे के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि पूर्व नियोजित साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि गांव में स्थिति अब नियंत्रण में है। बड़ी संख्या में पुलिस बल और राज्य आरक्षित पुलिस बल (एसआरपीएफ) की तैनाती की गई है। बीएनएस की धारा 144 और बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेश बिराढार ने कहा कि गांव में ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है और सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।



# नौकरी करने वाले न करें ये फाइनेंशियल गलतियां वर्ना पड़ सकता है पछताना

सुझाव | बिजनेस डेस्क

नौकरीपेशा लोगों के लिए वित्तीय स्थिरता हासिल करना महत्वपूर्ण होता है। लेकिन अनजाने में की गईं कुछ सामान्य गलतियां, बचत और भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। सैलरी बढ़ने के साथ खर्च बढ़ाना, क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल, बचत और निवेश को नजरअंदाज करना, इमरजेंसी फंड की कमी, और बजट न बनाना जैसी गलतियां आगे चलकर वित्तीय संकट का कारण बन सकती हैं। इन गलतियों से बचकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आइए इन पांच वित्तीय गलतियों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जानते हैं।

## सैलरी बढ़ने पर खर्च बढ़ाना

सैलरी बढ़ते ही लोग अक्सर अपने खर्चों को भी बढ़ा लेते हैं, जिसे 'लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन' कहा जाता है। महंगे गैजेट्स, लग्जरी आइटम्स या बार-बार बाहर खाने जैसे फालतू खर्चे आपकी बचत को खत्म कर सकते हैं। इसका समाधान यह है कि अपनी बढ़ी हुई सैलरी का कम से कम 50 फीसद हिस्सा बचत या निवेश में लगाएं। उदाहरण के लिए, अगर आपकी सैलरी में 10,000 रुपये की वृद्धि होती है, तो कम से कम 5,000 रुपये को बचत खाते, म्यूचुअल फंड या अन्य निवेश विकल्पों में डालें।

## क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल

सैलरी बढ़ने के साथ कई लोग क्रेडिट कार्ड ले लेते हैं और हर छोटी-बड़ी खरीदारी के लिए इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। क्रेडिट कार्ड के चार्जेस, लेट फी, और ब्याज दरों की जानकारी न होने पर यह वित्तीय बोझ बन सकता है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग सीमित और सोच-समझकर करें। बिल समय पर चुकाएं और अनावश्यक खरीदारी से बचें। हमेशा अपने क्रेडिट कार्ड की शर्तों, जैसे वार्षिक शुल्क और ब्याज दर, को समझ लें ताकि आप अतिरिक्त खर्चों से बच सकें।

## बचत को नजरअंदाज करना

कई लोग सोचते हैं कि बचत और निवेश 30-35 साल की उम्र में शुरू करना चाहिए, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। पहली नौकरी से ही अपनी सैलरी का 20-30 फीसद हिस्सा बचत और निवेश में लगाना शुरू करें। उदाहरण के लिए, सिप (एसआईपी) के माध्यम से म्यूचुअल फंड में छोटी राशि से निवेश शुरू करें, जो लंबे समय में चक्रवृद्धि ब्याज के साथ बढ़ेगा। जल्दी शुरू करने से आपके पास रिटायरमेंट या बड़े वित्तीय लक्ष्यों के लिए पर्याप्त धन जमा हो सकता है।

## हेल्थ इंश्योरेंस की अनदेखी

इमरजेंसी फंड और हेल्थ इंश्योरेंस को टालना वित्तीय सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है। अप्रत्याशित खर्चों, जैसे मेडिकल इमरजेंसी या नौकरी छूटने की स्थिति, के लिए कम से कम 6 महीने का इमरजेंसी फंड जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, तो 3 लाख रुपये का फंड बनाएं। इसके अलावा, एक अच्छा हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लें, जो अस्पताल के खर्चों को कवर करे और आपकी बचत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण मददगार साबित होगा।

## बजट न बनाना

अगर आपको यह नहीं पता कि आपकी सैलरी कहां खर्च हो रही है, तो पैसा जल्दी खत्म हो सकता है। बिना बजट बनाए खर्च करना वित्तीय अनुशासन को तोड़ता है। बजट बनाकर अपने खर्चों को श्रेणियों में बांटें, जैसे किराया, किराना, बचत, और मनोरंजन। उदाहरण के लिए, 50-30-20 नियम का पालन करें। सैलरी का 50 फीसद जरूरी खर्चों पर, 30 फीसद इच्छाओं की पूर्ति करने पर और 20 फीसद बचत व निवेश के लिए आवंटित किया जाना चाहिए। बजट बनाने से आप अनावश्यक खर्चों को कम कर सकते हैं और अपने वित्तीय लक्ष्यों की ओर बढ़ सकते हैं।

## वित्तीय अनुशासन का महत्व

इन गलतियों से बचने के लिए वित्तीय अनुशासन अपनाना जरूरी है। नियमित रूप से अपनी आय और खर्चों की समीक्षा करें, और अपने वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे घर खरीदना या रिटायरमेंट प्लानिंग। छोटे-छोटे कदम, जैसे ऑटोमेटेड बचत खाता या एसआईपी , लंबे समय में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर आप निवेश के विकल्पों को समझने में नए हैं, तो वित्तीय सलाहकार की मदद लेना फायदेमंद हो सकता है।



**25 से 35% की दर से दे रहे हैं रिटर्न, इनकी रेटिंग भी हाई, अगर किसी एमएफ की स्कीम की टॉप रेटिंग है, तो फंड बेहतर विकल्प**

# निवेश के लिए सबसे सस्ते म्यूचुअल फंड, दिला सकते हैं बढ़िया रिटर्न

निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

**स्कीम का एक्सपेंस रेश्यो कम है तो आपके निवेश की लागत कम होगी**

*म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय जिन बातों का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए, उनमें उनका एक्सपेंस रेश्यो और रेटिंग भी है। किसी म्यूचुअल फंड स्कीम का एक्सपेंस रेश्यो कम होने का मतलब है कि आपके निवेश की लागत कम होगी। वहीं, म्यूचुअल फंड स्कीम का ट्रैक रिकॉर्ड और निवेश की रणनीति के आधार पर उसकी रेटिंग बनती है। अगर ये दोनों बातें पॉजिटिव हैं, यानी एक्सपेंस रेश्यो बहुत कम है और साथ में फंड को टॉप रेटिंग मिली है, तो इसका मतलब है कि वह फंड बेहतर विकल्प बन सकता है। अगर इसके बाद भी उनके प्रदर्शन को लेकर आशंका है तो हमने ऐसे 7 इक्विटी स्कीम की जानकारी दी है, जिनका एक्सपेंस रेश्यो कम है, रेटिंग मजबूत है और उन्होंने 5 साल की अवधि में हाई रिटर्न भी दिया है। चाहे लम्प सम हो या एसआईपी। आप भी इन पर विचार कर सकते हैं।*



### बंधन स्मॉल कैप फंड

बंधन स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.39 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 5 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 37.47 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 33.96 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.39%
- रेटिंग : 5 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 37.47% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 33.96% सालाना
- कुल एसेट्स : 12,982 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एडलवाइस स्मॉल कैप फंड

एडेलवाइस स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.42 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 35.10 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 29.52 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.42%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 35.10% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 29.52% सालाना
- कुल एसेट्स : 4,930 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 100 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एडेलवाइस फ्लेक्सी कैप फंड

एडेलवाइस फ्लेक्सी कैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.43 फीसदी है। इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 24.54 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 21.89 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.43%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 24.54% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 21.89% सालाना
- कुल एसेट्स : 2,802 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 100 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड

इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.44 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 5 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 35.01 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 31.47 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.44%
- रेटिंग : 5 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 35.01% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 31.47% सालाना
- कुल एसेट्स : 7,425 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 500 रुपये



### केनरा रोबेको लार्जकैप फंड

केनरा रोबेको लार्जकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.45 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 20.44 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 18.27 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.45%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 20.44% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 18.27% सालाना
- कुल एसेट्स : 16,617 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 5,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### जेएम फ्लेक्सी कैप फंड

जेएम फ्लेक्सी कैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.49 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 27.12 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 24.78 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.49%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 27.12% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 24.78% सालाना
- कुल एसेट्स : 6,144 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एलआईसी म्यूचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड

एलआईसी म्यूचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.50 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है. फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 33.78 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 32.20 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.50%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 33.78% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 32.20% सालाना
- कुल एसेट्स : 1,053 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 5,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 200 रुपये

**किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सोना डिमांड में रहेगा**

# 6 साल में 200% उछला सोना, अगले 5 वर्ष में सवा 2 लाख रु. का हो सकता है 10 ग्राम!

सर्राफा | बिजनेस डेस्क

*अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा।*

**1 सेफ एसेट के तौर पर जाना जाता है सोना, हर कोई करता है निवेश**

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में सोने की कीमत पिछले 6 साल में 200 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। मई 2019 में सोना 30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, लेकिन जून 2025 तक कीमत बढ़कर करीब 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई। इस साल की बात करें तो सोने की कीमतों ने 2025 में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 30 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। पिछले 6 साल पर नजर डालें तो एमसीएक्स पर सोने का भाव मई 2019 में लगभग 32,000 प्रति 10 ग्राम था। यह अब बढ़कर लगभग 97,800 प्रति 10 ग्राम हो गया है, यानि कि 200 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि।

अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा। लॉन्ग टर्म में संरचनात्मक रूप से ऊंची कीमतों के लिए माहौल अभी भी सपोर्टिव बना हुआ है। पोर्टफोलियो डायवर्सिफिकेशन में सोने का अहम रोल बरकरार है और आगे भी रहेगा। सोने के भविष्य की बात करें तो किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सेफ एसेट के तौर पर सोना डिमांड में रहेगा। साथ ही इसकी मांग के नए रास्ते भी खुल रहे हैं। जैसे कि कहा जा रहा है कि चीन बीमा क्षेत्र में कथित तौर पर अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का 1% सोने में लगा रहा है।



## 5 साल में कहां होगी कीमत

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक एक्सपर्ट का कहना है कि अगले 5 साल के दौरान सोने की कीमतों में शानदार तेजी जारी रह सकती है। भू-राजनीतिक तनाव और ट्रेड वॉर के चलते सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बनी रहने की उम्मीद है। पिछले 5 वर्षों में भारतीय बाजार में सोने का भाव 18% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आगे के 5 सालों के दौरान सोने की कीमतें 2,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं।

## कंसोलिडेशन का अनुमान

वहीं दूसरी ओर एक एजेंसी की गोल्ड स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा है कि सोने की कीमतें अब कंसोलिडेशन फेज यानि ठहराव के दौर में जा सकती हैं। आगे तेजी के लिए किसी बड़े और नए ट्रिगर की जरूरत होगी। अब ज्यादा स्पष्टता का इंतजार करना चाहिए या किसी निर्णायक ट्रिगर का, जो गोल्ड की कीमतों को फिर से पुश करे। इस बीच गोल्ड में कंसोलिडेशन यानी ठहराव का दौर रहेगा। रिपोर्ट में तेजी थमने के पीछे कई अहम कारण बताए गए हैं। जैसे कि इजराइल-ईरान और रूस-यूक्रेन के बीच भूराजनीतिक संघर्ष का असर हल्का पड़ना, टैरिफ वॉर में कमी, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें टलना, केंद्रीय बैंकों की ओर से धीमी खरीदारी और गोल्ड की कीमतें काफी समय से ऊंचे स्तर पर होना।



# स्टॉक मार्केट ऊंचाई पर हो तो बंद नहीं करें एसआईपी, संयम बरतें

बिजनेस डेस्क

जब शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है, तो कई निवेशकों के मन में सवाल आता है कि क्या अब सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) रोक देना चाहिए? उन्हें लगता है कि ऊंचे स्तर पर निवेश करने से रिटर्न कम मिल सकता है या घाटा हो सकता है। हालांकि, इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट की राय इसके ठीक उलट है। उनका कहना है कि ऐसा सोचना निवेश की मूल रणनीति के खिलाफ है और इससे लंबे समय में नुकसान हो सकता है। इसलिए जब बाजार ऊंचाइयों पर हो तो निवेशकों को संयम बरतना चाहिए। इससे वे लान्ग टर्म में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। ऐसे समय में निवेशकों को थोड़ा स्मार्ट और चूजी बन जाना चाहिए ताकि, आने वाले समय में परेशानी न हो। इसलिए निवेश बंद न करें और इंतजार करें। बाजार में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

## एसआईपीऔर डिप-बायिंग को साथ चलाना समझदारी

जानकारों का कहना है कि एसआईपी को रोकने की बजाय उसे जारी रखना चाहिए और अगर आपके पास अतिरिक्त रकम है, तो बाजार में गिरावट के दौरान उसमें लंबी अवधि के नजरिए से निवेश करना बेहतर रहता है। उनके मुताबिक, मासिक बचत एसआईपी के जरिए होनी चाहिए और अगर बाजार गिरता है, तो उसमें अतिरिक्त निवेश किया जा सकता है। इससे लॉन्ग टर्म में फायदा मिलता है। हालांकि, बाजार कब गिरेगा, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। डिप्स को पहचानना मुश्किल होता है, इसलिए निवेशकों के लिए बेहतर रणनीति यह हो सकती है कि वो लंप सम राशि को एसआईपी और डिप-बायिंग दोनों के लिए अलग-अलग हिस्सों में निवेश करें।

## 2025 में अब तक 1.12 करोड़ एसआईपी बंद

एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की शुरुआत से लेकर अब तक करीब 1.12 करोड़ एसआईपी अकाउंट बंद हो चुके हैं। इसका मतलब है कि बहुत से निवेशकों ने बाजार की ऊंचाई देखकर अपनी एसआईपी रोक दी है और बाजार गिरने पर दोबारा शुरू करने की सोच रहे हैं। एसआईपी को रोकना गलत कदम है। उनके मुताबिक, जब बाजार ऊंचा होता है, तो एसआईपी रोकना सही लग सकता है। लेकिन ये कदम फाइनेंशियल गोल्स को नुकसान पहुंचा सकता है। एसआईपी का फायदा यही है कि ये आपको समय पर और बिना भावनाओं के निवेश करने में मदद करता है। भारतीय बाजार ने पिछले 10 सालों में कई बार नई ऊंचाइयां देखी हैं और हर बार वह और ऊपर गया है। अगर लोग हर बार एसआईपी रोकते, तो वे बड़े फायदे से चूक जाते।

## उलटी सोच हो सकती है एसआईपी रोकना

एसआईपी को रोकने के फैसले को 'काउंटरइंट्यूटिव' यानी आम समझ के खिलाफ मानते हैं। उनका कहना है कि इतिहास यही बताता है कि जो निवेशक लगातार निवेश करते हैं, वो ज्यादा फायदा कमाते हैं। बार-बार एग्जिट और एंट्री करने से फायदा नहीं होता। वो कहती हैं, एसआईपी का मकसद ये है कि आपकी हर महीने की बचत बाजार में लगती रहे। अगर इसे नियमित और अनुशासित तरीके से किया जाए तो कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है। लेकिन कई बार लोग बाजार के मूवमेंट को देखकर एसआईपी बदलने लगते हैं, जो सही नहीं है।

# इंस्टाग्राम रील वाली फाइनेंशियल प्लानिंग के साइड इफेक्ट गहरे

सतर्कता | बिजनेस डेस्क

**इंस्टाग्राम पर दिखने वाले फाइनेंशियल रूल्स सुनने में आसान और रोचक जरूर हैं**

हमेशा पैटर्न यानी ढर्रे पर काम करना बेहद अच्छा होता है चाहे वह वह जिंदगी से जुड़ा हो, काम हो या पैसे से जुड़ा मामला। शायद इसी वजह से कुछ खास नियम हमेशा याद रखने चाहिए। वैसे हम सभी के साथ ऐसा होता है। पहला पैसा से जुड़ा नियम जो तुरंत समझ आया, वह नियम है 72 का नियम। यह बहुत ही सीधा और सरल होता है। आप 72 को उस ब्याज दर से भाग देते हैं जो आपको निवेश पर मिल रही है, और जो संख्या आएगी, वह बताएगी कि आपके पैसे को दोगुना होने में कितने साल लगेंगे। उदाहरण के लिए, अगर आपका निवेश 15 प्रतिशत रिटर्न दे रहा है, तो आपका पैसा लगभग 5 साल में दोगुना हो जाएगा। सीधा है ना? यही कारण है कि यह नियम हमेशा ज़ेहन में रहता है। लेकिन आपको पता है, पिछले 3 से 4 सालों में बहुत सारे ऐसे नियम ऐसे आएं है जो चौकाने वाले हैं। जैसे रील्स, इन्फोग्राफिक्स, न्यूज़लेटर में लेकिन उनमें से एक भी मेरे दिमाग में टिक नहीं पाया जैसे रूल ऑफ 72 था। सच कहें तो बहुत सारे नंबर और फॉर्मूले सामने आ गए हैं।

## इंस्टाग्राम फाइनेंस

जानकारों का कहना है कि शायद यही कारण था कि 2016 के आसपास जब इंस्टाग्राम फाइनेंस की शुरुआत हुई, तो वह बहुत तरोताजा और नया लगा। तब लोग ऐसे मनी टिप्स शेयर कर रहे थे जो सरल और अपनाने लायक लगते थे। मुझे आज भी याद है मैंने सोचा था 'ये नियम तो वाकई समझ में आते हैं।' इंटरनेट सस्ता और तेज हो गया था। क्रिएटर्स की रचनात्मकता के कारण फाइनेंस अब आम लोगों तक पहुंचने लगा था। 2019 से 2021 के बीच कुछ फाइनेंस क्रिएटर्स के साथ काम किया और उनके लिए ऐसे स्क्रिप्ट्स भी लिखे जो पर्सनल फाइनेंस को आसान और समझने लायक बनाते थे। कुछ पोस्ट वायरल भी हुए। कुछ टिप्स काफी स्मार्ट लगे। लेकिन फिर धीरे-धीरे मुझे एक बात खटकने लगी। ये सब दिखने में तो बहुत प्रैक्टिकल थे, लेकिन असल जिंदगी में ये ज़्यादातर काम नहीं करते थे।

## नियम चले सोशल मीडिया पर, ज़िंदगी में नहीं

सोशल मीडिया पर फाइनेंस की बातें एक संरचना देती हैं। लोगों को लगता है कि एक निश्चित तरीका है, जिससे सब ठीक हो जाएगा। पैसे को लेकर लोग अस्थिरता और चिंता रखते हैं। तो जब कोई कहता है इस एक नियम को फॉलो करो और कंट्रोल आप के हाथ में हो जाएगा, तो यह तुरंत राहत देता है। यह मानसिक रूप से उस स्थिति से जुड़ता है, जिसे साइकोलॉजी में कॉग्निटिव क्लोजर कहते हैं। यह उस मनोवैज्ञानिक झुकाव को दर्शाता है, जिसमें हमारा दिमाग स्पष्ट उत्तर से बेहतर महसूस करता है, भले ही वह उत्तर बहुत सरलीकृत ही क्यों न हो। एक और विचार है नियंत्रण का भ्रम सिर्फ इक नियम फॉलो करने से जैसे किसी विशेष प्रतिशत बचाना या केवल एक तय खर्च श्रेणी के भीतर रहना, लोग सोचते हैं कि वे जीवन पर नियंत्रण कर रहे हैं। यह एहसास, चाहे अस्थायी ही सही, सील अनुभूति देता है। लगता है आप सही दिशा की ओर बढ़ रहे हैं।

## बुनियादी सच भूल रहे नियम

आपके खर्च हर महीने साफसुथरे प्रतिशत की तरह व्यवस्थित नहीं होते। आपकी आमदनी एक समय स्थिर हो सकती है और फिर बदल सकती है। परिवार की जिम्मेदारी आ सकती है। किराया बढ़ सकता है। कोई स्वास्थ्य समस्या रुकावट ला सकती है। या कभी-कभी आपको बस ब्रेक की जरूरत हो सकती है। 500 प्रतिदिन बचाएं या 503020 वाला बजट विभाजन जैसे नियम इन बदलावों के लिए जगह नहीं छोड़ते। ये ऐसे बनाए गए हैं मानो जीवन एक सीधी रेखा हो। एक और विचार है जिसे अक्सर सोचा जाता है। मोरल लाइसेंसिंग कभी व्यक्ति एसआईपी ऑटोमेट करने का नियम फॉलो करता है या कुछ हफ्तों तक बजट में रहता है, और फिर वही अच्छा महसूस करना उसे कहीं और ढील देने का बहाना दे देता है। यह मैं अच्छा कर रहा था, अब थोड़ा आराम का चक्र बनाता है। नियम समय-समय पर फिर से शुरू करने वाला जैसे ट्रेडमिल बन जाता है। ऍनकरिंग नामक एक असर होता है जहां कोई संख्या जैसे 30% या 500 एक मानक बन जाती है। यदि आप उस मानक पर नहीं ठहर पाते, तो ऐसा लगता है जैसे आप असफल हो गए हैं। भले आपके फैसले पूरी तरह से उपयुक्त हों, फिर भी आपको लगता है कि आप कुछ गलत कर रहे हैं। यह लगातार तनाव जोड़ता है और व्यक्ति वैध निर्णयों पर ही शक करने लगता है।

## क्या मदद कर सकता है

मेरे विचार में ज़्यादातर लोगों को एक और नया नियम नहीं चाहिए। इससे ज़्यादा मदद करती है कुछ आसान सवाल पूछना, जो आपकी जिंदगी की असल हालत को ध्यान में रखते हैं। मुझे हर महीने कितना चाहिए ताकि मैं स्थिर महसूस कर सकूं? इसमें किराया, बिल, राशन आदि शामिल हैं। जो बैंक बैलेंस देखते समय चुप्पी में आने वाले घबराहट को रोकते हैं। यह संख्या जानने से आपकी चिंता थोड़ी कम होगी, पूरी समस्या हल नहीं होती लेकिन राहत जरूर मिलती है। मैं अभी किस समस्या का हल ढूंढ़ रहा हूं। कुछ महीने आप बचत करना चाहते हैं, कुछ महीने घर की देखभाल करनी पड़ सकती है, कुछ महीने सिर्फ शांति की ज़रूरत होती है। आपकी पैसे की आदतें आपके जीवन के पड़ावों के अनुसार बदल सकती हैं और इसमें कोई गलत नहीं है। मैं क्या ऑटोमेट कर सकता हूं, बिना घबराए? चाहे 2,000 की एसआईपी हो या खर्च देखने के लिए हफ्ते में एक रिमाइंडर एक ऐसी चीज चुनें जो एक लय बनाने में मदद करे। जरूरी नहीं कि सब कुछ 500/दिन जैसा सख्त हो यह कोई जिम की मेंबरशिप नहीं है जिसे आप अगले हफ्ते भूल जाएं। सच्चाई यह है कि छोटे और लगातार प्रयास बेहतर काम करते हैं, बजाय पूर्णता और तनाव के। पैसा हो या जीवन, अभी कहानी बाकी है (जैसा एसआरके ने कहा था 'ओम शांतिओम' में) और आप ही तय करेंगे कि अगला दृश्य कैसा होगा।

# नेशनल बैंक ओपन टेनिस : फ्रिट्ज ने दिखाया दम, डायलो को मात देकर तीसरे दौर में पहुंचे, शेल्टन भी आगे बढ़े

## फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6- 4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3- 6, 6-3, 6-4 से हराया।

### बेन शेल्टन ने ब्रेंडन नकाशिमा को दी मात

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लाविियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।



### सेवास्तोवा से हारी जेसिका

दो बार की गत चैंपियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लाटविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया।

- अनास्तासिया का अगला मुकाबला जापान की नाओमी ओसाका से





### स्वियातेक का जीत का अभियान जारी

अन्य मैचों में विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी, जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### एआईजी महिला ओपनः दीक्षा ने कट में बनाई जगह

पोर्थकॉल (वेल्स)। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटते हुए एआईजी महिला ओपन में एक ओवर 73 का कार्ड खेला, जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर का कार्ड खेला था और अब दो दौर में वह इवन पार पर बनी हुई हैं। वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वह यहां छठी बार हिस्सा ले रही हैं लेकिन दूसरी दफा ही कट हासिल कर पाईं।


### प्लात्जमैन ओपनः नील्स मैकडोनाल्ड से हारे नागल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लात्जमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिए खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी।

### मैत्री मैच खेलने पर स्वीटी की नजरें

**उदयपुर।** एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए भारत को 12 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं और अनुभवी सेंटर-बैक स्वीटी देवी नगांगबाम का मानना है कि इन मुकाबलों से मिलने वाला अनुभव फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के उनके सपने को मजबूत करेगा। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज भारत को एक से 21 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए एशियाई दिग्गज टीमों जापान (सातवें), वियतनाम (37वें) और चीनी ताइपे (42वें) के साथ एक कठिन ग्रुप सी में रखा गया है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरुजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारत दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट, जायसवाल ने शतक लगाया

# जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने क्रॉली का विकेट गंवाया

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का लक्ष्य देने के बाद इंग्लैंड का 50 रन पर एक विकेट चटकाने में सफल रहा। भारत को श्रृंखला को 2-2 से बराबर करने के लिए और नौ विकेट की जरूरत है जबकि इंग्लैंड के सामने जीत के लिए और 324 रन बनाने की मुश्किल चुनौती है। दिन के आखिरी ओवर में मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (14) को बोल्ड का भारत को बड़ी सफलता दिलायी। इस समय बेन डकेट 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। क्रॉली के आउट होते ही दिन के खेल की समापन की घोषणा कर दी गयी। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तीन जीवनदान का फायदा उठाते हुए मुश्किल परिस्थितियों में (118) की शतकीय पारी खेली। उन्होंने आकाशदीप (66) के साथ तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। कप्तान शुभमन गिल और करुण नायर के सस्ते में आउट होने के बाद वाशिंगटन सुंदर (53) और रविंद्र जडेजा (53) ने अर्धशतकीय पारियों से सुनिश्चित किया की मैच पर भारत का दबदबा बना रहे। ओवल में चौथी पारी में सफलतापूर्वक सबसे बड़ा लक्ष्य का पीछा 263 रन का है। ऐसे में इंग्लैंड को इस मैच को जीतने के लिए चौथी पारी में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करना होगा।



### जायसवाल ने की गावस्कर और शर्मा की बराबरी

यशस्वी जायसवाल का ये इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में चौथा शतक है, जिसके साथ ही वह अब रोहित शर्मा और सुनील गावस्कर के बराबर पहुंच गए हैं। भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर पहले नंबर पर हैं, जिसमें दोनों के बल्ले से 7-7 शतकीय पारियां देखने को मिली हैं। यशस्वी इस लिस्ट में संयुक्त रूप से अभी चौथे नंबर पर काबिज हैं, जिसमें उनसे आगे कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं।

### यशस्वी ने किया तेंदुलकर के रिकॉर्ड को ध्वस्त

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल के शानदार रिकॉर्ड का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उन्होंने सचिन तेंदुलकर के एक बड़े रिकॉर्ड को ओवल टेस्ट मैच के दौरान तोड़ने का काम किया। यशस्वी जायसवाल 23 साल की उम्र में अब भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यशस्वी जायसवाल की 23 साल की उम्र में ये 9वीं फिफ्टी प्लस रनों की पारी थी, तो वहीं सचिन ने 23 साल की उम्र तक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 8 फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी।

क्रिकेट

## आपसी तालमेल और विश्वास के कारण भारत की वापसी : प्रसिद्ध



एजेंसी ▶▶| लंदन

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी ईकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढ़त लेने दी।
प्रसिद्ध ने कहा, 'हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है।'
उन्होंने कहा, 'हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे। एक दूसरे के पास जाकर एक दूसरे को बताते रहेंगे कि क्या करना है। हम बहुत खुश है कि एक दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते रहे।' मोहम्मद सिराज ने 16-2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट चटकाए। प्रसिद्ध ने गेंदबाजों के तालमेल के बारे में कहा, 'हम काफी समय से साथ खेल रहे हैं और आईपीएल में भी मैं उसके साथ खेला हूं।

### रूट को चिढ़ाना रणनीति का हिस्सा : प्रसिद्ध

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 'अच्छे दोस्त' जो रूट के साथ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन हुई नोंकझोंक का पूरा मजा लिया और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के इस अनुभवी बल्लेबाज को गुस्सा दिलाना टीम की रणनीति का हिस्सा था। प्रसिद्ध और रूट के बीच तनाव के कारण अंपायरों को दखल देना पड़ा। आमतौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में चौके बाद प्रसिद्ध की टिप्पणी से खुश नहीं थे। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, 'यह छोटी सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की वजह से ऐसा हो जाता है। हम मैदान से बाहर अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की नोंकझोंक थी और हम दोनों ने इसका मजा लिया।'

भेंट किए तीन करोड़

## महाराष्ट्र सरकार ने ग्रैंडमास्टर दिव्या को पुरस्कार से नवाजा



एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया, जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं, जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं।

### मैं बच्चों के लिए प्रेरणा का हिस्सा बनी : दिव्या

दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।' उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपए का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

### सीजेआई गवई ने दिव्या से की मुलाकात



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। मुख्य न्यायाधीश अमरावती से हैं और दिव्या के दादा स्वर्गीय डॉ. केजी देशमुख कभी संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के कुलपति थे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उनके पिता और स्व.केजी देशमुख बहुत करीबी दोस्त थे। उन्होंने कहा, ' हम एक परिवार की तरह पले-बढ़े हैं। यहां आना मेरे लिए पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था। मैं 50-55 साल पीछे चला गया और मैंने फिर से सभी पुरानी यादों को ताजा किया। यह मेरे लिए लंबे समय के बाद सब से मिलने का यह शानदार मौका था। मैं यहां दिव्या को अपनी शुभकामनाएं देने आया हूं। उसने हम सभी को बहुत गौरवान्वित किया है।'

### स्कॉटिश चैलेंज : तलवार ने कट किया हासिल



**रॉक्सबर्ग (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने फार्मफूड्स स्कॉटिश चैलेंज में दूसरे दौर में एक ओवर 72 के कार्ड के साथ कट हासिल किया। आर एंड ए की ओर से समर्थित इस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर चार अंडर का है। वह संयुक्त 37वें स्थान पर है। तलवार दूसरे दौर के शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी लगाने के बाद अच्छी स्थिति में थे लेकिन वह 11 होल में बोगी और 16वें होल में एक ट्रिपल बोगी कर बैठे। स्पेन के क्विम विडाल ने दूसरे राउंड में छह अंडर 65 के स्कोर के साथ शीर्ष पर दो स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली।

### विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप ...



**सिंगापुर।** विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 800 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका की स्वर्ण पदक विजेता केटी लेडेकी (बीच में), उनके साथ ऑस्ट्रेलिया की रजत पदक विजेता लानी पैलिस्टर (बाएं) और कनाडा की कांस्य पदक विजेता पोडियम पर जश्न मानती हुई।

### साउथ जोन के कप्तान बने तिलक वर्मा, सलमान, साई किशोर, देवदत्त को मौका



**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से होगी और इसका फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से खेला जाएगा। बीसीसीआई की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में नार्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट और नार्थ-ईस्ट जोन की टीमें हिस्सा लेंगे और इस सीजन के सभी मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के इस सीजन के लिए साउथ जोन ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया और इस सीजन के लिए तिलक वर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है जबकि टीम के उप-कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन होंगे।

## 12 दिसंबर को पहुंचेंगे कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद भी जाएंगे

# एक दशक बाद भारत आएंगे मेस्सी, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉल प्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा, जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

मेस्सी इससे पहले 31 अगस्त 2011 को कोलकाता आए थे, जहां उन्होंने अर्जेंटीना टीम के साथ वेनेजुएला के खिलाफ मैच खेला था और 1.0 से जीते थे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा, ' सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का




इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आएगी।'

### कोलकाता में करेंगे अपनी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

कार्यक्रम के अनुसार मेस्सी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वह दो दिन और एक रात रुकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा, जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे, जहां दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा,' वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे, जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिए टिकट की न्यूनतम दर 3500 रुपए होगी। हमें उम्मीद है कि 68 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेस्सी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं।

### अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में लेंगे भाग

मेस्सी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे, जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिए वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि मेस्सी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा,' मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं होगा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा, जो उनके सफर का जश्न होगा।' इसके बाद वह भारतीय फुटबॉल टीम से बात कर सकते हैं।







## ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा, पहाड़ी का एक भाग मजदूरों पर कहर बनकर टूटा

# निर्माणाधीन बांध के पास भूस्खलन, 12 में से 4 मजदूर गंभीर रूप से घायल, उपचार जारी

**कार्य अस्थायी रूप से स्थगित किया**

घटना में घायल 12 लोगों में से 8 मजदूरों को प्राथमिक उपचार देने के बाद कैंप भेजा गया है जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को स्वामी विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी में उपचार किया जा रहा है। जबकि 1 गंभीर घायलों को मेडिकल कालेज श्रीनगर रेफर किया गया है। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत डैम साइट से सभी मजदूरों को हटाया गया है तथा कार्य अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है।

**एजेंसी ▸▸ देहरादून**

उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा हो गया है। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ के हेलंग में टीएचडीसी की ओर से निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के डेम साइट पर शनिवार को भूस्खलन हो गया। जिससे परियोजना निर्माण कार्य कर रहे 12 मजदूर घायल हो गए हैं। हादसा शनिवार सुबह 11 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डैम साइट पर लगभग 40-50 मजदूर कार्यरत थे। इसी दौरान लगभग सुबह 11:00 बजे अचानक पहाड़ी का एक भाग टूटकर गिर गया, जिससे कुल 12 मजदूर घायल हो गए।

### भरतपुर में बुजुर्ग दंपती की मौत, बीकानेर में दो मकान जमींदोज

राजस्थान में बारिश जानलेवा बन गई है। भारी बारिश के बीच शुक्रवार की देर रात भरतपुर के भुसावर स्थित दीवली के बौराज गांव में घर की पट्टियां धराशायी हो गईं। घर में सो रहे बौराज निवासी टुंडा राम मीणा (70) और उनकी पत्नी जग्गो देवी (60) दब गए। तेज आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बीकानेर के नोखा में बारिश के बाद दो मकान जमींदोज हो गए। 30 फीट गहरे गड्ढे में दोनों मकान धंस गए। घटना के बाद प्रशासन ने आसपास के 7 मकानों को खाली करा लिया है। घटना शहर रोड़ा रोड स्थित सिनेमा हॉल के पीछे की है।

**केदारनाथ यात्रा फिर शुरू**

### लेकिन पहले से ज्यादा पैदल चल कर पहुंचना होगा धाम

उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चल कर बाबा के धाम पहुंचना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुण्ड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है। पंवार ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुए स्थल पर वाहनों के



आवागमन शुरू होने तक श्रद्धालुओं को तकरीबन 22 किलोमीटर पैदल चलकर केदारनाथ धाम की यात्रा करनी होगी। बारिश होने की स्थिति में यहां पर आवागमन को अस्थायी तौर पर रोका जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सिंगल चार्ज में तय की 1205 किमी की दूरी

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी लुसिड मोटर्स ने दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। लुसिड की एयर ग्रांड टूरिंग मॉडल ने एक बार फुल चार्जिंग में 1,205 किमी की दूरी तय की, जिससे उसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली है। यह ड्राइव स्विट्जरलैंड के सेंट मोरिट्ज से शुरू होकर जर्मनी के म्यूनिख में खत्म हुई। इस नए रिकॉर्ड ने कंपनी के पहले रिकॉर्ड 1,045 किमी को 160 किमी से पीछे छोड़ दिया।

### पूर्व राष्ट्रपति को रिश्वत के जुर्म में 12 साल की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को गवाहों को प्रभावित करने और रिश्वत लेने के



एक मामले में 12 साल की नजरबंद की सजा सुनाई गई है। उरीबे ने कहा कि वह इस सजा के खिलाफ अपील करेंगे। यह सजा लगभग छह महीने से जारी रहे मुक़दमे के बाद सुनाई गई है और सुनवाई के दौरान अभियोजकों ने सबूत पेश किए कि उरीबे ने उन गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी जिन्होंने 1990 के दशक में एक अर्धसैनिक समूह से संबंध रखने का आरोप लगाया था।

## रूस के करीब न्यूक्लियर सबमरीन तैनात करने के बाद ट्रंप ने दिया बड़ा बयान

# कहा- रूस से परमाणु युद्ध के लिए तैयार हैं रूस बोला- हमारे निशाने पर भी पनडुब्बियां

**एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन**

मॉस्को के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बेहद सनसनीखेज बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका रूस के साथ परमाणु युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसी स्थिति में कोई भी जीतता है। ट्रंप ने यह बयान तब दिया, जब उन्होंने कुछ घंटों पहले रूस के करीब अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती कर दी।

ट्रंप के इस बयान के बाद रूस और अमेरिका के रिश्तों में और अधिक तनाव बढ़ने की आशंका है। इससे पहले ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा कि दिमित्री मेदवेदेव के 'बेहद भड़काऊ बयानों' के आधार पर उन्होंने उचित क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि बयान बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और कभी-कभी यह अनचाहे दुष्परिणामों की ओर ले जाते हैं, मैं आशा करता हूं कि मेदवेदेव के बयानों से ऐसा न हो।

> ट्रंप ने कहा कि हमें ऐसा करना ही था। हमें बस सावधान रहना होगा। धमकी दी गई थी। हमें लगा कि यह उचित नहीं है, इसलिए मुझे बहुत सावधान रहना होगा। मैं ऐसा अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कर रहा हूं। जब आप परमाणु शक्ति की बात करते हैं, तो हमें तैयार रहना होगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं

**रूस और अमेरिका के बीच बढ़ रहा तनाव**





### मेदवेदेव 'रूस का नाकाम पूर्व राष्ट्रपति'

बता दें, ट्रंप ने गुरुवार तड़के एक पोस्ट में दिमित्री मेदवेदेव को 'रूस का नाकाम पूर्व राष्ट्रपति' बताया था। इसके कुछ घंटे बाद दिमित्री मेदवेदेव ने जवाब देते हुए अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि रूस हर मामले में सही है और अपने रास्ते पर चलता रहेगा। इससे पहले मेदवेदेव ने लिखा कि ट्रंप रूस के साथ अल्टीमेटम गेम खेल रहे हैं। उन्हें दो बातें याद रखनी चाहिए। पहली यह कि रूस इजराइल या ईरान नहीं है और दूसरी यह कि हर नया अल्टीमेटम एक खतरा है और युद्ध की ओर ले जाने वाला एक कदम है। रूस और यूक्रेन के बीच नहीं, बल्कि उनके अपने देश (अमेरिका) के साथ।

### शांति पुरस्कार चाह रहे ट्रंप अब युद्ध की धमकी दे रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए जा रहे फैसलों से पूरी दुनिया के सभी देशों के नेता अचंभित हैं। ट्रंप की दबाव वाली राजनीति दुनिया के अधिकतर देशों को रास नहीं आ रही। शुक्रवार को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया भर में कई संघर्षों को समाप्त कराया है। कल नोबेल शांति पुरस्कार की मांग कर रहे ट्रंप आज युद्ध की बात करने लगे हैं जो समझ से परे हैं।

### अपने लोगों की सुरक्षा के लिए ऐसा कर रहा हूं

इससे पहले भी ट्रंप रूस के खिलाफ जंग के लिए तैयार होने का बयान दे चुके हैं। शुक्रवार को व्हाइट हाउस से रवाना होते समय ट्रंप ने कहा कि हमें ऐसा करना ही था। हमें बस सावधान रहना होगा। धमकी दी गई थी। हमें लगा कि यह उचित नहीं है, इसलिए मुझे बहुत सावधान रहना होगा। मैं ऐसा अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कर रहा हूं। जब आप परमाणु शक्ति की बात करते हैं, तो हमें तैयार रहना होगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं।

### हमारे पास पर्याप्त परमाणु पनडुब्बियांः रूसी सांसद

रूसी संसद ड्यूमा के एक सदस्य ने कहा है कि रूस का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भेजी गई दो अमेरिकी पनडुब्बियों से निपटने के लिए समुद्र में पर्याप्त रूसी परमाणु पनडुब्बियां मौजूद हैं। रूसी सांसद विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा कि दुनिया के महासागरों में रूसी पनडुब्बियों की संख्या अमेरिकी पनडुब्बियों से बहुत ज्यादा है और जिन पनडुब्बियों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भेजने का आदेश दिया है, वे लंबे समय से उनके नियंत्रण में हैं।

## कुलगाम में आतंकवादरोधी अभियान जारी



# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, हथियार जब्त

**एजेंसी ▸▸ जम्मू**

जम्मू के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस दौरान जिले के अखल इलाके में देर रात चली मुठभेड़ में जवानों ने अब तक दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा चलाया गया संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभियान अभी भी जारी है। सोशल मीडिया के एक्स एकाउंट पर एक पोस्ट में, भारतीय सेना की चिनार कोर ने कहा कि कुलगाम में रात भर रुक-रुक कर और तीव्र गोलाबारी जारी रही। सतर्क सैनिकों ने आतंकियों को गोलीबारी से जवाब दिया और आतंकी बचकर न निकल पाए, इसके लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी। कुलगाम में मारे गए एक आतंकी की पहचान हो गई है।

### सेना के शिविर के अंदर लावारिस ड्रोन

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में एक सैन्य शिविर के अंदर एक छोटा लावारिस ड्रोन मिला है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात कुछ सैन्यकर्मियों ने बाड़ी ब्राह्मण छावनी में शिविर के अंदर आपूर्ति डिपो के पास ड्रोन पड़ा देखा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ड्रोन का इस्तेमाल पास में ही एक विवाह समारोह के लिए किया गया होगा और वह नियंत्रण खोकर शिविर में गिर गया होगा। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन को जांच के लिए स्थानीय थाने को सौंप दिया गया है।

### एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद


देर रात मारे गए आतंकी का नाम हारिस नजीर डार था, जो पुलवामा के अंतर्गत राजपोरा का निवासी था। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक एके-47 राइफल, एके मैगजीन और ग्रेनेड सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। इससे पहले सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया था कि 30 जुलाई को पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलाबारी में एक आतंकी मारा गया था।

## कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक में नहीं, कलम में हैः मंत्री प्रधान



**श्रीनगर।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 'कश्मीर समस्या' का समाधान हिंसा में नहीं, बल्कि शिक्षा में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कश्मीर एक शिक्षित समाज है। प्रधान ने यहां एसकेआईसीसी में नौ दिवसीय चिनार पुस्तक महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक या लाठियों में नहीं, बल्कि कलम में है। कश्मीरी समाज एक शिक्षित समाज है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहाल हो रही हैं। स्थानीय व्यवसाय प्रगति कर रहा है।

## कोर्ट का आदेश, टेस्ला पीड़ितों को दे 2100 करोड़ का मुआवजा



**फ्लोरिडा।** टेस्ला की ऑटो ड्राइव कार के एक्सीडेंट के एक मामले में एलन मस्क की कंपनी को 243 मिलियन डॉलर (करीब 2,100 करोड़) का मुआवजा देना होगा। फ्लोरिडा के मियामी कोर्ट ने यह आदेश दिया है। मामला 2019 का है। फ्लोरिडा के लार्गो में टेस्ला की ऑटोपायलट वाली कार में खराबी के चलते दुर्घटना में 22 साल की नाइबेल बेनावाइड्स की मौत हो गई और उसका बॉयफ्रेंड डिलन एंगुलो गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में कंपनी ने कहा था कि ड्राइवर फोन चलाने में व्यस्त था। लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी। कोर्ट ने कहा कि टेस्ला का ऑटोपायलट सिस्टम खराब था और हादसे की जिम्मेदारी सिर्फ ड्राइवर की नहीं थी।

## आयरलैंड में भारतीयों पर हमले के बाद भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**भारतीय दूतावास का इमरजेंसी नंबर 08994 23734 किया जारी**

# सुरक्षा के लिए बरतें सावधानी सुनसान जगहों पर जाने से बचें

**एजेंसी ▸▸ डबलिन**

आयरलैंड में भारतीय नागरिकों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को एडवाइजरी जारी की। डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। दूतावास इस संबंध में आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। साथ ही आयरलैंड में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और सुनसान इलाकों में जाने से बचें। इसके साथ ही दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी भी शेयर की है। उन्होंने कहा कि डबलिन स्थित भारतीय दूतावास के इमरजेंसी नंबर 08994 23734 (मोबाइल) या cons.dublin@mea.gov.in पर ईमेल करें।



### 26 जुलाई को हुआ था हमला

*भारतीय दूतावास की यह एडवाइजरी 26 जुलाई को डबलिन में एक भारतीय नागरिक पर हुए हिंसक हमले के बाद आई है। घटना के बाद दूतावास ने बुधवार को कहा कि वह पीड़ित और उनके परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि डबलिन में हाल ही में एक भारतीय नागरिक पर हुए शारीरिक हमले के संबंध में दूतावास पीड़ित और उनके परिवार के साथ संपर्क में है। सभी आवश्यक सहायता दी जा रही है। दूतावास इस मामले में आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के साथ भी संपर्क में है।*

**अमेरिका ने सुरक्षा खतरे का दिया हवाला**

### कराची के होटलों में न जाएं अधिकारी

**कराची।** अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को मिली धमकी की रिपोर्ट के बाद, अमेरिका ने पाकिस्तान के कराची के आलीशान होटलों में अपने सरकारी कर्मचारियों के आने-जाने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक सुरक्षा अलर्ट में कहा कि कराची स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को कराची के आलीशान होटलों में खतरे की एक रिपोर्ट मिली है। सावधानी के तौर पर, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने इन होटलों में अमेरिकी सरकार के आधिकारिक कर्मचारियों के आने-जाने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग वर्तमान में अमेरिकी नागरिकों को आतंकवाद के खतरों और सशस्त्र संघर्ष की संभावना का हवाला देते हुए पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दे रहा है।



**ईडी की दो मामलों में बड़ी कार्रवाई**

# 'फर्जी' बैंक गारंटी मामले में कंपनी के एमडी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाइर की है। व्यापारिक समूहों के लिए 'फर्जी' बैंक गारंटी जारी करने वाला गिरोह संचालित करने के आरोप में ओडिशा की एक कंपनी के प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने रिलायंस समूह की एक कंपनी के लिए कथित रूप से 68 करोड़ रुपए की गारंटी भी दी गई थी। संघीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर स्थित 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' कंपनी के खिलाफ धन शोधन के इस मामले में छापेमारी शुरू की थी।



### फेरा उल्लंघन का मामला दर्ज

ईडी ने फेरा के कथित तौर पर उल्लंघन कर विदेश से 220 करोड़ रुपए प्राप्त करने के आरोप में केरल के एक धर्मार्थ संगठन के खिलाफ विदेशी मुद्रा उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। कासरगोड स्थित कुन्हाहमद मुसलियार मेमोरियल ट्रस्ट और उसके अध्यक्ष, एनआरआई इब्राहिम अहमद अली के खिलाफ जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109